RNI : JHAHIN/2014/54374
हिन्दी दैनिक
Rashtria Mukhyadhara
# राष्ट्रीय मुख्यधारा
राष्ट्रवादी चेतना प्रवर्त्तक
बोकारो, मंगलवार
03.3.2026
पृष्ठ : 12, मूल्य : 2/
वर्ष : 12, अंक : 133
https://rashtriyamukhyadhara.com/
mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159

राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित: देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !

# भारत-कनाडा के बीच 8 करार, 9 घोषणाएं व्यापार समझौते से जुड़े विषयों पर सहमति

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत और कनाडा के बीच सोमवार को हुई द्विपक्षीय वार्ता के बाद दोनों देशों ने आपसी सहयोग को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए। वार्ता के उपरांत कुल आठ समझौतों पर हस्ताक्षर हुए तथा नौ प्रमुख घोषणाएं की गईं, जिनका उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी को विस्तार देना है। वार्ता में भारत-कनाडा व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते के लिए विचारणीय विषय (टर्म ऑफ रेफरेंस) तय हुए। तकनीकी और नवाचार के क्षेत्र में भारत-कनाडा-ऑस्ट्रेलिया त्रिपक्षीय समझौता हुआ। भारत को यूरेनियम की आपूर्ति के लिए वाणिज्यिक अनुबंध किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के बीच सोमवार को दिल्ली के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता हुई। वार्ता के बाद दोनों नेताओं की उपस्थिति में रक्षा, शिक्षा, कृषि एवं नवाचार जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर हुए समझौतों का आदान-प्रदान किया गया। दोनों नेताओं ने इसके बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य दिया। इसमें प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के सहयोग को गति देने के लिए कार्नी की प्रशंसा की तो वहीं कार्नी ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की।



उन्होंने स्वामी विवेकानंद को उद्धृत किया और उनके प्रसिद्ध वाक्य की तर्ज पर कहा, "हम आगे बढ़ेंगे, हम तब तक नहीं रुकेंगे जब तक विकसित भारत 2047 और कनाडा स्ट्रॉन्ग के लक्ष्य हासिल नहीं हो जाते। विदेश मंत्रालय के अनुसार भारत-कनाडा के बीच रक्षा डायलॉग और संसदीय मैत्री समूह की स्थापना की जाएगी और भारत–कनाडा सीईओ फोरम का पुनर्गठन होगा। कनाडा ग्लोबल बायोफ्यूल्स अलायंस और इंटरनेशनल सोलर अलायंस में शामिल होगा। साथ ही भारत के सहयोग से कनाडा इंडियन ओशन रिम एसोसिएशन में डायलॉग पार्टनर के तौर पर भी शामिल होगा। मंत्रालय के अनुसार भारत में संयुक्त दाल प्रोटीन उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया जाएगा। वहीं कनाडा आगामी 17-30 मार्च तक होने वाले भारत जनजातीय उत्सव-2026 में भागीदारी करेगा।

विश्वविद्यालय कनाडा एक नई कनाडा-भारत संयुक्त योग्यता एवं नवाचार रणनीति लांच करेगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, हेल्थकेयर, एग्रीकल्चर और इनोवेशन जैसे क्षेत्र में यूनिवर्सिटी/इंस्टीट्यूशन के बीच 24 साझेदारी समझौते होना तय किया गया है। इसके अलावा ग्लोबलिंक रिसर्च इंटर्नशिप, महत्वपूर्ण खनिज सहयोग, नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने और सांस्कृतिक सहयोग पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए।

### भारत-कनाडा अपने व्यापार को 2030 तक 50 अरब डॉलर तक ले जाएंगे: प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली**। भारत और कनाडा 2030 तक अपना व्यापार 50 अरब डॉलर तक ले जाएंगे। दोनों देशों ने 'व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता' भी जल्द ही पूरा करने पर सहमति जतायी है। दोनों देशों के बीच सिविल न्यूक्लियर एनर्जी में दीर्घकालिक यूरेनियम आपूर्ति का ऐतिहासिक सौदा हुआ है। देश में भारत-कनाडा 'पल्स प्रोटीन उत्कृष्टता केंद्र' की स्थापना की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के बीच सोमवार को दिल्ली के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। वार्ता के बाद दोनों नेताओं की उपस्थिति में रक्षा, शिक्षा, कृषि एवं नवाचार जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर हुए समझौतों का आदान-प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने प्रेस वक्तव्य में मेहमान नेता की दोनों देशों के संबंधों को गति देने के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि जल्द होने जा रहा व्यापार समझौता दोनों देशों में व्यापार और निवेश को बढ़ावा देगा। अति आवश्यक खनिजों को लेकर हुए समझौते से सप्लाई मजबूत होगी। अंतरिक्ष क्षेत्र में दोनों के स्टार्टअप और बिजनेस आपस में जुड़ेंगे।

विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) पी. कुमारन ने कहा कि इस दौरे के पांच ठोस नतीजे मिले। पहला, सीईपीए के लॉन्च के ज़रिए एक टिकाऊ आर्थिक सहारा देने पर सहमति बनी। सीईपीए के लिए शर्तों पर साइन करने से 2026 के आखिर तक एक बड़ा, संतुलित और दोनों के लिए फायदेमंद समझौता करने का एक साफ रोडमैप मिलता है। कुमारन ने बताया कि नरेन्द्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री के बीच इज़राइल-ईरान संकट पर चर्चा हुई। भारत ने ईरान और खाड़ी क्षेत्र की स्थिति पर गहरी चिंता जताई तथा सभी पक्षों से संयम बरतने, तनाव न बढ़ाने और नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। संवाद और कूटनीति से समाधान पर जोर दिया गया।

# खामेनेई की मौत के बाद भी नहीं रुकेंगे हमले, हर हाल में लक्ष्य पूरा करेंगे : ट्रंप

एजेंसी। वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के खिलाफ जारी सैन्य अभियान को लेकर बेहद कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट कर दिया है कि यह कार्रवाई तब तक नहीं रुकेगी, जब तक अमेरिका अपने सभी निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त नहीं कर लेता। रविवार को सोशल मीडिया पर जारी एक बेहद चौंकाने वाले वीडियो संदेश में ट्रंप ने दावा किया कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो चुकी है। ट्रंप के इस बयान ने पूरी दुनिया में हलचल मचा दी है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी और इजरायली सेना ने मिलकर ईरान में रिवोल्यूशनरी गार्ड के ठिकानों, प्रमुख सैन्य प्रतिष्ठानों और एयर डिफेंस सिस्टम सहित सैकड़ों ठिकानों को सफलतापूर्वक निशाना बनाया है। इस साझा सैन्य अभियान का मुख्य उद्देश्य ईरान की युद्धक क्षमताओं को पूरी तरह ध्वस्त करना है। राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने संबोधन में ईरान की सेना और पुलिस बल को सीधे तौर पर चेतावनी देते हुए हथियार डालने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जो सैनिक आत्मसमर्पण करेंगे, उन्हें सुरक्षा दी जाएगी, लेकिन विरोध जारी रखने वालों को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। ट्रंप ने दो टूक शब्दों में कहा कि अमेरिका



किसी भी कीमत पर ईरान को परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देगा, क्योंकि वह विश्व शांति के लिए खतरा है। इस बीच, युद्ध के मैदान से दुखद खबर भी सामने आई है। अमेरिकी सेना ने पुष्टि की है कि ईरान की जवाबी कार्रवाई में तीन अमेरिकी सैनिकों की मौत हो गई है और पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। इन मौतों पर शोक जताते हुए ट्रंप ने स्वीकार किया कि इस संघर्ष में आगे और भी अमेरिकी सैनिकों की जान जा सकती है, लेकिन उन्होंने इसे एक न्यायपूर्ण मिशन करार दिया। उन्होंने साफ कहा कि सैनिकों की शहादत बेकार नहीं जाएगी और अमेरिका उनकी मौत का बदला जरूर लेगा। ट्रंप ने इस अभियान को आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक जंग बताया है। इस ताजा घटनाक्रम और अमेरिकी राष्ट्रपति के आक्रामक बयानों के बाद मध्य पूर्व में तनाव अपने चरम पर पहुंच गया है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक बड़े युद्ध की आशंका गहरा गई है।

### खामेनेई की मौत के बाद भारत के सभी राज्यों में हाई अलर्ट, दूतावासों की सुरक्षा बढ़ाई

**नई दिल्ली**। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की हत्या और उसके बाद हुए अमेरिकी-इजराइली हमलों के मद्देनजर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को हाई अलर्ट पर रहने का निर्देश दिए हैं। मंत्रालय ने कानून-व्यवस्था बिगड़ने की आशंका के चलते सभी सुरक्षा एजेंसियों को सतर्कता बरतने को कहा है। प्रो-ईरान और एंटी-ईरान गुटों की हर हरकत पर पैनी नजर रखी जा रही है। भारतीय धरती का इस्तेमाल किसी भी विदेशी गुट द्वारा युद्ध के मैदान के रूप में न हो, यह तय करने के लिए दिल्ली स्थित दूतावासों और संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा बढ़ा दी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सरकार ने अमेरिकी और इजरायली दूतावासों, वाणिज्य दूतावासों, यहूदी संस्थानों और विदेशी पर्यटकों के जमावड़े वाले स्थानों पर विशेष सुरक्षा तैनात करने का निर्देश दिया है। ईरानी सांस्कृतिक केंद्रों को भी सुरक्षा घेरे में लिया गया है। पुलिस को सीसीटीवी कवरेज बढ़ाने, विस्फोटकों की जांच करने और अफवाहों या फेक न्यूज को तुरंत रोकने के सख्त आदेश दिए हैं।

### अवकाश की सूचना



सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं और सहकर्मियों को रंगों का त्योहार होली की हार्दिक शुभकामनाएं। इस मौके पर तीन और चार मार्च (मंगलवार और बुधवार) को अखबार के दफ्तर में अवकाश रहेगा। अंतः आप अखबार का अगला अंक छह मार्च 2026 (शुक्रवार) से पढ़ पाएंगे।

-संपादक

## अमेरिकी मध्य कमान का दावा- ईरान में 1,000 से अधिक ठिकानों पर किए हमले



**वाशिंगटन/तेहरान**। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच अमेरिकी मध्य कमान (सेंटकॉम) ने दावा किया है कि दो दिनों के भीतर ईरान में 1,000 से अधिक सैन्य ठिकानों पर हमले किए गए हैं। इसी बीच इजरायल और लेबनान के उग्रवादी संगठन हिज्बुल्लाह के बीच रॉकेट और ड्रोन से वार-पलटवार शुरू हो गया है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद क्षेत्रीय तनाव और गहरा गया है। वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार सेंटकॉम ने रविवार को कहा कि दो दिनों के सैन्य अभियान में ईरान के भीतर 1,000 से अधिक लक्ष्यों पर हमले किए गए। इन लक्ष्यों में जहाज़, पनडुब्बियां, मिसाइल साइट, कम्युनिकेशन लिंक और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के कमांड-एंड-कंट्रोल सेंटर शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच शनिवार से शुरू हुए संघर्ष के दौरान ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई, जिसके बाद क्षेत्र में हालात और बिगड़ गए। सोमवार सुबह स्थानीय समयानुसार हिज़्बुल्लाह ने खामेनेई की हत्या का बदला लेने के लिए इज़राइल पर रॉकेट और ड्रोन हमले की जिम्मेदारी ली। इसके जवाब में इज़राइल ने दक्षिणी बेरूत और लेबनान के अन्य इलाकों में हवाई हमले किए। इज़राइल डिफेंस फोर्सेज़ ने कहा कि उसने ईरान-समर्थित उग्रवादी समूह के सदस्यों को निशाना बनाया। दक्षिणी बेरूत में कम से कम आठ धमाकों की आवाज़ें सुनी गईं, जिससे सड़कों पर अफरा-तफरी मच गई। कई लोग प्रभावित इलाकों से पलायन कर रहे हैं। इजराइल ने देश के दक्षिण और पूर्व में लगभग 50 शहरों को खाली करने की अपील की है, जो पिछले संघर्षों के दौरान जारी निर्देशों की पुनरावृत्ति है। इज़राइल ने रविवार को कहा कि उसने ईरान पर हमलों की एक और लहर शुरू की है, जबकि तेहरान ने इज़राइल और पूरे फारस की खाड़ी क्षेत्र में जवाबी कार्रवाई की। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि सैन्य अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक हमारे सभी लक्ष्य पूरे नहीं हो जाते। हालांकि उन्होंने इन लक्ष्यों का विवरण नहीं दिया। लगातार बढ़ते हमलों और जवाबी हमलों के बीच पूरे पश्चिम ऐशिया में बड़े क्षेत्रीय युद्ध की आशंका गहराती जा रही है।

# यूएई शेख के बाद पीएम मोदी ने नेतन्याहू से की फोन पर बात, फिर की बड़ी बैठक

एजेंसी। नई दिल्ली

मिडिल ईस्ट में गहराते युद्ध के संकट और ईरान के खिलाफ इजरायल व अमेरिका की संयुक्त सैन्य कार्रवाई के बीच भारत ने शांति स्थापना के लिए सक्रिय कूटनीतिक प्रयास शुरू कर दिए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बात कर युद्ध को तत्काल रोकने की अपील की है। शनिवार को शुरू हुई इस सैन्य कार्रवाई और ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद उपजे हालातों पर भारत ने गहरी चिंता व्यक्त की है। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि वर्तमान परिस्थितियों में नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि होनी चाहिए और हिंसा का रास्ता छोड़कर संवाद के जरिए समाधान निकाला जाना चाहिए। इधर नई दिल्ली में, युद्ध के गंभीर वैश्विक और रणनीतिक परिणामों का आकलन करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इधर नई दिल्ली में, युद्ध के गंभीर वैश्विक और रणनीतिक परिणामों का आकलन करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इस महत्वपूर्ण बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सहित देश के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से पश्चिम एशिया में फंसे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और युद्ध के कारण भारत की अर्थव्यवस्था व तेल आपूर्ति पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों की समीक्षा की गई। इजरायल के साथ-साथ प्रधानमंत्री मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से भी विस्तृत चर्चा की। प्रधानमंत्री ने यूएई पर हुए हालिया हमलों की कड़ी निंदा करते हुए मुश्किल घड़ी में भारत की एकजुटता प्रकट की। इन हमलों में एक भारतीय नागरिक समेत



### मध्य पूर्व तनाव : एयर इंडिया-इंडिगो समेत कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली**। ईरान, इजरायल और अमेरिका के टकराव से मध्य पूर्व में मची अफरा-तफरी का असर पूरी दुनिया में देखने को मिल रहा है। एयर इंडिया, इंडिगो सहित कई एयरलाइंस कंपनियों ने अपनी उड़ानें रद्द कर दी हैं। एक दिन पहले 11 देशों में हवाई क्षेत्र बंद होने की वजह से रविवार को भारत में 350 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गईं थीं। नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) एयरपोर्ट ने सोमवार को 'एक्स' पर जारी एक बयान में लिखा, "मध्यपूर्व में बदलते राजनीतिक हालात की वजह से पश्चिम की ओर जाने वाली अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में रुकावटें आ रही हैं और उनके शेड्यूल में बदलाव हो रहे हैं।" वहीं, कई उड़ानें रद्द होने के कारण आईजीआई एयरपोर्ट पर यात्री फंसे हुए हैं। उधर, कई उड़ानें रद्द होने से मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर यात्री परेशानी का सामना कर रहे हैं। एयर इंडिया ने क्षेत्र की बिगड़ती सुरक्षा स्थिति को देखते हुए मध्य पूर्व के सभी गंतव्यों के लिए अपनी उड़ानें अस्थायी रूप से निलंबित कर दीं हैं।

58 लोग घायल हुए हैं, जबकि तीन लोगों की जान चली गई है। प्रधानमंत्री ने यूएई में रह रहे भारतीय समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वहां के प्रशासन का आभार जताया और क्षेत्रीय स्थिरता की आवश्यकता पर बल दिया।

# राष्ट्रपति ने लखपति बिटिया, होली–दीपावली पर मुफ्त गैस सिलेंडर और सहेली पिंक स्मार्ट कार्ड योजना का किया शुभारंभ

एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को दिल्ली सरकार की लखपति बिटिया योजना, होली–दीपावली पर मुफ्त गैस सिलेंडर योजना, सहेली पिंक स्मार्ट कार्ड और 40,642 बेटियों के खातों में 100 करोड़ रुपये प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) हस्तांतरण का शुभारंभ हुआ। राष्ट्रपति ने यहां के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। सैनिक के रूप में वे देश की सीमाओं की रक्षा कर रही हैं। वैज्ञानिक के रूप में प्रयोगशालाओं में शोध कर रही हैं। खेल प्रतिस्पर्धाओं



में अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत का तिरंगा लहरा रही हैं। राजनीति, समाजसेवा, प्रशासन तथा व्यापार जगत– सभी क्षेत्रों में महिलाएं नई ऊंचाइयां छू रही हैं। इस अवसर पर दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केंद्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा, दिल्ली के कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा और डा. पंकज कुमार सिंह मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि महिलाओं को शिक्षित बनाना, उनका आत्मविश्वास बढ़ाना और उनको प्रोत्साहन एवं सहयोग देना, हम सबका कर्तव्य है। हमें अपनी बेटियों को यह विश्वास दिलाना है कि वे सपने देखने और उन्हें पूरा करने की क्षमता रखती हैं तथा हम उनके सपनों को साकार करने में उनके साथ खड़े हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि नई दिल्ली देश की राजधानी है। यहां देश के हर राज्य और क्षेत्र के लोग रहते हैं। यदि दिल्ली की महिलाएं सुरक्षित, शिक्षित, और आत्मनिर्भर होंगी, समाज के हर क्षेत्र में आत्मविश्वास के साथ नेतृत्व प्रदान करेंगी तब पूरे देश में सकारात्मक संदेश जाएगा। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज दिल्ली के इतिहास में नारी शक्ति के नाम एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया। यह केवल योजनाओं का शुभारंभ नहीं है। यह सम्मान का संकल्प है। यह विश्वास का विस्तार है। यह उस शक्ति का अभिनंदन है, जो हर घर की धुरी है, हर परिवार की ताकत है। उन्होंने कहा कि जब बेटी सशक्त होती है, परिवार सशक्त होता है। जब महिला आत्मनिर्भर होती है, समाज आत्मविश्वासी बनता है।

### इजरायल-ईरान जंग: संघर्ष में फंसे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित कर रही केंद्र सरकार

**नई दिल्ली**। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि केंद्र इजरायल-ईरान संघर्ष में फंसे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत है। केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार ऐसी स्थितियों में बचाव कार्य के लिए तत्पर है। बीती सरकारों ने इतनी व्यापक सहायता प्रदान नहीं की थी, जो अब विदेश मंत्रालय द्वारा विभिन्न देशों में स्थित अपने दूतावासों के माध्यम से दी जा रही है। इस बीच, ओडिशा के मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्रालय पश्चिम एशिया के संघर्ष क्षेत्र से फंसे भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। ओडिशा सरकार में मंत्री हरिचंदन ने कहा कि सरकार ने पूरी योजना बना ली है और निकासी प्रक्रिया तय समय पर चल रही है।

# विदेशी उच्च शिक्षण संस्थानों से भारत की नवोन्मेषी शिक्षा व्यवस्था से जुड़ने का आह्वान : धर्मेंद्र प्रधान

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने विदेशी उच्च शिक्षण संस्थानों (एचईआई) से भारत की तेजी से बढ़ती, नवाचार-आधारित और बहु-विषयक शिक्षा प्रणाली के साथ सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया है। प्रधान ने सोमवार को यहां सुषमा स्वराज भवन में शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित 'स्टडी इन इंडिया' एडु-डिप्लोमैटिक कॉन्क्लेव 2026 को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की शिक्षा प्रणाली में व्यापक परिवर्तन हो रहा है और यह वैश्विक साझेदारी के लिए तैयार है। इस सम्मेलन में 50 से अधिक देशों के राजदूतों, उच्चायुक्तों और कूटनीतिक मिशनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण, गुणवत्ता, नवाचार और सस्ती शिक्षा पर विशेष जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है और शिक्षा इस लक्ष्य की प्राप्ति का प्रमुख आधार है। प्रधान ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी ताकत उसका सशक्त ज्ञान पारिस्थितिकी तंत्र, युवा जनसंख्या और तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। 'स्टडी इन इंडिया' पहल के माध्यम से वैश्विक विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं के लिए नए अवसर सृजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जैव-प्रौद्योगिकी, सेमीकंडक्टर और सतत ऊर्जा जैसे क्षेत्रों



में भारत एक विश्वसनीय नवाचार साझेदार के रूप में उभर रहा है तथा 'ग्लोबल साउथ' मॉडल को आगे बढ़ा रहा है। इस अवसर पर उच्च शिक्षा सचिव डॉ. विनीत जोशी ने कहा कि पिछले छह वर्षों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने उच्च शिक्षा सुधारों को स्पष्ट दिशा दी है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा विदेशी विश्वविद्यालयों को भारत में परिसर स्थापित करने के लिए पारदर्शी और समयबद्ध नियामक ढांचा लागू किया गया है। सम्मेलन में भारतीय ज्ञान परंपरा, एसपीएआरसी और जियान के माध्यम से शैक्षणिक साझेदारी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं उन्नत प्रौद्योगिकी, विदेशी विश्वविद्यालय परिसरों के लिए यूजीसी विनियम 2023, अंतरराष्ट्रीय कौशल ढांचा तथा 'भारत इनोवेट्स 2026' जैसे विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।

# पश्चिम बंगाल की जनता ममता सरकार के कुशासन से त्रस्त: शिवराज सिंह चौहान

एजेंसी। कोलकाता

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था की स्थिति बद से बदतर हो चुकी है। राज्य की जनता ममता बनर्जी के कुशासन से त्रस्त है। मां, मानुष और माटी का नारा देने वाली तृणमूल कांग्रेस की सरकार में आज मां लहूलुहान है, माटी खून से सनी है और मानुष पीड़ित है। शिवराज ने यहां एक बयान में कहा कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) का मतलब उत्पीड़न, माफिया और भ्रष्टाचार है। उन्होंने कहा कि टी का मतलब टार्चर और ट्रेजेडी, एम का मतलब मनी, मर्डर और माफिया और सी का मतलब करप्शन, क्राइम और क्रूरता बन



गया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बहन-बेटियों पर अत्याचार और अन्याय बढ़े हैं। घुसपैठ और तुष्टीकरण की नीति ने बंगाल में दंगे भड़काए हैं। हिंदुओं को त्योहार मनाने के लिए अनुमति लेनी पड़ती है, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। तुष्टीकरण की राजनीति से गुंडों को बढ़ावा मिलता है। बंगाल की जनता अब यह सब और सहन नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में नौजवानों की नौकरियां भ्रष्टाचार ने छीन लीं। शिक्षक भर्ती घोटाले में हजारों युवाओं का भविष्य बर्बाद हुआ। नगरपालिका और स्थानीय निकायों की भर्तियों में भी घोटाले हुए। रोजगार के अवसर छीने गए और भर्तियों में बेईमानी की गई। जो अवसर बचे, वो भी घुसपैठियों को दे दिए गए। चुनाव से पहले बेरोजगारी भत्ता सिर्फ एक नाटक है लेकिन नौजवान अब इनके बहकावे में नहीं आएंगे। युवाओं ने अब बंगाल में परिवर्तन का मन बना लिया है। शिवराज ने कहा कि टीएमसी में एक नहीं, कई शेख शाहजहां जैसे लोग हैं। जो बहन और बेटियों की अस्मिता से खिलवाड़ करते हैं। महिलाओं की इज़्ज़त सुरक्षित नहीं है, यह चिंता का विषय है। अब बहनों के स्वाभिमान और सम्मान की रक्षा जरूरी है और भारतीय जनता पार्टी की सरकार यह सुरक्षा सुनिश्चित करेगी।

### नेपाल में आज से एक हफ्ते का सार्वजनिक अवकाश

**काठमांडू**। नेपाल में आज से एक सप्ताह लंबी सार्वजनिक छुट्टी शुरू हो गई है। होली, प्रतिनिधि सभा निर्वाचन, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस और शनिवार को मिलाकर आज से लगातार सात दिन सार्वजनिक अवकाश रहेगा। नेपाल के पहाड़ी जिलों में आज सोमवार तथा तराई मधेश में मंगलवार को होली मनाने के लिए 2 और 3 मार्च दो दिनों का सार्वजनिक अवकाश है। इसके बाद 5 मार्च को होने जा रहे मतदान को लेकर सरकार ने तीन दिनों के राष्ट्रीय अवकाश की घोषणा की है। मतदाता अपने शहर, गांव जाकर मतदान में सहभागी हो सकें और वापस अपने गंतव्य तक पहुंच जाए।

we will make your
Epaper & NEWS PORTAL
MAXIMUM PERFORMANCE
आपकी डिजिटल और प्रिंट पहचान एक ही प्लेटफ़ॉर्म पर
हम तैयार करते हैं:
✔ प्रिंट-रेडी ई-पेपर व न्यूज़लेटर (PDF अख़बार)
✔ साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक व त्रैमासिक पत्र/पत्रिका
✔ किताबों व रिपोर्ट की PDF
✔ ब्रोशर, फ्लायर, कैटलॉग व ई-सोवीनियर
✔ रिसर्च जर्नल व डॉक्यूमेंट सेटअप
✔ News Portal (Making to News Uploading)
किसके लिए:
• मीडिया हाउस
• संस्थान व स्कूल
• लेखक व कवि
• कार्यक्रम आयोजक
• शोधकर्ता
• Web Journalists/Publishers
PDF PRESS SERVICES
✔✔ क्यों चुनें ?
• प्रोफेशनल लेआउट • आकर्षक डिज़ाइन
• समय पर डिलीवरी • बजट फ्रेंडली पैकेज
• आपकी जरूरत के मुताबिक कस्टम काम
संपर्क करें आज ही
pdfpresssolutions@gmail.com +91 9288319159, 9576159316

RNI : JHAHIN/2014/54374
हिन्दी दैनिक
Rashtria Mukhyadhara
राष्ट्रीय मुख्यधारा
राष्ट्रवादी चेतना प्रवर्त्तक
https://rashtriyamukhyadhara.com/
mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159
बोकारो, मंगलवार, 03 मार्च, 2026



## संक्षिप्त समाचार

### रांची में 2-3 सितंबर को मतदाता पंजीकरण पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का होगा आयोजन



**रांची।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के. रवि कुमार ने घोषणा की है कि मतदाता पंजीकरण और मतदाता सूची विषय पर 2 और 3 सितंबर को रांची में एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। यह सम्मेलन झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय और झारखंड के मुख्य निर्वाचन कार्यालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सोमवार को निर्वाचन सदन में आयोजित प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने सम्मेलन की आधिकारिक वेबसाइट www.icvrvr.org और ब्रोशर का शुभारंभ भी किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आईआईएम रांची, एनयूएसआरएल रांची और सेंट जेवियर्स कॉलेज रांची इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में ज्ञान साझेदार के रूप में शामिल होंगे। ये संस्थान मिलकर शैक्षणिक और शोध सहयोग प्रदान करेंगे। के. रवि कुमार ने स्पष्ट किया कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य विभिन्न लोकतांत्रिक देशों, देश के विश्वविद्यालयों, शिक्षाविदों और चुनाव प्रबंधन विशेषज्ञों के विचारों को एकत्रित कर मतदाता पंजीकरण और मतदाता सूची से संबंधित विषयों पर एक व्यापक रिपोर्ट तैयार करना है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 21 से 23 जनवरी तक भारत मंडपम में आयोजित आईआईसीडीईएम अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र एवं चुनाव प्रबंधन सम्मेलन 2026 के दौरान झारखंड राज्य की ओर से मतदाता पंजीकरण और मतदाता सूची विषय पर प्रस्तुत व्याख्यान को अन्य देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों के प्रतिनिधियों ने सराहा था। प्रेस वार्ता में संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी सुबोध कुमार, प्रशिक्षण नोडल अधिकारी देव दास दत्ता, उप निर्वाचन अधिकारी धीरज ठाकुर, आईआईएम रांची के सहायक प्रोफेसर डॉ. सुभ्रा रजत बलबंतरे, एनयूएसआरएल रांची के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. आनंदकुमार आर. शिंदे, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. बी.के. सिन्हा तथा सेंट जेवियर्स कॉलेज के सहायक प्रोफेसर डॉ. आशुतोष कुमार पांडे उपस्थित रहे।

### श्याम मित्र मंडल का होली उत्सव 03 और 04 को



**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल, रांची का होली उत्सव मंगलवार और बुधवार को हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका और महामंत्री गौरव मुरारका ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के तहत हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में सुबह 4.30 बजे पट खोला जाएगा, सुबह 05 बजे बाबा श्यामम को मंगला आरती, सुबह 05.45 श्रृंगार आरती, सुबह 06.15 बजे पट मंडल (पट बंद), शाम 07 बजे ग्रहण शुद्ध और रात 09.25 के बाद विशेष आरती होगी। वहीं बुधवार को सुबह 05.30 बजे मंगला पंच आरती और बाल भोग, सुबह 08.30 श्रृंगार पंच आरती और भोग और दोपहर 12.15 बजे शंख आरती और भोग लगाया जाएगा। वहीं सुबह 09 बजे से दोपहर 12 बजे तक श्रृंगार पंच आरती के बाद खाटू नरेश के साथ होली उत्सव मनाया जाएगा। इसके बाद दोपहर 12.30 बजे बाबा का पट मंगल,शाम 04.30 विशेष श्रृंगार के साक बाबा का दर्शन, शाम 07 बजे ग्वानल भोग और ग्वागल पंच आरती, रात 08 बजे भोग, रात 08.30 शयन पंच आरती और रात के 9.30 बजे पट मंडल होगा।

### महिलाओं ने पुष्प होली मनाकर दिया सामाजिक एकता का संदेश



**खूंटी।** रनिया प्रखंड के हरा सुकू गांव में सोमवार को महिलाओं की ओर से पुष्प होली का आयोजन उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। गांव की सभी महिलाएं एकत्रित होकर होली मिलन कार्यक्रम में शामिल हुईं और फूलों के माध्यम से एक-दूसरे को सम्मान और प्रेम का संदेश दिया। इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री मुसाफिर विश्वकर्मा ने कहा कि होली रंगों का पर्व है, लेकिन पुष्पों की होली समाज में सौहार्द और सम्मान को बढ़ाती है। उन्होंने कहा कि नारी कमजोर नहीं बल्कि शक्तिशाली है। महिलाएं यदि संगठित होकर जागरूक बनें, तो समाज और राष्ट्र दोनों सशक्त होंगे। उन्होंने महिलाओं से अपने व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाने और पड़ोसी गांवों तक आपसी संपर्क मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने होली के पौराणिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए भक्त प्रह्लाद और होलिका दहन की कथा का उल्लेख किया और कहा कि यह पर्व आसुरी शक्तियों पर सत्य की विजय का प्रतीक है। सेवा भारती के माध्यम से गांव-गांव में महिलाओं को सशक्त और ऊर्जावान बनाने की आवश्यकता पर भी उन्होंने बल दिया। कार्यक्रम में प्रखंड संयोजक राज किशोर सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे। गांव की महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को सफल बनाया।

### श्री राधाकृष्ण प्रणामी मंदिर में धूमधाम से मना अन्नपूर्णा महाप्रसाद



**रांची।** प्रणामी ट्रस्ट की ओर से संचालित श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में सोमवार को धूमधाम से मंदिर का 255 वां अन्नपूर्णा महाप्रसाद भंडारा आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम स्वामी सदानंद महाराज के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। भंडारा, पवन कुमार की ओर से पिता योगेंद्र प्रसाद सिंह की प्रथम पुण्यतिथि पर परिवार की ओर से आयोजित किया गया। इस मौके पर श्री राधा रानी का विशेष श्रृंगार किया गया। दोपहर में पुजारी अरविंद कुमार पांडेय ने विधिवत भोग लगाया। महाप्रसाद में मसालेदार पुलाव, पूड़ी, आलू-चना सब्जी और केसरयुक्त खीर का वितरण किया गया। इस दौरान सैकडों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया और जबकि दिनभर भक्तों ने दर्शन किया। मुख्य अतिथि स्वामी सदानंद महाराज ने सेवा और भक्ति को जीवन का आधार बताते हुए अन्नपूर्णा सेवा को मानवता की सच्ची साधना कहा। भजन संध्या में मनीष सोनी और सज्जन पाड़िया ने भक्तों को झूमाया। सामूहिक महाआरती के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मौके पर डूंगरमल अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, विजय अग्रवाल, निर्मल छावनिका, सज्जन पाड़िया, पूरणमल सर्राफ, शिव भगवान अग्रवाल, संजय सर्राफ सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# कलम का सिपाही चला गयाः लाल किशोर महतो को भावभीनी श्रद्धांजलि

» प्रेस क्लब रामगढ़ में शोकसभा, दो मिनट का मौन रख दी गई श्रद्धांजलि
» पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति,उनकी कमी हमेशा खलेगी:बीरू कुमार

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**रामगढ़।** गोला के वरिष्ठ पत्रकार लाल किशोर महतो के आकस्मिक निधन से पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताते हुए प्रेस क्लब रामगढ़ में एक विशेष शोकसभा का आयोजन किया गया।

सभा में क्लब के पदाधिकारी, कार्यकारी सदस्य एवं बड़ी संख्या में पत्रकार साथियों ने भाग लेकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरुआत दो मिनट का मौन रखकर की गई, जिसमें दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। माहौल बेहद भावुक और गमगीन रहा।

**पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति,उनकी कमी हमेशा खलेगीःअध्यक्ष** -प्रेस क्लब के अध्यक्ष बीरेंद्र कुमार बीरू ने अपने संबोधन में कहा कि लाल किशोर महतो का असमय जाना पत्रकारिता जगत के लिए गहरा आघात है। उन्होंने निष्पक्ष, निर्भीक और जनपक्षीय पत्रकारिता के माध्यम से समाज में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई थी। अध्यक्ष ने कहा कि स्व महतो जी ने गोला क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं को प्रमुखता से उठाया और आमजन की आवाज को मंच प्रदान किया। उनका योगदान लंबे समय तक याद किया जाएगा।

**मिलनसार और मृदुभाषी व्यक्तित्व,सभी के प्रिय थे लालकिशोर महतोःधनेश्वर**-क्लब के सचिव धनेश्वर प्रसाद ने उन्हें याद करते हुए कहा कि वे अत्यंत मिलनसार, सरल और मृदुभाषी व्यक्तित्व के धनी थे। उनका व्यवहार सभी के साथ आत्मीयता से भरा रहता था। वे युवा पत्रकारों का मार्गदर्शन करते थे और सदैव सहयोग के लिए तत्पर रहते थे। सभा में उपस्थित अन्य वक्ताओं ने भी उनके साथ बिताए पलों को साझा करते हुए कहा कि उनका जाना व्यक्तिगत और पेशेवर दोनों ही स्तर पर बड़ी क्षति है।

**जनहित की पत्रकारिता के प्रतीक थे लालकिशोर महतो**-वक्ताओं ने कहा कि लाल किशोर महतो ने पत्रकारिता को केवल पेशा नहीं, बल्कि समाज सेवा का माध्यम माना। उन्होंने सच्चाई और ईमानदारी को अपनी ताकत बनाया। शोकसभा के अंत में सभी सदस्यों ने उनके अधूरे कार्यों और आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। साथ ही शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की गई। लाल किशोर महतो का निधन न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे पत्रकार समाज के लिए ऐसी क्षति है जिसकी भरपाई संभव नहीं है।

**इन्होंने किया शोक व्यक्त**-शोक व्यक्त करने वालो में प्रेस क्लब रामगढ़ के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार बीरू, उपाध्यक्ष प्रदीप राज बबलू, सचिव धनेश्वर प्रसाद, कोषाध्यक्ष दुर्वेज आलम, कार्यकारिणी सदस्य दिलीप सिंह, सुरेंद्र सिंह भाटिया, वरिष्ठ पत्रकार तरुण बागी अमित कुमार सिन्हा,धर्मेंद्र पटेल, ज्योति सिन्हा, देवांशु शेखर मिश्रा, राजेश्वर प्रसाद, अरविन्द वर्मा, जाकिर हुसैन, गोपाल गिरी, बबन राउत, वीरेंद्र कुमार, राकेश सोनी, नीट्टू सिंह सहित बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद थे।

## नाबालिग खुशी कुमारी के अपहरण का आरोप, पिता ने एसएसपी से लगाई गुहार

राष्ट्रीय मुख्यधारा





**रांची** : 16 वर्षीय खुशी कुमारी के अपहरण को लेकर मामला तूल पकड़ता जा रहा है। पीड़िता के पिता संतोष प्रसाद जायसवाल ने वरीय पुलिस अधीक्षक रांची को आवेदन देकर आरोप लगाया है कि 24 जनवरी 2026 को उनकी पुत्री खुशी कुमारी को स्कूल जाते समय विनय कुमार ने बहला-फुसलाकर अगवा कर लिया। विनय कुमार एलएनटी कंपनी में कार्यरत बताया गया है। उसी दिन शाम करीब चार बजे खुशी कुमारी के मोबाइल से फोन आया, जिसमें उसने केवल इतना कहा कि "मैं जा रही हूँ", जिसके बाद मोबाइल बंद हो गया।

घटना के बाद संतोष प्रसाद जायसवाल ने डोरंडा थाना में आवेदन दिया, जिस पर 25 जनवरी 2026 को कांड संख्या 24/26 दर्ज किया गया और मामले की जांच की जिम्मेदारी पुलिस सब इंस्पेक्टर पवन कुमार को सौंपी गई। शिकायतकर्ता के अनुसार, लगातार संपर्क के बावजूद पुलिस की ओर से अपेक्षित सक्रियता नहीं दिखाई गई। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान विनय कुमार के बिहार के नालंदा स्थित घर पर भी टीम गई, जहां घर बंद मिला।

बाद में 16 फरवरी को जांच अधिकारी के साथ पटना जिले के धनरूआ थाना क्षेत्र स्थित ओइयारा में विनय कुमार के मामा के घर भी तलाश की गई, लेकिन वहां भी दोनों का कोई पता नहीं चला। जांच के दौरान यह जानकारी सामने आई कि विनय कुमार और खुशी कुमारी के विवाह का दावा किया गया है और विवाह प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत किया गया, जिसमें लड़की की उम्र 20 वर्ष दर्शाई गई है, जबकि पिता के अनुसार उसकी वास्तविक उम्र 16 वर्ष है।

संतोष प्रसाद जायसवाल ने आरोप लगाया है कि नाबालिग को बालिग दिखाकर षड्यंत्रपूर्वक भगाया गया है और उपलब्ध दस्तावेजों के बावजूद अब तक लड़की की बरामदगी नहीं हो सकी है। उन्होंने प्रशासन से कानूनी कार्रवाई करते हुए अपनी पुत्री की शीघ्र बरामदगी की मांग की है। आवेदन की प्रतिलिपि आरक्षी महानिरीक्षक रांची और पुलिस महानिदेशक झारखंड को भी प्रेषित की गई है।

## तंबाकू बिक्री पर प्रशासन सख्त, छापेमारी में जुर्माना

राष्ट्रीय मुख्यधारा





**रांची** : अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची कुमार रजत के निर्देश पर लालपुर और सदर थाना क्षेत्र में तंबाकू एवं तंबाकू जनित पदार्थों के सेवन और बिक्री पर रोक को प्रभावी बनाने के लिए छापेमारी अभियान चलाया गया। गठित छापामार दस्ते ने सार्वजनिक स्थानों, शिक्षण संस्थानों, बार और लॉन्ज में औचक निरीक्षण कर सघन जांच की। अभियान का नेतृत्व टोबैको कंट्रोल सेल के डिस्ट्रिक्ट कंसलटेंट सुशांत कुमार ने किया, जबकि संबंधित थाना क्षेत्रों के पुलिस पदाधिकारियों और पुलिस बल ने सहयोग किया।

जांच के दौरान तंबाकू उत्पादों की बिक्री, प्रचार और सेवन से जुड़े नियमों का उल्लंघन पाया गया। दोषी पाए गए लोगों पर जिला प्रशासन ने दंडात्मक कार्रवाई करते हुए कुल 12 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। साथ ही उल्लंघनकर्ताओं को चेतावनी दी गई कि कोटपा संशोधन अधिनियम 2025 के तहत सार्वजनिक स्थानों, सरकारी दफ्तरों, अस्पतालों, शिक्षण संस्थानों, बार और रेस्टोरेंट में तंबाकू उत्पादों की बिक्री और प्रचार पूरी तरह प्रतिबंधित है।

छापामार दल ने स्पष्ट किया कि आगे भी ऐसे औचक निरीक्षण जारी रहेंगे और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## हॉस्टल में छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, जांच में जुटी पुलिस

राष्ट्रीय मुख्यधारा



गोलमुरी थाना क्षेत्र स्थित नेताजी सुभाष टेक्निकल ट्रेनिंग फाउंडेशन(एनटीटीएफ)के छात्रावास में रविवार देर रात एक छात्र के फंदे से लटकर खुदकुशी करने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान आदित्य सिंह के रूप में हुई है। वह मेकाट्रॉनिक्स शाखा का छात्र था और मूल रूप से बिहार के छपरा जिले का रहने वाला बताया जा रहा है। घटना की खबर मिलते ही संस्थान और छात्रावास परिसर में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जाता है कि आदित्य अपने कमरे में था। देर रात तक कमरे का दरवाजा नहीं खुलने और अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर साथियों को आशंका हुई। मामले की सूचना हॉस्टल प्रबंधन को दी गई, जिसके बाद पुलिस को बुलाया गया। गोलमुरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक प्रक्रिया के बाद कमरे का दरवाजा खुलवाया गया। अंदर छात्र का शव फंदे से लटका मिला। पुलिस ने घटनास्थल को सुरक्षित करते हुए कमरे को सील कर दिया और जांच शुरू कर दी है। फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, ताकि मौके से वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए जा सकें। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की आधिकारिक पुष्टि हो सकेगी। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला खुदकुशी का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस किसी भी संभावना से इनकार नहीं कर रही है। छात्र के मोबाइल फोन और अन्य व्यक्तिगत वस्तुओं की जांच की जा रही है। सहपाठियों और हॉस्टल प्रबंधन से पूछताछ कर यह जानने की कोशिश की जा रही है कि कहीं वह मानसिक तनाव, शैक्षणिक दबाव या किसी अन्य व्यक्तिगत कारण से परेशान तो नहीं था। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है और उनके जमशेदपुर पहुंचने का इंतजार किया जा रहा है। परिजनों के बयान और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## होली पर रांची के अस्पताल अलर्ट मोड में, इमरजेंसी सेवाएं 24 घंटे रहेंगी चालू, ओपीडी 4 मार्च को बंद

राष्ट्रीय मुख्यधारा




होली के दौरान संभावित दुर्घटनाओं और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को देखते हुए राजधानी रांची के अस्पताल अलर्ट मोड में हैं। अस्पताल प्रबंधन ने इमरजेंसी सेवाओं को पूरी तरह सक्रिय रखने का निर्णय लिया है, जिससे कि किसी भी आपात स्थिति में मरीजों को तुरंत इलाज मिल सके। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, इमरजेंसी वार्ड में पर्याप्त संख्या में चिकित्सकों और नर्सों की तैनाती की गई है। गंभीर मामलों से निपटने के लिए आवश्यक दवाइयों और जीवनरक्षक उपकरणों की व्यवस्था पहले से कर ली गई है। साथ ही ब्लड बैंक को अतिरिक्त रक्त उपलब्ध रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि दुर्घटना या अन्य गंभीर मामलों में रक्त की कमी न हो। होली के दौरान रंगों के अत्यधिक उपयोग और नशापान से जुड़ी घटनाओं की आशंका को देखते हुए डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की अतिरिक्त ड्यूटी लगाई गई है। प्रशासन का मानना है कि इस दौरान सड़क दुर्घटनाओं, झुलसने, आंखों में जलन, त्वचा संक्रमण और अन्य आपात स्थितियों के मामले बढ़ सकते हैं। सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने सोमवार को बताया कि होली के दिन इमरजेंसी सेवाएं पूरी तरह चालू रहेंगी, जबकि ओपीडी सेवाएं बंद रहेंगी। वहीं राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के डॉ. राजीव रंजन ने भी जानकारी दी कि रिम्स में होली के अवसर पर इमरजेंसी सेवाएं 24 घंटे उपलब्ध रहेंगी, लेकिन ओपीडी को 4 मार्च के लिए बंद रखा गया है। इसी तरह सदर अस्पताल रांची में भी 4 मार्च को ओपीडी सेवाएं बंद रहेंगी। हालांकि, मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इमरजेंसी वार्ड पूरी तरह क्रियाशील रहेगा। अस्पताल प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए डॉक्टर, नर्स और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों को ड्यूटी पर तैनात किया गया है। दरअसल,होली के दौरान कई लोग नशे की हालत में वाहन चलाते हैं, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। इसके अलावा केमिकल युक्त रंगों के कारण त्वचा संबंधी समस्याएं, आंखों में जलन या संक्रमण की शिकायतें सामने आती हैं। वहीं, होलिका दहन के दौरान लापरवाही बरतने से झुलसने की घटनाएं भी होती हैं। उक्त सभी संभावित खतरों को देखते हुए ही रांची के अस्पतालों ने व्यापक तैयारियां की हैं, ताकि त्योहार के दौरान किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में त्वरित और प्रभावी चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराई जा सके।

## पूर्वी सिंहभूम के बोड़ाम में विदेशी शराब दुकान का ताला तोड़कर 40 पेटी शराब व नकदी चोरी

राष्ट्रीय मुख्यधारा




जिले के बोड़ाम थाना क्षेत्र में रविवार देर रात अज्ञात चोरों ने थाना से महज आधा किलोमीटर दूर बाजार इलाके में स्थित एक विदेशी शराब दुकान में चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोर शटर का ताला तोड़कर लाखों रुपये मूल्य की शराब और नकदी लेकर फरार हो गए। घटना का खुलासा सोमवार सुबह करीब 10 बजे हुआ, जब पगदा निवासी सेल्समैन नेपाल महतो रोज की तरह दुकान खोलने पहुंचे। शटर टूटा देख वे हतप्रभ रह गए। अंदर जाकर देखा तो करीब 40 पेटी विदेशी शराब गायब थी, जबकि काउंटर में रखे लगभग एक लाख 80 हजार रुपये नकद भी चोरी हो चुके थे। उन्होंने तत्काल बोड़ाम थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। आसपास से साक्ष्य जुटाने का प्रयास किया गया। नेपाल महतो के लिखित आवेदन के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। नेपाल महतो ने पुलिस को बताया कि रविवार देर रात दुकान बंद कर वे घर चले गए थे। उसी रात बिजली आपूर्ति बाधित रही और दुकान का इनवर्टर भी खराब था, जिसके कारण सीसीटीवी कैमरे काम नहीं कर सके। इस वजह से वारदात की कोई फुटेज उपलब्ध नहीं हो पाई है। पुलिस अब बाजार क्षेत्र और आसपास लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि चोरों की पहचान की जा सके। स्थानीय लोगों के अनुसार देर रात एक संदिग्ध चार पहिया वाहन को दुकान के आसपास देखा गया था। पुलिस उस वाहन की पहचान और उसके मालिक का पता लगाने में जुटी है। थाना के समीप हुई इस चोरी की घटना से बाजार के व्यापारियों में दहशत है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

## रांची के रातू में जंगली हाथी का उत्पात, एक ग्रामीण की मौत, एक अन्य घायल

राष्ट्रीय मुख्यधारा



रांची के रातू थाना क्षेत्र स्थित चित्तरकोटा इलाके में सोमवार सुबह जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। हाथी के हमले में एक ग्रामीण की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान सुबोध खलखो के रूप में हुई है, जबकि घायल व्यक्ति रौशन खलखो है, जिसका पैर टूट गया है। रातू थाना प्रभारी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि हाथी के हमले से एक व्यक्ति की जान गई है और एक अन्य घायल है। जानकारी के मुताबिक, सोमवार सुबह चित्तरकोटा इलाके में एक जंगली हाथी को घूमते हुए देखा गया था। सूचना मिलते ही पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और हाथी को खदेड़कर जंगल की ओर भगा दिया। हालांकि, कुछ देर बाद हाथी फिर से रिहायशी इलाके में लौट आया और लोगों के बीच दहशत फैला दी। बताया जा रहा है कि हाथी अभी भी आसपास के क्षेत्र में भ्रमण कर रहा है, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। उल्लेखनीय है कि तीन दिन पहले भी रांची के हटिया इलाके में एक जंगली हाथी देखा गया था। वह काफी देर तक रिहायशी क्षेत्र में घूमता रहा था। बाद में वन विभाग की टीम ने उसे सुरक्षित जंगल की ओर खदेड़ दिया था। लगातार रिहायशी इलाकों में हाथियों की आवाजाही से लोगों में चिंता बढ़ गई है। वन विभाग के अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और हाथी दिखने पर तुरंत प्रशासन या वन विभाग को सूचना दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

RNI : JHAHIN/2014/54374
हिन्दी दैनिक
Rashtria Mukhyadhara
राष्ट्रीय मुख्यधारा
राष्ट्रवादी चेतना प्रवर्तक
https://rashtriyamukhyadhara.com/
mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159



# कसमार प्रखंड के पर्यावरणप्रेमी ट्री मैन जगदीश महतो की मनाई प्रथम पुण्यतिथि

» वन भवन परिसर में स्व जगदीश महतो की प्रतिमा स्थापित करने का निर्णय

राष्ट्रीय मुख्यधारा





**कसमार (बोकारो) :** कसमार प्रखंड के हिसीम स्थित वन भवन परिसर में सोमवार को ट्री मैन के नाम से प्रसिद्ध स्वर्गीय जगदीश महतो की प्रथम पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, वन सुरक्षा समितियों के पदाधिकारी, पर्यावरण प्रेमी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि जगदीश महतो ने अपने जीवन के लगभग चार दशक जंगलों और पर्यावरण की रक्षा को समर्पित कर दिए। उनका संघर्ष केवल पेड़ों को बचाने का नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करने का अभियान था। जिला परिषद उपाध्यक्ष बबिता कुमारी ने कहा कि आज जब पर्यावरण संकट वैश्विक चिंता का विषय बन चुका है, तब जगदीश महतो जैसे पर्यावरणप्रेमी का योगदान और भी अधिक प्रासंगिक हो जाता है। इस दौरान झामुमो नेता विनय कपूर, भाजपा नेता लक्ष्मण कुमार नायक, झारखंड आंदोलनकारी देवशरण हेंब्रम, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष दिलीप कुमार हेंब्रम, विधायक प्रतिनिधि मो शेरे आलम एवं केंद्रीय वन पर्यावरण सुरक्षा सह प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष विष्णुचरण महतो ने कहा कि उत्तरी छोटानागपुर क्षेत्र के जंगलों को बचाने में जगदीश महतो की भूमिका संघर्षपूर्ण व ऐतिहासिक रही है। वक्ताओं ने उनके जीवन को संघर्ष, साहस और निष्ठा की मिसाल बताया। कार्यक्रम में वन भवन परिसर में स्वर्गीय जगदीश महतो की प्रतिमा स्थापित करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान प्रतिमा स्थल का शिलान्यास भी किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय मुखिया बबीता देवी, पंचायत समिति सदस्य जगेश्वर मुर्मू, उमेश कुमार महतो, मनोज कुमार महतो, रामसेवक जायसवाल, परमेश्वर नायक, दिलीप कुमार महतो, सुनील कुमार महतो, डॉ जीतलाल महतो, उमेश कुमार जायसवाल, राजेश कुमार राय, सरोज महतो, सोमर महतो, राजेश्वर महतो, संजय महतो, नितेश करमाली, जगेश्वर हेंब्रम, जानकी राम महतो, श्रीकांत महतो, झरी राम महतो सहित काफी संख्या में अन्य लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### झारखण्ड +2 शिक्षक संघ बोकारो की ऑनलाइन परिचर्चा में शिक्षकों की भूमिका और महत्ता पर मंथन

**बोकारो :** झारखण्ड +2 शिक्षक संघ, जिला इकाई बोकारो द्वारा आयोजित एक विशेष ऑनलाइन परिचर्चा में शिक्षकों के सम्मान और उनकी महत्ता पर व्यापक मंथन किया गया। शिक्षक साधारण नहीं होता विषय पर केंद्रित इस परिचर्चा में जिले भर के शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने बहुमूल्य विचार साझा किए। परिचर्चा का मुख्य उद्देश्य समाज में शिक्षकों की बहुआयामी भूमिका को रेखांकित करना और उनके योगदान के प्रति आभार प्रकट करना था।

संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने शिक्षकों की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि उनकी भूमिका केवल किताबी ज्ञान देने तक सीमित नहीं है, बल्कि वे समाज के सबसे सम्मानित और प्रभावशाली लोगों में शामिल हैं, जो राष्ट्र के भविष्य को आकार देते हैं। सचिव डॉ. अवनीश कुमार झा ने शिक्षकों के सम्मान को संपूर्ण विश्व के सम्मान से जोड़ते हुए कहा कि उनकी जितनी भी प्रशंसा की जाए, वह कम है। वहीं, संरक्षक डॉ. अजय कुमार पाठक ने शिक्षकों को समाज का मेरुदंड करार दिया, जो समाज को स्थिरता और दिशा प्रदान करते हैं।

परिचर्चा के दौरान शिक्षकों के बहुमुखी योगदान पर चर्चा की गई। उपाध्यक्ष कौशल कुमार मुखर्जी ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में शिक्षकों की महती भूमिका पर जोर दिया। प्रांतीय गुणात्मक शिक्षा समिति सदस्य धनंजय कुमार ने कहा कि शिक्षक यदि अपनी शक्ति और क्षमता को पहचान लें, तो वे शिक्षा के क्षेत्र में चमत्कारी परिणाम प्राप्त कर सकते हैं। प्रवक्ता-सह-मीडिया प्रभारी गौरव कुमार दुबे ने कहा कि शिक्षक आजीवन विद्यार्थियों के विचार, चरित्र और व्यक्तित्व को प्रभावित करते हैं, जो एक स्वस्थ समाज के लिए आवश्यक है।

शिक्षिका-सह-कवयित्री डॉ. राखी बरनवाल ने आचार्य चाणक्य का उदाहरण देते हुए कहा कि शिक्षक साधारण नहीं होते और चाणक्य ने अपनी शिक्षा-दीक्षा के बल से एक साधारण बालक चंद्रगुप्त को भारत का सम्राट बना दिया था। वरिष्ठ शिक्षक दिनेश चंद्र ने राष्ट्र-निर्माण में शिक्षकों की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि हर सफल व्यक्ति के पीछे किसी न किसी शिक्षक का मार्गदर्शन शामिल होता है। देवाशीष साहनी ने विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच और ऊर्जा पैदा करने में शिक्षकों की अग्रणी भूमिका को सराहा। विकास कुमार ने आचार्य चाणक्य की उक्ति को दोहराते हुए कहा कि शिक्षक कभी साधारण नहीं होते, क्योंकि प्रलय और निर्माण दोनों उनकी गोद में खेलते हैं। परिचर्चा को सफल बनाने में संयुक्त सचिव राजेश कुमार विश्वकर्मा एवं डॉ. शक्ति पद महतो, श्वेता कुमारी उपाध्याय, नीति कुमारी, डॉ. रणजीत कुमार झा, मुकेश प्रियंकर, हरे कृष्ण बागभट्ट, सृष्टि धर महतो, नितेश कुमार सोनी, कृपा शंकर महतो, राकेश कुमार सिन्हा समेत अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।

### अवैध महुआ शराब पर पुलिस की कार्रवाई, 160 किलो जावा जब्त कर भट्ठी ध्वस्त



**डुमरी :** निमियाघाट थाना क्षेत्र के ग्राम केंदुआडीह में सोमवार को अवैध महुआ शराब के विरुद्ध छापामारी की गई।छापामारी के क्रम बासुदेव साव (पिता पुन्नू साव) के झोपड़ी एवं करकेट के मकान में प्लास्टिक के 08 छोटा डब्बा में रखे कुल 160 किलो जावा महुआ को बरामद किया गया,जिसे विधिवत जप्त करने के पश्चात नष्ट किया गया।साथ ही शराब बनाने के भट्ठी को भी नष्ट किया गया।

### संस्था के होली मिलन कार्यक्रम में एक दूसरे को अबीर लगाकर दी बधाई



**पूर्वी सिंहभूम।** लौहनगरी के एग्रिको क्षेत्र में सामाजिक संस्था लोक समर्पण की ओर से आयोजित होली मिलन समारोह रंगों और उत्साह से सराबोर रहा। संस्था के अध्यक्ष ललित दास के नेतृत्व में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में शहर की कई जानी-मानी हस्तियां शामिल हुईं।

समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास शामिल हुए। इसके अलावा जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिन्हा, टाटा वर्कर्स यूनियन के उपाध्यक्ष शैलेश सिंह और टाटा मोटर्स यूनियन के महामंत्री आरके सिंह सहित अनेक गणमान्य उपस्थित थे। सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और आपसी सौहार्द का परिचय दिया।

फगुआ गीतों की मधुर धुन पर अतिथियों और संस्था सदस्यों ने जमकर नृत्य किया। रंगों की बौछार के बीच वातावरण पूरी तरह उत्सवमय हो गया। उपस्थित लोगों ने पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लेते हुए प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश साझा किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष ललित दास ने कहा कि होली का पर्व समाज को जोड़ने का अवसर देता है। उन्होंने कहा कि जिस तरह हम इस दिन सभी भेदभाव भुलाकर गले मिलते हैं, उसी भावना को पूरे वर्ष बनाए रखने की जरूरत है।

समारोह में चंद्रशेखर मिश्रा, देवेंद्र सिंह, गुंजन यादव, योगेश मल्होत्रा, कल्याणी शरण, पत्रकार जय प्रकाश राय, प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के अध्यक्ष संजीव भारद्वाज, बबुआ सिंह, संजीव सिंह, अनिल मोदी, पवन अग्रवाल, कमलेश सिंह, टुनटुन सिंह सहित संस्था के कई सदस्य मौजूद थे।

# यादों और उमंग के साथ सेवानिवृत्त एलआईसी कर्मियों ने मनाया रंगों का पर्व

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो :** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के बोकारो से सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने परिवार सहित आज सिटी सेंटर में हर्ष और उल्लास के साथ होली मिलन समारोह मनाया। यह आयोजन एक्स-एलआईसीअन, बोकारो के बैनर तले किया गया, जहां वर्षों बाद पुराने सहकर्मी एक-दूसरे से मिलकर भावुक और आनंदित नजर आए। इस समारोह का संचालन श्रीमती सी. राय द्वारा बहुत ही रोचक अंदाज में किया गया। इस मिलन में सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और गीतों के साथ माहौल को खुशनुमा बना दिया।

इस आयोजन को सफल बनाने में एस.के. शरण, श्रीकृष्ण राम, राजीव कुमार, अजय श्रीवास्तव, मदन मोहन देव, उमानंद राम, विनीता श्रीवास्तव, किरण सिंह और सुशीला देवी सहित बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया और पुरानी यादों को साझा किया। एक्स-एलआईसीअन बोकारो द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम न केवल खुशियां बांटने का अवसर था, बल्कि यह सेवानिवृत्त साथियों के बीच संबंधों को और मजबूत बनाने का एक मंच भी बना।

# तांतरी में महली समाज का होली मिलन और सम्मान समारोह, शिक्षा और एकता का दिया संदेश

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो :** जरीडीह प्रखंड के तांतरी उत्तरी पंचायत भवन के प्रांगण में प्रमंडलीय महली जाति समाज सुधार समिति, केंद्रीय और बोकारो कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में होली मिलन सह सम्मान समारोह अत्यंत धूमधाम से संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में समाज के लोगों ने पारंपरिक नृत्य-गीत के साथ होली की खुशियां बांटीं और एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व संगठन मंत्री लालमोहन महली ने की, जबकि संचालन महासचिव प्रहलाद महली द्वारा किया गया। समारोह की शुरुआत पूर्व केंद्रीय व जिला कमेटी के दिवंगत पदाधिकारियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई।

इस अवसर पर अध्यक्ष लालमोहन महली ने समाज को दिशा दिखाते हुए कहा कि हर व्यक्ति को समाज को सुधारने और शिक्षा को बढ़ावा देने का काम करना चाहिए। उन्होंने शिक्षा को सबसे बड़ी दौलत बताते हुए कहा कि वर्तमान समय में केवल शिक्षा ही हमें समाज में ऊंचाई और सम्मान प्रदान कर सकती है। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में समाज हित में काम करने वाले दिवंगत श्रेष्ठ जनों के परिजनों को आमंत्रित किया गया। उन्हें अंग वस्त्र और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिससे पूरा माहौल भावुक और आदरपूर्ण हो गया।

कार्यक्रम में केंद्रीय अध्यक्ष कारू महली, महासचिव रमेश महली, संगठन मंत्री करमचंद महली, जय कुंवर महली, युवा नेता मनोज महली, भोला, बिनोद, सुन्दर लाल, राहुल, किसुन, अनिता देवी, ममता, मालती, सुमित्रा देवी समेत दर्जनों लोग शामिल रहे। सभी ने समाज की एकता और प्रगति के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया।

# 08 से 15 मार्च तक बोकारो में होगा महिला महोत्सव

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बोकारो जिले में 08 से 15 मार्च तक सप्ताहव्यापी महिला महोत्सव 2026 का आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर उपायुक्त अजय नाथ झा ने वीडियो संवाद के माध्यम से विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की और कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करते हुए विभागवार जिम्मेदारियां सौंपीं। बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि महोत्सव का उद्देश्य केवल उत्सव मनाना नहीं, बल्कि महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक सशक्तिकरण को मजबूत आधार देना है।

महोत्सव के दौरान प्रदर्शनी, निबंध प्रतियोगिता, पैनल चर्चा, खुला संवाद, सम्मान समारोह और जागरूकता अभियान जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रदर्शनी में स्वयं सहायता समूहों, महिला उद्यमियों और कारीगरों द्वारा निर्मित उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा ताकि उन्हें बाजार से जोड़ते हुए आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रोत्साहित किया जा सके। विद्यालयों और महाविद्यालयों में "महिलाओं की भागीदारी" विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित कर युवाओं में लैंगिक समानता और महिला नेतृत्व के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने का प्रयास किया जाएगा।

किशोरियों और महिलाओं के साथ विशेष संवाद कार्यक्रम भी आयोजित होंगे, जिनमें स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, साइबर सुरक्षा, कानूनी अधिकार और करियर मार्गदर्शन जैसे विषयों पर विशेषज्ञ जानकारी देंगे। समाज में बेटियों के जन्म के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए "बधाई हो बेटी हुई है..." अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत जन्म पंजीकरण, टीकाकरण, शिक्षा और पोषण पर जोर दिया जाएगा।

महोत्सव के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, सामाजिक सेवा, प्रशासन और उद्यमिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही सर्वजन पेंशन योजना के तहत वंचित वृद्ध महिलाओं की पहचान कर उन्हें योजना से जोड़ने के लिए विशेष अभियान भी चलाया जाएगा। संबंधित विभागों को पात्र लाभुकों का शीघ्र सत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

जिले के सभी बैंक, बीएसएल और अन्य औद्योगिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत महिला कर्मियों के लिए कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा, जिनमें कार्यस्थल सुरक्षा, लैंगिक समानता, यौन उत्पीड़न निवारण अधिनियम, मानसिक स्वास्थ्य और नेतृत्व कौशल जैसे विषयों पर चर्चा होगी। महिला सशक्तिकरण को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया पर #WomenOfBokaro और #BokaroKiBeti अभियान भी चलाया जाएगा, जिसके तहत प्रेरणादायक कहानियों और उपलब्धियों से जुड़े वीडियो संदेश साझा किए जाएंगे।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 का वैश्विक विषय "राइट्स, जस्टिस, एक्शन फॉर ऑल वूमेन एंड गर्ल्स" है, जो महिलाओं और लड़कियों के अधिकार, न्याय और समान अवसर सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस पहल पर बल देता है। उपायुक्त अजय नाथ झा ने सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्यक्रमों को सफल बनाने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा सुचिता किरण भगत, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी भी शामिल हुए।

# जन स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट में आस्था एफसी क्लब बना विजेता



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**कसमार (बोकारो) :** कसमार प्रखंड के कोतोगाड़ा मैदान में सोमवार को एक दिवसीय जन स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन आजसू नेता उमेश कुमार जायसवाल, महेंद्र नाथ महतो, मुखिया प्रतिनिधि मनोज कुमार महतो और शिक्षाविद डॉ जीतलाल महतो ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। अतिथियों ने खिलाड़ियों से खेल भावना और अनुशासन के साथ खेलने की अपील की। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला आस्था फुटबॉल क्लब और कौशिक स्पॉटिंग के बीच खेला गया। रोमांचक मैच के बाद पेनाल्टी शूटआउट में आस्था एफसी ने चार गोल से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। इससे पूर्व सेमीफाइनल में आस्था एफसी ने उज्ज्वल स्पॉटिंग (झालदा) को, जबकि कौशिक स्पॉटिंग ने बरवाडीह एकादश को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। विजेता और उपविजेता टीमों को अतिथियों के हाथों पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में वक्ताओं ने कहा कि ऐसे खेल आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है और खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलता है। मौके पर राजेश्वर महतो, सुनील कुमार महतो, आयोजन समिति के तुलसीदास महतो, अनिल महतो, रुपेश करमाली, नारायण महतो, गोबिंद सिंह मुंडा, महेंद्र महतो सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

# खेल से विकसित होती है अनुशासन, टीमवर्क और नेतृत्व क्षमता : संजय जायसवाल

## दिल्ली कैपिटल चैंपियनशिप 2026 में खैराचातर के संजय जायसवाल रहे मुख्य अतिथि

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**कसमार (बोकारो) :** खेल केवल शारीरिक मजबूती तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के भीतर अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता को भी सशक्त बनाता है। उक्त बातें कसमार प्रखंड के खैराचातर निवासी भूतपूर्व सरपंच सुरेश कुमार जायसवाल के पुत्र संजय कुमार जायसवाल ने नई दिल्ली में आयोजित दिल्ली कैपिटल चैंपियनशिप 2026 के पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि कही। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का मुख्य अतिथि बनाए जाने को क्षेत्र के लिए गौरव की बात माना जा रहा है।

उन्होंने टॉस उछालकर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। उल्लेखनीय है कि दिल्ली कैपिटल चैंपियनशिप का आयोजन पिछले चार वर्षों से लगातार किया जा रहा है और यह टूर्नामेंट राजधानी दिल्ली के खेल प्रेमियों के बीच अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली कैपिटल चैंपियनशिप कमेटी के तत्वावधान में किया गया। फाइनल मुकाबला विक्टोरियस इलेवन और वॉरियर्स इलेवन के बीच खेला गया, जिसमें वॉरियर्स इलेवन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए वॉरियर्स इलेवन ने निर्धारित 20 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 214 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी विक्टोरियस इलेवन की टीम 15.1 ओवर में 154 रन पर सिमट गई। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बलजीत को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का पुरस्कार प्रदान किया गया, जबकि प्रभावशाली गेंदबाजी के लिए शुभम को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज घोषित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि संजय जायसवाल के साथ आयोजन समिति के अध्यक्ष राजीव जैन और विशिष्ट अतिथि साहिल पासरिचा ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान समिति के सचिव गणेश पालीवाल ने कमेंट्री के साथ धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष राजीव जैन, उपाध्यक्ष रति गर्ग और मुख्य सचिव गणेश पालीवाल के नेतृत्व में प्रतियोगिता का सफल संचालन हुआ। समापन अवसर पर आयोजन समिति ने मुख्य अतिथि, खिलाड़ियों, अतिथियों और दर्शकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे खेल आयोजनों को और अधिक व्यापक और भव्य रूप देने का संकल्प लिया।

# उपायुक्त अजय नाथ झा की नागरिकों से सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल त्योहार मनाने की अपील

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो :** रंगों के पावन पर्व होली के अवसर पर जिला प्रशासन ने नागरिकों से सुरक्षित, संयमित और पर्यावरण-अनुकूल तरीके से त्योहार मनाने का आग्रह किया है। उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि थोड़ी सी सावधानी से यह पर्व सभी के लिए आनंदमयी बनाया जा सकता है। उपायुक्त ने नागरिकों से जिम्मेदारी और सजगता के साथ त्योहार मनाने की अपील की है, ताकि खुशियों के रंग समाज में सकारात्मकता और उल्लास भर सकें।

सुरक्षा और पर्यावरण के प्रति प्रशासन ने क्या करें और क्या न करें, के दिशा-निर्देश जारी किए हैं। नागरिकों से आग्रह किया गया है कि वे त्वचा और आंखों की सुरक्षा के लिए केवल हर्बल या इको-फ्रेंडली रंगों का ही प्रयोग करें। होली खेलने से पहले नारियल तेल या लोशन का उपयोग त्वचा की सुरक्षा के लिए करें। जल संरक्षण के महत्व को समझते हुए सूखी होली खेलने या कम पानी का उपयोग करने की सलाह दी गई है। इसके अलावा, किसी को रंग लगाने से पहले उनकी सहमति का सम्मान करना और आंखों की सुरक्षा के लिए चश्मा पहनना जरूरी है। संतुलित आहार का सेवन करें और त्योहार के दौरान मिठाई व तले-भुने पदार्थों को सीमित मात्रा में खाएं।

प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जबरदस्ती रंग लगाने या होली खेलने से पूरी तरह बचें। हानिकारक रासायनिक या धातुई रंगों का प्रयोग न करें, क्योंकि ये स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा हो सकते हैं। सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए नशे की हालत में वाहन न चलाएं और सार्वजनिक स्थानों पर हुड़दंग से दूर रहें। पर्यावरण और पशुओं के प्रति संवेदनशील रहें, इसलिए पालतू या आवारा पशुओं पर रंग न डालें। चोट लगने के जोखिम को देखते हुए अंडे, कीचड़ या पानी के गुब्बारों का प्रयोग न करें। होलिका दहन के दौरान अत्यंत सावधानी बरतें, ज्वलनशील वस्तुओं से दूरी रखें और प्लास्टिक जैसी हानिकारक सामग्री न जलाएं। जिले में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए प्रशासन ने सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं।

RNI : JHAHIN/2014/54374
हिन्दी दैनिक
Rashtria Mukhyadhara
राष्ट्रीय मुख्यधारा
राष्ट्रवादी चेतना प्रवर्त्तक
https://rashtriyamukhyadhara.com/
mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159



## संक्षिप्त समाचार

### महेशपुर में भीषण सड़क हादसा, कंटेनर चालक गंभीर रूप से जख्मी




**राजगंज (धनबाद)**: राजगंज थाना क्षेत्र के महेशपुर मोड़ के पास हाइवे पर सोमवार तड़के करीब 3 बजे एक भीषण सड़क दुर्घटना में कंटेनर चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

चालक कंटेनर को तेज रफ्तार से चलाते हुए कोलकाता की ओर जा रहा था। इसी क्रम में सड़क पार करने की कोशिश कर रहे एक ट्रेलर के पिछले हिस्से से कंटेनर टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कंटेनर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक केबिन में बुरी तरह फंस गया।

स्थानीय लोगों और पुलिस ने काफी मशक्कत कर चालक को बाहर निकाला। जख्मी चालक को तत्काल बेहतर उपचार के लिए धनबाद भेज दिया गया। बताया जा रहा है कि हादसे में चालक का पैर बुरी तरह जख्मी हो गया है।

दुर्घटना के कारण लगभग 7–8 घंटे तक हाइवा पर वाहनों का परिचालन ठप रहा। इस दौरान पुलिस ने सर्विस रोड से वाहनों का परिचालन जारी रखा। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### सेवानिवृत्त 35 रेलकर्मियों को दी गई भावभीनी विदाई




**धनबाद**: रेल मंडल कार्यालय धनबाद में सोमवार को सादे समारोह में सेवानिवृत्त रेल कर्मियों को भावभीनी विदाई दी गई। फरवरी माह में 35 कर्मी सेवानिवृत्त हुए हैं।

डीआरएम अखिलेश मिश्र ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानित किया। उन्होंने उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं।

विदित हो कि धनबाद मंडल में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के समापक भुगतान को प्राथमिकता दी जाती है। मंडल प्रशासन सेवानिवृत्त कर्मचारियों के हितों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उल्लेखनीय है कि धनबाद मंडल में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के समापक भुगतान की प्रक्रिया को सरल और तेज बनाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इस अवसर पर मंडल के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### होली पर कड़ी निगरानी, डीजे पर रोक



**डुमरी** : होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से अनुमंडल कार्यालय सभागार में अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीपीओ सुमित प्रसाद प्रमुख ने की, जबकि उपायुक्त रामनिवास यादव, पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार और प्रभारी एसडीएम संतोष गुप्ता वर्चुअल माध्यम से जुड़े। बैठक में उषा देवी, सबिता टुडू, शशिभूषण वर्मा, मनोज मरांडी, ऋषिकेश मरांडी, डॉ राजेश महतो, राजेन्द्र प्रसाद, उपेन्द्र महतो, महेन्द्र महतो, प्रणीत पटेल, सुमन कुमार, दीपेश कुमार, संजय यादव, निरंजन कच्छप, दीपक कुमार, जिवाधन महतो, राजकुमार पांडेय, बरकत अली, नागेश्वर मंडल, गुड्डु मालिक, मनोज जायसवाल, जागेश्वर यादव, अनिल रजक, डालेश्वर गोप और गंगाधर महतो समेत कई जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में निर्णय लिया गया कि होली के दौरान डीजे के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा तथा संवेदनशील स्थलों पर दंडाधिकारी और पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। आम लोगों से अपील की गई कि किसी की इच्छा के विरुद्ध रंग न लगाएं और सामाजिक सौहार्द बनाए रखें। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखने तथा अवैध शराब की बिक्री रोकने के लिए थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि होली के दौरान पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रहेगी और किसी भी आपात स्थिति में 112 पर संपर्क किया जा सकता है।

# झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजनाः होली में झारखंड सरकार ने दिया बहनों को सम्मान

» 3 लाख 51 हजार 661 बहनों को मिली जनवरी व फरवरी महीने की राशि

राष्ट्रीय मुख्यधाराः राजीव रंजन




**धनबादः** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत होली में धनबाद जिले की कुल 3,51,661 बहनों को जनवरी व फरवरी 2026 की सम्मान राशि का सीधे उनके बैंक खातों में आधार-बेस्ड भुगतान कर दिया गया है।

इस संबंध में उपायुक्त आदित्य रंजन ने बताया कि इसमें कुल एक अरब 75 करोड़ 83 लाख 5000 रूपये की राशि अंतरण की गई है। साथ ही योजना अंतर्गत जिला के लाभुकों को दिसंबर महीने में सम्मान राशि का भी भुगतान किया गया है।

उन्होंने बताया कि यह योजना राज्य सरकार द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी और सम्मानित जीवन देने के उद्देश्य से शुरू की गई है, जिसके अंतर्गत लाभुक महिलाओं को हर माह 2500 रुपये की सम्मान राशि प्रदान की जाती है।

**प्रखंड एवं शहरी क्षेत्र के लाभुकों की संख्या निम्न है।**

- प्रखण्ड कार्यालय, बाघमारा - 45401
- अंचल कार्यालय, बाघमारा - 7455
- प्रखण्ड कार्यालय, बलियापुर - 21643
- अंचल कार्यालय, बलियापुर - 1151
- प्रखण्ड कार्यालय, धनबाद - 7054
- अंचल कार्यालय, धनबाद - 34688
- प्रखण्ड कार्यालय, एग्यारकुण्ड - 16869
- अंचल कार्यालय, एग्यारकुण्ड - 5253
- प्रखण्ड कार्यालय, गोविन्दपुर - 50732
- अंचल कार्यालय, गोविन्दपुर - 866
- अंचल कार्यालय, झरिया - 44955
- प्रखण्ड कार्यालय, कलियासोल - 20087
- प्रखण्ड कार्यालय, निरसा - 24129
- प्रखण्ड कार्यालय, पूर्वी टुण्डी • अंचल कार्यालय, पुटकी - 17935
- प्रखण्ड कार्यालय, तोपचाँची - 26916
- प्रखण्ड कार्यालय, टुण्डी - 16683
- कुल लाभुकों की संख्या 3,51,661
- कुल राशि 1,75,83,05,000.00

उपायुक्त ने कहा कि जिन लाभुकों का आवेदन स्वीकृत हो चुका है लेकिन उनके बैंक खाते आधार से लिंक नहीं हैं, वैसे लाभुकों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने सभी लंबित लाभुकों से शीघ्र आधार सीडिंग कराने की अपील की है ताकि उन्हें यथाशीघ्र योजना का लाभ मिल सके।

वर्तमान में जिला स्तर पर लाभुकों का भौतिक सत्यापन कार्य भी तीव्र गति से जारी है। सत्यापन उपरांत योग्य पाए गए लाभुकों को भी योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा। जिन लाभुकों का भौतिक सत्यापन अब तक नहीं हो पाया है, वे आंगनबाड़ी सेविका से संपर्क कर सत्यापन प्रपत्र प्राप्त करें और आवश्यक प्रक्रिया पूरी कराने के बाद उन्हें योजना का लाभ मिल पायेगा।

## वृद्ध जनों के साथ उपायुक्त ने खेली अबीर-गुलाल व फूलों की होली

» ओल्ड एज होम को विकसित कर बनेगा 88 बेड का आश्रम, खुशी से खिल उठे वृद्ध जनों के चेहरे

राष्ट्रीय मुख्यधाराः राजीव रंजन



**धनबादः** उपायुक्त आदित्य रंजन ने आज सबलपुर स्थित ओल्ड एज होम में वृद्ध जनों के साथ अबीर-गुलाल व फूलों की होली खेली। उपायुक्त ने सभी को होली की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। वहीं ओल्ड एज होम के वृद्ध जनों ने भी उपायुक्त को अबीर-गुलाल लगाकर, शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिए।

इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि उन्होंने इस वर्ष की पहली होली वृद्ध जनों के साथ खेली है। कहा कि राज्य सरकार को अनुरोध करने पर राज्य सरकार ने सबलपुर ओल्ड एज होम को विकसित कर 88 बेड का आश्रम बनाने की योजना तथा ओल्ड एज होम के संचालन के बजट को स्वीकृति प्रदान की है। इस घषणा से सभी वृद्ध जनों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

साथ ही कहा बरसात से पहले एक नया बिल्डिंग बनाने की शुरुआत की जाएगी। उपायुक्त ने आश्रम का अच्छे से संचालन करने के लिए पूरी टीम को बधाई दी।

मौके पर उपायुक्त आदित्य रंजन, आश्रम के अध्यक्ष मो.नौशाद गद्धी, कोषाध्यक्ष ओमकार मिश्रा, कार्यकारिणी अध्यक्ष सुधीर बरनवाल, सह-सचिव सुरेंद्र यादव, विजय सिन्हा सहित बड़ी संख्या में आश्रम के वृद्ध जन मौजूद थे।

## बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के 86303 आवेदन स्वीकृत

राष्ट्रीय मुख्यधाराः राजीव रंजन



**धनबादः** उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में सोमवार को बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के कार्यान्वयन एवं अनुश्रवण के लिए जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई।

इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना झारखंड में खरीफ और रबी फसलों के लिए एक किसान हितैषी योजना है। यह किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान पर मामूली शुल्क में बीमा कवर प्रदान करती है। साथ ही प्रभावित किसानों को वित्तीय सहायता सुनिश्चित करती है। इसका उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं, कीटों और बीमारियों के कारण फसलों को होने वाली हानि से सुरक्षा प्रदान करना है।

बैठक में विचार विमर्श के बाद बाघमारा प्रखंड के 9963, बलियापुर के 9895, धनबाद के 1585, एगारकुंड के 474, गोविंदपुर के 15904, कलियासोल के 8892, निरसा प्रखंड के 5792, पूर्वी टुंडी के 6599, तोपचांची के 19433 एवं टुंडी प्रखंड के 7766 सहित 86303 आवेदनों को सर्वसम्मति से अनुमोदन की स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक में उपायुक्त आदित्य रंजन, जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, जिला सहकारिता पदाधिकारी वेद प्रकाश, जिला मत्स्य पदाधिकारी उषा किरण, डीडीएम नाबार्ड रवि लोहानी, बजाज एलियांज के प्रतिनिधि राघवेंद्र सिंह, एलडीएम कार्यालय से संजीत सिंह व अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## होली 2026ः 3 मार्च को दोपहर 2 बजे से 5 मार्च की सुबह 6 बजे तक कार्यरत रहेगा जिला नियंत्रण कक्ष

### सभी थाना व ओपी में रहेंगे दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी, 7 जोनल दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति

» 0326-2311217, 2311107, 112 रहेगा जिला नियंत्रण कक्ष का फोन नंबर

» बंद रहेंगी शराब की दुकानें व बार, मदिरा की बक्री प्रतिबंधित

राष्ट्रीय मुख्यधाराः राजीव रंजन




**धनबादः** रंगों के त्योहार होली को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए उपायुक्त आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार तथा एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद ने संयुक्त आदेश जारी कर जिले को कतरास, धनबाद, चिरकुंडा, तोपचांची, झरिया, गोविंदपुर एवं टुंडी जोन में बांटा है।

सभी जोन में जोनल दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी तथा सभी थाना व ओपी में पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी मौजूद रहेंगे। साथ ही सभी थाना क्षेत्र में पुलिस का चलंत दस्ता लगातार भ्रमणशील रहेगा। क्विक रिस्पॉन्स टीम भी मौजूद रहेगी।

होली के अवसर पर 3 मार्च को दोपहर 2 बजे से 5 मार्च की सुबह 6 बजे तक जिला नियंत्रण कक्ष कार्यरत रहेगा। अनुमंडल दंडाधिकारी लोकेश बारंगे जिला नियंत्रण कक्ष के संपूर्ण प्रभार में रहेंगे। जबकि डीएसपी सीसीआर सुमित कुमार पुलिस पदाधिकारी के वरीय प्रभार में रहेंगे। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 0326-2311217, 2311107, 112 रहेगा। जिला नियंत्रण कक्ष में आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं के साथ चिकित्सक की टीम तथा एम्ब्युलेंस मौजूद रहेगी।

धनबाद, बैंक मोड़, सरायढेला, धनसार, झरिया, जोरापोखर, सुदामडीह, पाथरडीह, तिसरा, सिंदरी, बलियापुर, केंदुआडीह, पुटकी, लोयाबाद, जोगता, कतरास, राजगंज, महुदा, मधुबन, बरोरा, तेतुलमारी, बाघमारा, तोपचांची, हरिहरपुर, बरवाअड्डा, गोविंदपुर, टुंडी, पुर्वी टुंडी, मनियाडीह, निरसा, चिरकुंडा थाना तथा भूली ओपी, घनुआडीह, बोर्रागढ़, भौंरा, लोदना, अलखडीहा, गौशाला, मुनिडीह, भागाबांध, अंगारपथरा, कपूरिया, रामकनाली, गोंदुडीह, खरखरी, ईस्ट बसुरिया, सोनारडीह, धर्माबांध, कालूबथान, कुमारधुबी, मैथन, गलफरबाड़ी, खरखरी, भाटडीह एवं पंचेत ओपी के लिए पुलिस पदाधिकारियों के साथ साथ दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

पुलिस का चलंत दस्ता लगातार भ्रमणशील रहेगा। वहीं अनुमंडल दंडाधिकारी, सभी डीएसपी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, साइबर डीएसपी, साइबर थाना प्रभारी व्हाट्सएप ग्रुप सहित विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगातार नजर बनाए रखेंगे। साथ-साथ समन्वय स्थापित करते हुए पूरे अनुमंडल क्षेत्र में विधि व्यवस्था संधारण के लिए आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

होली के अवसर पर किसी भी प्रकार की आकस्मिक दुर्घटना के फलस्वरूप त्वरित इलाज के लिए केंद्रीय अस्पताल व एसएनएमएमसीएच के अधीक्षक इमरजेंसी वार्ड में 24 घंटे चिकित्सकों की टीम की व्यवस्था रखेंगे। जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्र एवं उप स्वास्थ्य केंद्र में 24 घंटे चिकित्सक, एएनएम व कर्मी मौजूद रहेंगे।

होली के अवसर पर सोशल मीडिया पर भ्रामक, आपत्तिजनक, लोक शांति या विधि व्यवस्था को प्रभावित करने वाली सामग्री पर पुलिस के सोशल मीडिया मोनिटरिंग सेल की विशेष निगरानी रहेगी। ऐसा करने वालों के विरुद्ध विधि सम्मत एवं नियमानुकूल कार्रवाई की जाएगी। होली का अवसर पर जिले के सभी देशी विदेशी एवं मसालेदार शराब की दुकानें, बार, रेस्टोरेंट आदि पूरी तरह से बंद रहेंगे। इस अवधि में मदिरा की बिक्री पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी। वहीं अवैध शराब की चुलाई, भंडारण एवं बिक्री करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

संयुक्त आदेश में होली मिलन समारोह, होलिका दहन, सतर्कता, पेयजल आपूर्ति, साफ सफाई, विद्युत आपूर्ति सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों को लेकर दिशा निर्देश दिए गए हैं।

## सड़क निर्माण को लेकर तोपचांची के सिंघदाहा दास टोला में खूनी झड़प, छह घायल

राष्ट्रीय मुख्यधाराः राजीव रंजन




**तोपचांची (धनबाद)**: धनबाद के तोपचांची थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंघदाहा दास टोला में पीसीसी सड़क निर्माण को लेकर शुरू हुआ विवाद सोमवार को खूनी झड़प में बदल गया। घटना श्मशान घाट जाने वाले रास्ते की है, जहां विधायक फंड से सड़क निर्माण कार्य चल रहा था। इसी दौरान जमीन को लेकर दो पक्षों के बीच तनाव बढ़ गया और देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गई।

आरोप है कि सुनील दास कहीं जा रहे थे, तभी बस्ती के ही अशोक दास, देवाशीष दास, धनकेश्वर दास समेत कुछ लोगों ने उन्हें रास्ते में रोक लिया। आरोपियों ने लोहे की रॉड और चाकू से उन पर हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। शोरगुल सुनकर जब परिजन और अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो उन पर भी हमला कर दिया गया। इस झड़प में गांव के मुखिया हरिचरण दास को चेहरे पर रॉड और चाकू से वार किया गया, जिससे वे बुरी तरह जख्मी हो गए। उनके पुत्र अनुज कुमार दास के गले में चाकू से वार किया गया। इसके अलावा दो महिलाओं समेत कुल छह लोग घायल हुए हैं।

सभी घायलों को इलाज के लिए धनबाद स्थित शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। मुखिया की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें रेफर किए जाने की तैयारी चल रही है।

तोपचांची थाना प्रभारी अजय भारती ने बताया कि सड़क निर्माण को लेकर विवाद हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

## चांद कुइया कॉलोनी में बढ़ते अपराध से लोगों में दहशत, थानेदार पर गंभीर आरोप

» 20 लाख की चोरी का खुलासा करो, वरना आंदोलनः विधायक

राष्ट्रीय मुख्यधाराः राजीव रंजन



**तिसरा (धनबाद)**: चांद कुइया कॉलोनी के रहने वाले बीसीसीएल कर्मी विजय सिंह एवं अन्य लोगों के यहां 5 फरवरी की रात हुई चोरी और लूट की घटना का जल्द से जल्द उदभेदन नहीं हुआ तो होली के बाद तिसरा थाना का घेराव किया जाएगा। उक्त बातें सिंदरी क्षेत्र के विधायक चंद्रदेव महतो ने सोमवार को चांद कुइया कॉलोनी में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कही।

विधायक, 5 फरवरी की रात बीसीसीएल कर्मी विजय सिंह एवं अन्य लोगों के आवास में हुई चोरी की घटना की जानकारी मिलने के बाद कॉलोनीवासियों के बुलावे पर पहुंचे थे। भुक्तभोगी विजय सिंह ने विधायक को बताया कि उनके घर से 20 लाख से अधिक की संपत्ति की चोरी हुई है। प्रशासन केवल आश्वासन देता है। थाना जाते-जाते थक चुके हैं। लगभग एक महीना बीत चुका है, लेकिन केवल यही कहा जाता है कि "जल्द खुलासा होगा", जबकि आज तक घटना का कोई उद्भेदन नहीं हुआ है। इससे कॉलोनी के लोग डरे और सहमे हुए हैं।

मुखिया प्रतिनिधि मनोज सिंह ने कहा कि कॉलोनी में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। तिसरा थानेदार सुमन कुमार केवल कोयला चोरी में मस्त हैं, सुरक्षा नाम की कोई चीज नहीं है। बार-बार घटनाएं हो रही हैं।

रविवार को पूर्व प्रधानाध्यापक शिवकुमार सिंह का भी दिन में ही मोबाइल लूट लिया गया। चोरों को पुलिस का कोई भय नहीं है। हम लोग होली के बाद पूरे कॉलोनी के साथ थाना का घेराव करेंगे।

इसके अलावा चांद कुइया संक्रामक रोग अस्पताल को फिर से चालू करने एवं यहां कुत्तों के बंध्याकरण पर रोक लगाने की मांग भी ग्रामीणों ने उठाई। उनका कहना है कि बाहर से कुत्ते लाकर यहां छोड़े जाते हैं।

विधायक चंद्रदेव महतो ने भरोसा दिलाया कि सभी मामलों का जल्द समाधान कराया जाएगा।

मौके पर मनोज सिंह, बिंदा पासवान, तुलसी रवानी, अमृत महतो, शैलेंद्र सिंह, कृष्ण सिंह, बनवारी सिंह, अशोक पांडे, भोला चौहान, राजेश चौहान, कारू दास, पिंटू रवानी, रिंकू खान, युधिष्ठिर महतो, रोहन भुइया, साधु बाउरी, सुभाष महतो, तारा बाउरी, अहलाद महतो, विजेंद्र तिवारी, धनंजय सिंह, फलाली सिंह, जयप्रकाश सिंह, अहलाद महतो एवं देवरंजन दास उपस्थित थे।

RNI : JHAHIN/2014/54374
हिन्दी दैनिक
Rashtria Mukhyadhara
राष्ट्रीय मुख्यधारा
राष्ट्रवादी चेतना प्रवर्त्तक
https://rashtriyamukhyadhara.com/
mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159
बोकारो, मंगलवार, 03 मार्च, 2026



## संक्षिप्त समाचार

### निर्माणाधीन फोर लेन सड़क पर लापरवाही पड़ी भारी, गड्ढे में गिरकर युवक गंभीर घायल

**साहिबगंज।** राजमहल थाना क्षेत्र में निर्माणाधीन फोर लेन सड़क पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी एक बार फिर सामने आई है। रविवार की रात सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।मिली जानकारी के अनुसार लख्खीपुर निवासी अजधानी शेख (25) अपनी पल्सर बाइक से राजमहल से अपने घर लौट रहे थे। फुलवाड़िया स्थित कामू बिल्डिंग के पास सड़क चौड़ीकरण को लेकर की गई खुदाई अंधेरे में उन्हें दिखाई नहीं दी और उनकी बाइक सीधे गड्ढे में जा गिरी।घायल युवक ने बताया कि घटनास्थल पर न तो पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था थी, न ही रेडियम बैरिकेडिंग और न ही किसी प्रकार का चेतावनी संकेत लगाया गया था। स्थानीय लोगों का कहना है कि उक्त स्थल पर पहले भी कई छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन निर्माण एजेंसी द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए हैं।घटना के बाद आसपास के लोगों की मदद से घायल युवक को अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक डॉ. सादिक अंसारी ने गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माणाधीन सड़क पर सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन कराया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### चंद्रग्रहण के कारण एक बजे से संध्या साढ़े सात बजे तक बंद रहेंगे बाबा बासुकिनाथ सहित सभी मंदिरों के पट



दुमका : मंगलवार फाल्गुन पूर्णिमा के दिन लगने वाले चंद्रग्रहण को लेकर बाबा बासुकिनाथ मंदिर का पट दिन के एक बजे से लेकर संध्या साढ़े सात बजे तक बंद रहेगा। इसी के साथ बासुकिनाथ मंदिर परिसर स्थित सभी देवी देवताओं का मंदिर भी बंद रहेगा।बंद के दौरान मंदिर परिसर में किसी भी तरह का धार्मिक अनुष्ठान बंद रहेगा। संध्या साढ़े सात बजे के बाद बाबा मंदिर सहित सभी मंदिरों का पट मंदिर प्रबंधन द्वारा खोल दिया जाएगा। शुद्धिकरण के बाद सभी मंदिरों में पुनः पूजा अर्चना प्रारंभ होगी। इसको लेकर मंदिर प्रबंधन द्वारा मंदिर न्यास समिति कार्यालय के बाहर सूचना पट्ट पर आमजनों की जानकारी के लिए सूचना चिपका दी गई है।

### रामगढ़ में होली मिलन से सौहार्द का संदेश



दुमका : जिले के रामगढ़ प्रखंड कार्यालय परिसर और रामगढ़ बाजार स्थित जिला परिषद मार्केट कॉम्पलेक्स में होली मिलन समारोह उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जामा विधानसभा की विधायिका लुईस मरांडी, जिला परिषद दुमका के उपाध्यक्ष सुधीर कुमार मंडल और प्रखंड विकास पदाधिकारी कमलेन्द्र कुमार सिन्हा शामिल हुए। ग्रामीणों ने अतिथियों का फूल-मालाओं और गुलाल से स्वागत किया।

लुईस मरांडी ने कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि एकता और भाईचारे का प्रतीक है, जो समाज को मतभेद भुलाकर प्रेम और सौहार्द के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। सुधीर कुमार मंडल ने कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक जुड़ाव को मजबूत करते हैं और लोगों के बीच सहयोग की भावना को बढ़ाते हैं।

कार्यक्रम के दौरान लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। पारंपरिक गीत-संगीत और मिलन के माहौल ने पूरे परिसर को रंगीन बना दिया। ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की सहभागिता ने सामाजिक समरसता और आपसी एकता का संदेश दिया।

# द सेकंड होम का तीसरा वार्षिक समारोह धूमधाम से संपन्न

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**दुमका** : द सेकंड होम विद्यालय का तीसरा वार्षिक समारोह बड़े हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ आयोजित किया गया। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक देवेंद्र कुमार, समाजसेवी अभय सिंह, माता सरस्वती लो एवं भारती दत्त द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि को चंदन तिलक एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।समारोह का मुख्य उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और रचनात्मकता को मंच प्रदान करना रहा। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें आकर्षक नृत्य एवं प्रभावशाली भाषण शामिल रहे।







आत्मविश्वास से भरी प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों का मन मोह लिया। अभिभावकों ने बच्चों के प्रयासों की मुक्त कंठ से सराहना की।मुख्य अतिथि विधायक देवेंद्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यालय परिवार, प्राचार्य एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए सभी को बधाई दी। समाजसेवी अभय सिंह ने कहा कि बीते तीन वर्षों में विद्यालय ने निरंतर प्रगति करते हुए क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है।कार्यक्रम में आदित्य भारती, परी कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, श्रद्धा दत्त, पलक कुमारी, अनुष्का लो सहित अन्य छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समारोह में शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अभिभावकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## 108 कन्याओं की कलश यात्रा से 24 प्रहर हरिकीर्तन का शुभारंभ



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**दुमका** : जामा प्रखंड अंतर्गत सिटकिया पंचायत के केन्दुवाटाँड़ में सोमवार से भव्य 24 प्रहर हरिकीर्तन का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत 108 कन्याओं द्वारा निकाली गई कलश यात्रा से हुई, जिससे पूरा गांव भक्ति माहौल में सराबोर हो गया। सुबह 10 बजे कलश यात्रा के साथ आयोजन प्रारंभ हुआ, जबकि रात्रि में गंधा अधिवास संपन्न हुआ।

आयोजन के तहत 3 और 4 मार्च की रात्रि 8:30 बजे से बंगाल की प्रसिद्ध कीर्तन गायिका मेनका पंडित द्वारा पाला कीर्तन प्रस्तुत किया जाएगा। वहीं 5 मार्च की रात्रि 9 बजे से बीरभूम, पश्चिम बंगाल के प्रसिद्ध कीर्तन कलाकार हरिप्रिया दास उर्फ शुमुर दास द्वारा संकीर्तन होगा। 6 मार्च की रात्रि में हरिप्रिया दास द्वारा कीर्तन एवं कुंज विलास का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम के आयोजन में लंबोदर यादव, सिकंदर मंडल, लखी मंडल, दामोदर मंडल, बालीसटर मंडल, राजेश राउत, दीनानाथ मंडल, विपुल, सुनील, कुंदन, प्रदीप, राजीव, हरगोरी और सुबल सहित समस्त केंदुवाटाँड़ ग्रामवासियों का सहयोग रहा। आयोजकों ने श्रद्धालु भक्तों से हरिनाम संकीर्तन में शामिल होकर धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है।

## गोपीकांदर में होली मिलन, हर्बल गुलाल से भाईचारे का संदेश

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**दुमका** : गोपीकांदर प्रखंड मुख्यालय परिसर में सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी विजय प्रकाश मरांडी की अगुवाई में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख मरसलिता मरांडी, थाना प्रभारी सुमित कुमार भगत, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी दीपू रजक, सीडीपीओ गीता एलबिना बेसरा, अंचल निरीक्षक सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और कर्मी शामिल हुए।

समारोह के दौरान जेएसएलपीएस बीपीएम निरंजन तिवारी ने सखी मंडल की महिलाओं द्वारा तैयार प्राकृतिक हर्बल गुलाल के उपयोग का आग्रह करते हुए लोगों से केमिकल युक्त रंगों से बचने की अपील की। विजय प्रकाश मरांडी ने सभी को होली और बाहा पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व आपसी मतभेद भूलकर खुशियां साझा करने का अवसर है। उन्होंने भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की और गीत प्रस्तुत कर माहौल को उत्सवमय बना दिया।



थाना प्रभारी सुमित कुमार भगत ने शांतिपूर्ण होली मनाने का संदेश देते हुए कहा कि यह पर्व समानता और मेलजोल का प्रतीक है। रोजगार सेवक सनातन टुडू ने बाहा पर्व के अवसर पर संथाली गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में जनार्दन मंडल, पवन कुमार सिंह, माईकल हेंब्रम, बोबी कुमारी, विशाल कुमार, सुनील कुमार मंडल, आनंद कुमार सिंह, रोबिन हेंब्रम, विशेश्वर महतो सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

## रामगढ़ में नागरिक मंच का होली मिलन, शांति का संदेश

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**दुमका** : रामगढ़ बाजार में सोमवार को रामगढ़ नागरिक मंच की ओर से सार्वजनिक होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जामा विधानसभा की विधायक शामिल हुईं। स्थानीय मुखिया ज्योति देवी ने फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। पहली बार आयोजित इस समारोह में विधायक की उपस्थिति से क्षेत्रवासियों में उत्साह देखा गया।

विधायक ने सभी को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और लोगों से पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। जिला परिषद उपाध्यक्ष ने भी होली की सामाजिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया। प्रखंड प्रमुख बाबूलाल मुर्मू और दिवाकर मंडल ने नागरिक मंच की पहल की सराहना करते हुए लोगों से भाईचारे के साथ त्योहार मनाने का आग्रह किया।





कार्यक्रम के दौरान नागरिक मंच ने स्थानीय समस्याओं की ओर विधायक का ध्यान आकर्षित किया, जिस पर विधायक ने उन्हें शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। मौके पर बाबूलाल मुर्मू, कमलेंद्र कुमार सिन्हा, श्रीकांत राउत, ज्योति देवी, मार्शिला मरांडी, लीलमुनी मरांडी, चार्लेश बेसरा, दिवाकर मंडल, योगेन्द्र साह, दीपक अग्रवाल, जय प्रकाश अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल, बुद्धदेव मंडल, मुन्ना पंडित, प्रकाश साह, दीपक साह और घनश्याम साह सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## डुमरी एवं निमियाघाट थाना के विभिन्न क्षेत्रों में पुलिस फ्लैग मार्च

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**डुमरीः** होली शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए सोमवार को डुमरी एवं निमियाघाट थाना के विभिन्न क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया।अनुमंडल कार्यालय परिसर से निकला फ्लैग मार्च का नेतृत्व एसडीपीओ सुमित प्रसाद सीओ शशिभूषण वर्मा एवं इंस्पेक्टर राजेन्द्र प्रसाद कर रहे थे।फ्लैग मार्च प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में भ्रमण करके आमजनों से होली शांति एवं सौहार्द के साथ में संपन्न कराने में अपनी सहभागिता निभाने को कहा गया।एसडीपीओ

ने दोनों समुदाय के लोगों से होली की संपन्नता में सहयोग की अपील की साथ ही किसी भी प्रकार के अफवाह में ध्यान नही देने की अपील की।कहा कि पुलिस पूरी तरह से क्षेत्र में मुस्तैद है।सौहार्द बिगाड़ने वाले के विरूद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।फ्लैग मार्च में निमियाघाट थाना प्रभारी सुमन कुमार डुमरी थाना प्रभारी प्रणीत पटेल सहित निमियाघाट व डुमरी थाना की पुलिस,जैप,सैप के जवान शामिल थे।





## दर्दनाक सड़क हादसाः पत्रकार की मौत, क्षेत्र में शोक की लहर

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**गोला** : गोला थाना क्षेत्र के डुंडीगाछी गांव के पास सड़क कटाव के कारण रविवार देर रात लगभग 10:30 बजे हुए भीषण सड़क हादसे में दैनिक जागरण के पत्रकार लालकिशोर महतो (55 वर्ष) की दर्दनाक मौत हो गई। वे बेटूलकलां गांव के निवासी थे। घटना की खबर फैलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

**हादसे का घटनाक्रम**-जानकारी के अनुसार, लालकिशोर महतो प्रतिदिन की तरह समाचार संकलन और प्रेषण के बाद अपनी स्कॉर्पियो से घर लौट रहे थे। डुंडीगाछी मोड़ के समीप सड़क कटाव के कारण उनका वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों की सहायता से उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गोला ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। सोमवार सुबह शव को पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ भेजा गया।

**अधूरी रह गई पिता की आकांक्षा**-लालकिशोर महतो दो पुत्रियों के पिता थे।




बताया जाता है कि वे बड़ी पुत्री की शादी की तैयारी में जुटे थे और होली के बाद प्रक्रिया करने की चर्चा चल रही थी। किंतु नियति को कुछ और ही मंजूर था और उनकी यह आकांक्षा अधूरी रह गई।

रविवार दोपहर ही उनकी दोनों बेटियां रांची से घर लौटी थीं।

घर से निकलते समय उन्होंने कहा था कि लौटकर सब साथ में भोजन करेंगे। बेटियों ने फोन पर कुछ सामान लाने की भी फरमाइश की थी। किसे पता था कि यह बातचीत अंतिम होगी। पिता के असमय निधन से बेटियां बिलख-बिलख कर रोती रहीं। यह दृश्य देखकर हर आंख नम हो उठी।

रहती थी।उनके अंतिम दर्शन के लिए सैकड़ों लोग उमड़े। धोरधोरवा नदी तट स्थित श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके भतीजे शेक्सपियर कुमार ने दी

**शोक संवेदना प्रकट करने वालों में शामिल**-सांसद मनीष जायसवाल, सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी , पार्षद जलेश्वर महतो, प्रमुख गीता देवी, कांग्रेस नेता अमित कुमार, मुखिया नुरुल्लाह अंसारी।पूर्व मुखियाः बजरंग महतो, सुरेश रजक,आलम अंसारी जबकि पत्रकार मनोज मिश्रा,प्रदीप बर्मन, सुरेंद्र कुमार, जितेंद्र कुमार ,झूलन अग्रवाल, सीताराम महतो,श्रीकांत महतो मोबिन अख्तर,राजकुमार ,छेदीलाल दास, सुरेश राम ,अंजनी कुमार, सहदेव महतो,श्रीकांत महतो,संतोष कुमार, टेकलाल महतो, दानिश पटेल, दिलीप करमाली,अशफाक अहमद के अतिरिक्त क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों ने शोक संवेदना प्रकट की।

उनके निधन से पत्रकारिता जगत ने एक निर्भीक और जनपक्षधर आवाज खो दी है। पूरे क्षेत्र में मातम पसरा है और हर जुबान पर यही प्रार्थना है कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को इस गहन दुःख को सहने की शक्ति दें।

## रोजगार और कौशल विकास योजनाओं की समीक्षा, पलायन रोकने पर जोर

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**दुमका** : उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों से पलायन रोकने और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से संचालित "आपनार आतो कामी" कार्यक्रम की प्रगति पर चर्चा हुई। कार्यक्रम के तहत अब तक 2301 प्रवासी श्रमिकों का निबंधन किया गया है, जबकि जिला नियोजन कार्यालय को स्थानीय रोजगार के लिए 58 आवेदन प्राप्त हुए हैं। उपायुक्त ने अप्रैल 2026 से इस कार्यक्रम को प्रखंड स्तर पर संचालित करने का निर्देश दिया।



गोपीकांदर स्थित आवासीय कौशल प्रशिक्षण केंद्र में युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आईटीआई दुमका में मैकेनिक इलेक्ट्रिक व्हीकल ट्रेड संचालित होने की जानकारी देते हुए नवम और दशम वर्ग के विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक भ्रमण कराने का निर्देश दिया गया।

समीक्षा के दौरान विभिन्न आईटीआई के छात्रों के नियोजन की जानकारी भी दी गई। आईटीआई जरमुंडी के 5 छात्रों का चयन होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया में हुआ। आईटीआई सरैयाहाट के 97 छात्रों को मारुति सुजुकी इंडिया, एफजेएम सिलिंडर्स प्राइवेट लिमिटेड, लार्सन एंड टुब्रो, जाय भारत मारुति, क्वेस कॉर्प लिमिटेड, रेलवे और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड में नियोजन मिला। आईटीआई दुमका के 27 छात्र सन ब्राइट मैनपावर तथा आईटीआई शिकारीपाड़ा के 4 छात्र लार्सन एंड टुब्रो में चयनित हुए। उपायुक्त ने सभी चयनित छात्रों को नियुक्ति पत्र उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने का निर्देश दिया। बैठक में श्रम अधीक्षक, जिला नियोजन पदाधिकारी, जिला कौशल पदाधिकारी और सभी आईटीआई प्राचार्य उपस्थित रहे।

## प्रखंड मुख्यालय परिसर में आयोजित होली मिलन समारोह में शामिल हुई विधायक डॉ लुईस मरांडी

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**दुमका** : रामगढ़ प्रखंड मुख्यालय परिसर में सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी कमलेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जामा विधानसभा क्षेत्र की विधायक डॉ लुईस मरांडी भी शामिल हुई। इस दौरान स्थानीय लोगों ने जमकर फगुआ के गीत गाए। विधायक डॉ लुईस मरांडी ने सभी उपस्थित लोगों को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली का त्योहार सभी जाति धर्म से ऊपर उठकर मनाए जाने वाला पर्व है। इसमें सभी लोग आपसी द्वेष भुलाकर एक दूसरे को रंग गुलाल लगाते है। उन्होंने शांति एवं सोहार्द पूर्ण ढंग से होली का त्योहार मनाने की अपील की। जिला परिषद उपाध्यक्ष सुधीर कुमार मंडल ने सभी लोगों से रामगढ़ प्रखंड में आपसी भाईचारे के साथ होली मनाने का अनुरोध किया। इस दौरान फगुआ के गीत पर लोगों ने जमकर नृत्य किया तथा एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। कार्यक्रम को प्रमुख सह झामुमो प्रखंड अध्यक्ष बाबुलाल मुर्मू ने भी संबोधित किया। इस दौरान उप प्रमुख श्रीकांत राउत, सभी पंचायतों के मुखिया, पंसस नवनीत शेखर, बबन सिंह , ललन भगत, दिवाकर मंडल, मदन मंडल, जयप्रकाश अग्रवाल, योगेन्द्र भगत, परमानन्द पंडित समेत सभी अंचल एवं प्रखंड कर्मी पंचायत सचिव, रोजगार सेवक आदि मौजूद थे।





RNI : JHAHIN/2014/54374
हिन्दी दैनिक
Rashtria Mukhyadhara
राष्ट्रीय मुख्यधारा
https://rashtriyamukhyadhara.com/
mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159
राष्ट्रवादी चेतना प्रवर्त्तक



# ट्रंपकालीन एआई घोषणापत्र

डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन एआई पर किसी प्रकार के लगाम के खिलाफ है। उसके मुताबिक इस तकनीक की राह में नियम-कायदे जैसी रुकावटें नहीं होनी चाहिए। नई दिल्ली घोषणापत्र में इसी नजरिए को जगह मिली। यानी यह ट्रंपकालीन एआई घोषणापत्र है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) पर हुए पहले तीन शिखर सम्मेलनों (लंदन, सियोल और परिस) में मुख्य जोर इस तकनीक से संबंधित सुरक्षा एवं इसका विनियमन पर था। मगर नई दिल्ली शिखर सम्मेलन में ये चिंताएं हाशिये पर चली गईं। उसके बजाय नई दिल्ली घोषणापत्र में मुख्य ध्यान आर्थिक विकास और समावेशन पर दिया गया है। लगभग 900 शब्दों के इस दस्तावेज के केंद्रीय बिंदु एआई के लोकतांत्रिक सम्मिलन का चार्टर, एआई संसाधनों तक पहुंच को प्रोत्साहित करने का स्वैच्छिक एवं अबाध्यकारी फ्रेमवर्क, और स्थानीय प्रासंगिकता के मुताबिक आविष्कार आदि हैं। ये बातें इतनी सामान्य किस्म की हैं कि इन पर मतभेद की गुंजाइश नहीं थी। इसलिए सम्मेलन में शामिल हुए सभी 88 देशों ने सहजता से इस पर दस्तखत कर दिए। जबकि 2025 में हुए पेरिस सम्मेलन में चूंकि एआई के विनियमन पर जोर दिया गया, तो अमेरिका ने साझा घोषणापत्र पर हस्ताक्षर से इनकार कर दिया था। डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन एआई पर किसी प्रकार के लगाम के खिलाफ है। उसकी दलील है कि इस तकनीक की राह में नियम- कायदे जैसी रुकावटें नहीं आनी चाहिए। नई दिल्ली घोषणापत्र को इसी नजरिए से तैयार किया गया। यानी यह ट्रंपकालीन एआई घोषणापत्र है। चीन भी एआई संप्रभुता की वकालत करता है, इसलिए ऐसे दस्तावेज पर उसे कोई आपत्ति नहीं होनी थी, जिसमें एआई विनियमन के बारे में राष्ट्रीय सरकारों के अधिकार को स्वीकार किया गया हो। चीन में एआई का उपयोग राजकीय नियोजन के तहत आम प्रशासन एवं जमीनी विकास के लिए हो रहा है। अमेरिका की तुलना में यह बिल्कुल अलग नजरिया है। चूंकि एआई के क्षेत्र में प्रमुख शक्तियां अमेरिका और चीन ही हैं, इसलिए वे अपने यहां इस तकनीक को कैसे विकसित कर रही हैं, वह इस समय वैश्विक चर्चा एवं ध्यान का प्रमुख बिंदु है।

# टेलीफोन के जनक अलेक्जेंडर ग्राहम बेल

**संजय गोस्वामी**

टेलीफोन और मोबाईल का इस्तेमाल करते वक्त हम कभी नहीं सोचते कि ये छोटी सी युक्ति या यंत्र इतनी जटिल है और इसके नेटवर्क का प्रबन्धन करना एक वास्तविक कुरूक्षेत्र के मैदान के समान है। एक व्यवस्थित सोच के कारण , आज टेलीफोन प्रणाली एक अत्यन्त विकसित किन्तु सरल उत्पादों की गिनती में शामिल है। किसी प्रोसेस को समझने के लिये हमें उसको आधार या मूल या जड के साथ उसको जोड कर समझना होता है। एक वृक्ष की ताकत उसकी शाखाओं से नहीं अपितु उसकी जडों से होती है, ठीक इसी तरह फ़ोन की तीव्रता और अटूट कनेक्शन उसके जमीनी नेटवर्क से होता है। टेलीफोन के आगमन से पहले टेलीग्राफ प्रणाली प्रचलित थी और ये रिसर्च का विषय थी। यह मुख्यतः पोस्ट ओफिसिस , रेलवे विभाग , सरकारी ओफिसिस , कुछ अखबार के ओफिसिस और धनी लोग के उपयोग में ही आती थी। ग्राहम बेल का अपने एसिसटेंट पार्टनर को पहला टेलीफोन काल था – " मिस्टर वाटसन कम हियर, आई वांट टू सी यू "। ग्राहम बेल ने सफलतापूर्वक अपने आविष्कार को एक व्यावसायिक उत्पाद में बदला। वो 'बेल' कम्पनी आज " ए टी एंड टी " के नाम से जानी जाती है। ग्राहम बेल बहरों को अध्यापन का कार्य भी करता था। उसके पिता जी ने "दृश्यमान स्पीच" का आविष्कार किया था। बेल इस तरह के यंत्रों में इच्छुक था , जो बहरे व्यक्ति को एक दृश्यमान स्पीच से सहायता कर सके। उसके बाद बेल ने अपना फोकस फोनोग्राफ बनाने पर लगाया। ग्राहम बेल ने अपने डिजाईन में प्रकृति से समानता के सिद्धांत का पालन करने का संदेश दिया है। टेलीफोन के जनक (आविष्कारक) अलेक्जेंडर ग्राहम बेल हैं। उन्होंने 7 मार्च, 1876 को टेलीफोन का पहला अमेरिकी पेटेंट प्राप्त किया और 10 मार्च, 1876 को अपने सहायक थॉमस वाटसन को पहली टेलीफोन कॉल की। उनका जन्म 1847 में स्कॉटलैंड में हुआ था और वे ध्वनि विशेषज्ञ थे ग्राहम ने ट्रांसमीटिंग यंत्र को मनुष्य के कान के समान बनाने का प्रयास किया अलेक्जेंडर ग्राहम बेल का जन्म 3 मार्च, 1847 को स्कॉटलैंड के एडिनबर्ग में हुआ था। उनका जन्मस्थान एडिनबर्ग में साउथ शार्लेट स्ट्रीट पर स्थित पारिवारिक घर था।। दूरसंचार के इतिहास के आधार पर, हालांकि कई आविष्कारकों ने ध्वनि प्रसारण के विकास में योगदान दिया, लेकिन अलेक्जेंडर ग्राहम बेल को पहले व्यावहारिक टेलीफोन का आविष्कार करने का श्रेय दिया जाता है और उन्हें 7 मार्च, 1876 को इस उपकरण के लिए पहला अमेरिकी पेटेंट प्रदान किया गया था। अलेक्जेंडर ग्राहम बेल एक इन्वेंटर, साइंटिस्ट और बहरे लोगों के टीचर थे। कनाडा और यूनाइटेड स्टेट्स के बीच बिताए अपने जीवन के दौरान, उनकी मुख्य उपलब्धियाँ टेलीफ़ोन का इन्वेंशन (1876 में पेटेंट हुआ) और फ़ोनोग्राफ़ में सुधार (1886 में पेटेंट हुआ) थीं। अलेक्जेंडर 11 साल की उम्र तक ग्राहम नाम नहीं जोड़ा गया था अलेक्जेंडर मेलविल बेल और एलिज़ा ग्रेस साइमंड्स के बेटे थे। उनकी माँ लगभग बहरी थीं, और उनके पिता बहरे लोगों को बोलना सिखाते थे, जिसने बाद में बहरे लोगों के टीचर के तौर पर उनके करियर के चुनाव पर असर डाला। 11 साल की उम्र में, उन्होंने एडिनबर्ग के रॉयल हाई स्कूल में एडमिशन लिया, लेकिन ज़रूरी कोर्स पूरा नहीं किया और 15 साल की उम्र में बिना ग्रेजुएट हुए स्कूल छोड़ दिया। 1865 में, परिवार लंदन चला गया। अलेक्जेंडर ने जून 1868 में यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन का एंट्रेंस एग्जाम पास किया और पतझड़ में वहां एडमिशन लिया। हालांकि, उन्होंने अपनी पढ़ाई पूरी नहीं की, क्योंकि 1870 में बेल परिवार फिर से कनाडा चला गया, इस बार उनके छोटे भाई एडवर्ड की 1867 में और बड़े भाई मेलविल की 1870 में टीबी से मौत के बाद। परिवार ब्रैंटफोर्ड, ओंटारियो में बस गया, लेकिन अप्रैल 1871 में अलेक्जेंडर बोस्टन चले गए, जहां उन्होंने बोस्टन स्कूल फॉर द डेफ में पढ़ाया। उन्होंने नॉर्थम्प्टन, मैसाचुसेट्स में क्लार्क स्कूल फॉर द डेफ और हार्टफोर्ड, कनेक्टिकट में अमेरिकन स्कूल फॉर द डेफ में भी पढ़ाया।बेल के स्टूडेंट्स में से एक मेबल हबर्ड थीं, जो क्लार्क स्कूल के फाउंडर गार्डिनर ग्रीन हबर्ड की बेटी थीं। मेबल पांच साल की उम्र में स्कार्लेट फीवर के एक जानलेवा दौरे की वजह से बहरी हो गई थीं। बेल ने 1873 में उनके साथ काम करना शुरू किया, जब वह 15 साल के थे। उम्र में 10 साल का अंतर होने के बावजूद, उन्हें प्यार हो गया और 11 जुलाई, 1877 को उन्होंने शादी कर ली। उनके चार बच्चे थेः एल्सी (1878–1964), मैरियन (1880–1962), और दो बेटे जिनकी बचपन में ही मौत हो गई थी।थॉमस ए. वॉटसन टेलीफ़ोन के आविष्कार के बारे में बताते हैं। अलेक्जेंडर ग्राहम बेल के असिस्टेंट, थॉमस ए. वॉटसन, टेलीफ़ोन के जन्म के बारे में बात करते हैं, जिसमें पहले बोले गए शब्द भी शामिल हैं। एक टीचर के तौर पर काम करते हुए, बेल ने एक ही तार पर एक साथ कई टेलीग्राफ़ मैसेज भेजने के तरीकों पर भी रिसर्च करना शुरू किया, जो उस समय टेलीग्राफ़ इनोवेशन का एक बड़ा फोकस था और इसी वजह से आखिरकार बेल ने टेलीफ़ोन का आविष्कार किया। 1868 में, जोसेफ़ स्टर्न्स ने डुप्लेक्स का आविष्कार किया, यह एक ऐसा सिस्टम था जो एक ही तार पर एक साथ दो मैसेज भेजता था। इंडस्ट्री में सबसे बड़ी कंपनी, वेस्टर्न यूनियन टेलीग्राफ कंपनी ने स्टर्न्स के डुप्लेक्स के राइट्स ले लिए और मशहूर इन्वेंटर थॉमस एडिसन को हायर किया ताकि वे ज़्यादा से ज़्यादा मल्टीप्लेक्स ट्रांसमिशन मेथड बना सकें ताकि कॉम्पिटिटर उनका इस्तेमाल न कर सकें। एडिसन का काम क्वाड्रप्लेक्स में खत्म हुआ, जो एक ही तार पर एक साथ चार टेलीग्राफ मैसेज भेजने का सिस्टम था। फिर इन्वेंटर ऐसे मेथड ढूंढने लगे जिनसे चार से ज़्यादा मैसेज भेजे जा सकें; कुछ, जैसे बेल और उनके बड़े कॉम्पिटिटर एलिशा ग्रे ने ऐसे डिज़ाइन बनाए जो एक टेलीग्राफ लाइन को दस या उससे ज़्यादा चैनल में बांट सकें। इन तथाकथित हार्मोनिक टेलीग्राफ में रीड या ट्यूनिंग फोर्क का इस्तेमाल होता था जो खास अकूस्टिक फ्रीक्वेंसी पर रिस्पॉन्ड करते थे। वे लैब में तो ठीक काम करते थे लेकिन सर्विस में भरोसेमंद नहीं साबित हुए। उन्होंने 14 फ़रवरी, 1876 को अमेरिकी पेटेंट कार्यालय में अपने टेलीफ़ोन का पेटेंट दाखिल किया, अपने प्रतिद्वंद्वी एलीशा ग्रे द्वारा इसी तरह के उपकरण का पेटेंट कराने के इरादे का बयान दाखिल करने से ठीक दो घंटे पहले। गार्डिनर हबर्ड के नेतृत्व में निवेशकों के एक समूह ने वेस्टर्न यूनियन से प्रतिस्पर्धा करने के लिए एक संघीय लाइसेंस प्राप्त टेलीग्राफ़ कंपनी बनाने की योजना बनाई थी, जिसके तहत वे डाक सेवा से कम लागत पर टेलीग्राम भेजने का अनुबंध करना चाहते थे। हबर्ड को हार्मोनिक टेलीग्राफ़ में अपार संभावनाएं दिखीं और उन्होंने बेल के प्रयोगों का समर्थन किया। हालांकि, बेल की रुचि मानव आवाज को प्रसारित करने में अधिक थी। अंततः, उन्होंने और हबर्ड ने एक समझौता किया जिसके तहत बेल अपना अधिकांश समय हार्मोनिक टेलीग्राफ़ पर लगाएंगे, लेकिन अपने टेलीफ़ोन के विचार को विकसित करना जारी रखेंगे। हार्मोनिक टेलीग्राफ़, जो संगीतमय स्वरों को प्रसारित करता था, के साथ बेल और ग्रे दोनों ने मानव आवाज को प्रसारित करने की दिशा में एक छोटा वैचारिक कदम उठाया। बेल ने 14 फ़रवरी, 1876 को ध्वनि संचारित करने की अपनी विधि का वर्णन करते हुए एक पेटेंट दाखिल किया, ग्रे द्वारा इसी तरह की विधि के लिए एक चेतावनी (अवधारणा का बयान) दाखिल करने से ठीक कुछ घंटे पहले। 7 मार्च 1876 को, पेटेंट कार्यालय ने बेल को वह पेटेंट प्रदान किया जिसे इतिहास के सबसे मूल्यवान पेटेंटों में से एक माना जाता है। यह अत्यंत संभव है कि बेल और ग्रे दोनों ने हार्मोनिक टेलीग्राफी पर अपने काम के परिणामस्वरूप अलग-अलग अपने टेलीफोनों की अवधारणा विकसित की हो। हालांकि, इन दोनों के बीच आविष्कार की प्राथमिकता का प्रश्न शुरू से ही विवादित रहा है।अलेक्जेंडर ग्राहम बेल और न्यूयॉर्क और शिकागो के बीच टेलीफोन कनेक्शन। अलेक्जेंडर ग्राहम बेल, जिन्होंने 1876 में टेलीफोन का पेटेंट कराया था, 18 अक्टूबर, 1892 को न्यूयॉर्क और शिकागो के बीच 1,520 km (944 mi) लंबे टेलीफोन कनेक्शन का उद्घाटन की। पेटेंट होने के बावजूद, बेल के पास पूरी तरह से काम करने वाला कोई इंस्ट्रूमेंट नहीं था।

# युद्ध लंबा खिंचा तो तेल व गैस के कीमतों में होगी वैश्विक बढ़ोत्तरी

**अमरेश द्विवेदी**

ईरान पर अमेरिका एवं इजराइल के हमले के बाद पश्चिम एशिया में होर्मुज जल डमरूमध्य क्षेत्र एक बार फिर वैश्विक चिंता का केंद्र बन गया है। फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी और अरब सागर से जोड़ने वाला यह संकरा समुद्री रास्ता दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति की जीवनरेखा माना जाता है। किसी भी सैन्य टकराव की स्थिति में यहां मामूली रुकावट भी युद्ध के परिणाम और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर गहरा असर डाल सकती है। होर्मुज जल क्षेत्र दुनिया के सबसे रणनीतिक समुद्री मार्गों में गिना जाता है। अपने सबसे पतले हिस्से में यह लगभग 34 किलोमीटर चौड़ा है और इसी रास्ते से प्रतिदिन लगभग 20 मिलियन बैरल कच्चा तेल गुजरता है जो वैश्विक समुद्री तेल व्यापार का करीब 20–25% यहीं से होता है। यह दुनिया के एलएनजी व्यापार का लगभग 20% इसी मार्ग पर निर्भर है और कुल वैश्विक समुद्री व्यापार का लगभग 11% इस रास्ते से गुजरता है। इसके साथ ही एशिया के सबसे बड़े आयातक- चीन, भारत, जापान और दक्षिण कोरिया इस मार्ग पर विशेष रूप से निर्भर हैं। होर्मुज क्षेत्र सिर्फ एक समुद्री रास्ता नहीं, बल्कि वैश्विक ऊर्जा संतुलन का केंद्र है। युद्ध की स्थिति में यहां थोड़ी सी बाधा भी तेल बाजार, अंतरराष्ट्रीय राजनीति और विश्व अर्थव्यवस्था की दिशा बदल सकती है। यही कारण है कि दुनिया की निगाहें इस संकरे लेकिन निर्णायक जलमार्ग पर टिकी हुई हैं।इस क्षेत्र का उत्तरी तट ईरान के पास है, जबकि दक्षिणी किनारा ओमान के मुसंदम प्रायद्वीप से जुड़ा है। ईरान उत्तरी प्रवेश द्वार और कई रणनीतिक द्वीपों पर नियंत्रण रखता है, जिससे उसे समुद्री गतिविधियों पर प्रभाव डालने की सामरिक क्षमता मिलती है। साल 1980–88 के ईरान-इराक युद्ध के दौरान "टैंकर युद्ध" ने इस मार्ग की संवेदनशीलता को उजागर किया था। तेल टैंकरों पर हमलों और समुद्री माइंस बिछाए जाने से वैश्विक ऊर्जा बाजार में घबराहट फैल गई थी और विदेशी नौसैनिक हस्तक्षेप बढ़ा था। हाल के वर्षों में भी प्रतिबंधों और क्षेत्रीय तनाव के दौरान जहाजों की जब्ती और चेतावनियों ने शिपिंग लागत और बीमा प्रीमियम को बढ़ा दिया हैं। ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमले के बाद अगर यह युद्ध लंबा खिंचता है तो वैश्विकस्तर पर इसके कई तात्कालिक प्रभाव दिखेंगे। जैसे कि तेल और गैस की कीमतों में उछाल। सप्लाई चेन में अस्थिरता। यहां जहाजों के रूट बदलने से देरी और बढ़ी हुई लागत वैश्विक व्यापार को प्रभावित करेंगी। आर्थिक दबाव, जो ऊर्जा आयातक देशों में महंगाई और औद्योगिक लागत बढ़ सकती है। इसके साथ ही सैन्य विस्तार का खतरा बना रहेगा जिससे समुद्री मार्ग की सुरक्षा के नाम पर बाहरी शक्तियों की मौजूदगी बढ़ जाएंगी और इससे टकराव और गहरा हो जाएगा। इसके अलावा कुछ पाइपलाइन विकल्प मौजूद हैं, लेकिन वे होर्मुज से गुजरने वाले समुद्री तेल और गैस सप्लाई के लिए विकल्प के रूप में नहीं देख सकते हैं। इसलिए यह गलियारा वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा के लिए अपरिहार्य बना हुआ है। होर्मुज सिर्फ एक समुद्री रास्ता या ऊर्जा आपूर्ति का मार्ग नहीं है, बल्कि वैश्विक ऊर्जा संतुलन का केंद्र है। युद्ध की स्थिति में यहां थोड़ी सी बाधा भी तेल बाजार, अंतरराष्ट्रीय राजनीति और विश्व अर्थव्यवस्था की दिशा बदल सकती है। यही कारण है कि दुनिया की निगाहें इस संकरे लेकिन निर्णायक जलमार्ग पर टिकी हुई हैं। साथ ही यह भू-राजनीतितक शक्ति प्रदर्शन का केंद्र भी है। युद्ध की स्थिति में इसका महत्व कई गुना बढ़ जाता है। इस क्षेत्र में ईरान की नौसैनिक रणनीति




होर्मुज को अपने निरोधक सिद्धांत का मुख्य हिस्सा मानती है। ईरान ने इस समुद्री मार्ग पर तेज गश्ती नौकाएं, एंटी-शिप मिसाइलें, समुद्री माइंस और ड्रोन और तटीय रडार सिस्टम लगा रखे हैं। इन साधनों के जरिए ईरान पारंपरिक नौसैनिक ताकतों को चुनौती दे सकता है। यह असिमेट्रिक वॉरफेयर यानी असममित युद्ध मॉडल को दिखाता है जहां बड़े युद्धपोतों के खिलाफ छोटे लेकिन तेज और घातक हमलों पर आधारित है। दूसरी तरफ, संयुक्त राज्य अमेरिका लंबे समय से खाड़ी क्षेत्र में नौसैनिक मौजूदगी बनाए हुए है। अमेरिकी फिफ्थ फ्लीट बहरीन में तैनात है और उसका मुख्य उद्देश्य समुद्री मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इन तनाव के बीच यदि गलियारे पर दबाव बढ़ता है तो मुमकिन है कि अमेरिका यहां अंतरराष्ट्रीय एस्कॉर्ट मिशन भी शुरू हो सकते हैं। इसके साथ ही मल्टीनेशनल टास्क फोर्स का गठन, ड्रोन और निगरानी गतिविधियां तेज़ होने के साथ ही इस टकराव का दायरा क्षेत्रीय से वैश्विक बन सकता है। होर्मुज में बाधा का असर केवल तेल तक सीमित नहीं रहता। कच्चे तेल की कीमतों में अचानक उछाल, एलएनजी आपूर्ति में कमी से यूरोप और एशिया में ऊर्जा संकट, शेयर बाजारों में गिरावट, महंगाई दर में वृद्धि, शिपिंग और बीमा लागत में भारी बढ़ोतरी और ऊर्जा कीमतें बढ़ने से विकासशील देशों पर सबसे अधिक दबाव पड़ेगा। इन सबके बीच एशियाई देश चीन, भारत, जापान और दक्षिण कोरिया अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए खाड़ी पर काफी निर्भर हैं। चिंता का विषय यह है कि इससे यदि आपूर्ति बाधित होती है तो रणनीतिक तेल भंडार का इस्तेमाल करना पड़ सकता है। वैकल्पिक स्रोत तलाशना होगा, साथ ही ऊर्जा सुरक्षा को लेकर दीर्घकालिक नीतिगत बदलाव करने पड़ेंगे। अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानून के तहत होर्मुज को अंतरराष्ट्रीय स्ट्रेट माना जाता है। वैसे तो किसी भी देश को इसे पूरी तरह बंद करने का अधिकार नहीं है लेकिन वर्तमान हालात पर नजर डालें तो सुरक्षा कारणों से प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं, जहाजों की तलाशी या रोक-टोक बढ़ सकती है तथा गलत आकलन से बड़ा सैन्य टकराव हो सकता है।

## आज का राशिफल

**मेष राशिः** आज आपका दिन नयी उमंगें लेकर आया है। काफी समय से किसी बात से परेशान लोग आज उसका समाधान ढूंढ लेंगे। लोगों के विचार और आपके बारे में बोली गई बातों के कारण आप मन ही मन उलझन में रहेंगे। इस राशि के स्टूडेंट आज अपनी पढाई को लेकर उत्साहित होंगे और ज्यादा समय पढ़ाई में बीतेगा, यह देखकर आपके घरवालों को ख़ुशी होगी।

**वृष राशिः** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। कारोबार में अपनी मेहनत से आगे बढ़ेंगे। आज अच्छी खबर आपको मिलेगी। आज बच्चों के साथ समय बिताएंगे उनके मन की बातों को समझेंगे। काफी समय से आपके रिश्ते की बात चल रही थी वो जल्द पक्की होगी।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज व्यक्तिगत जीवन की जिम्मेदारियों का निर्वाह करेंगे। इस राशि के राजनीतिज्ञों को लोगों का समर्थन मिलेगा। लोग आपके कार्यों की तारीफ करेंगे। पारिवारिक रिश्तों में मजबूती आयेगी। आपके दांपत्य जीवन में सुख सौहार्द की वृद्धि होगी।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन ख़ुशी से भरा रहेगा। आपके कामों की गति धीमी रहेगी, लेकिन मित्रों के साथ आपके रिश्ते बेहतर रहेंगे। इसके साथ ही आप परिवार में सबको खुश रखने की कोशिश में लगे रहेंगे आपको अच्छा लगेगा। आज आपके अंदर त्याग और सहयोग की भावना रहेगी। आज बेटी के परीक्षा के अच्छे रिजल्ट से पारिवारिक माहौल खुशनुमा बनेगा। आज आपकी उलझने कम होंगी।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। इलेक्ट्रॉनिक्स के कारोबारियों को लाभ के योग बन रहे हैं। वैवाहिक जीवन में अपनापन बढ़ेगा। आज शाम का डिनर बाहर करेंगे। बच्चों के साथ आपसी लगाव बढ़ेगा। शिक्षकों के ट्रान्सफर की परेशानियाँ ख़त्म होंगी। आप जहां चाहते हैं ट्रान्सफर वहीं होगा। आर्थिक स्थिति में मजबूती आयेगी।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपकी वाणी में कठोरता आ सकती है दूसरों के प्रति स्नेह भाव बनाएं रखें। पेट की समस्या से परेशान लोगों को ऑयली खाने से बचना चाहिए। आज संतान पक्ष से सुखद अनुभूति होगी। आज आपको आय के नवीन स्रोत मिलेंगे। दांपत्य जीवन के लिए थोड़ा समय निकालेंगे जिससे रिश्ते में अपनापन बढ़ेगा।

**तुला राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपको किसी महत्वपूर्ण चर्चा में शामिल होने का मौका मिलेगा, जिसमें आपकी सहभागिता अच्छी खासी रहेगी। आज प्रिय मित्र आपसे किसी विशेष विषय को लेकर बातचीत कर सकता है। आज कोई काम आपको सोच-विचार कर करना चाहिए। आपकी आय के मुकाबले खर्चों में अधिकता रहेगी। दांपत्य जीवन में संतोष की वृद्धि होगी।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। आज दोस्त आपका मनोबल बढ़ाएंगे। आज आपके स्वास्थ्य में बेहतरी बनी रहेगी। आज सोची हुई कार्य योजनाओं को पूर्ण करने में सफलता मिलेगी। जमीन जायदाद से जुड़े कार्य तेजी से आगे बढ़ेंगे। आज परिवार में संपत्ति संबंधित समस्या सुलझ सकता है, जिसमें आपको वरिष्ठ सदस्यों की मदद भी मिलेगी।

**धनु राशिः** आज आपका दिन सुख शांति से भरा रहेगा। पुत्र पक्ष से सहयोग मिलेगा। आपसी रिश्ते में मिठास बढ़ेगी। इस राशि के लोगों का निर्माण कार्य जल्द पूरा हो जायेगा। राजनीति से जुड़े लोगों का समाज में प्रभाव बढ़ेगा। लोग आपके कार्य से खुश होंगे। आज आपको प्रमोशन से जुड़ी खबर मिल सकती है।

**मकर राशिः** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज जिस भी क्षेत्र में आप मेहनत करेंगे उसमें उन्नति हासिल करेंगे। आज आपकी सभी परेशानियों का अंत होगा। सफलता की नई किरण दिखाई देगी। आर्थिक क्षेत्र में विकास के योग बन रहे हैं। काफी समय से वाहन लेने का मन बना रहे हैं तो आज वाहन लेने में समय आपका साथ देगा।

**कुम्भ राशिः** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आपके सोचे हुए कार्य एक-एक करके पूरे होते जायेंगे, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज आपके कारोबार में सुखद बदलाव आयेगा, आय में बढ़ोतरी होगी। इस राशि के प्रतियोगी परीक्षा के छात्रों को समझदारी से तैयारी करनी चाहिए। लवमेट की काफी समय बाद कॉल पर बात होगी।

**मीन राशिः**आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज परिवार में विशेष लोगों का आवागमन हो सकता है। आज आप इसकी तैयारी में व्यस्त रहेंगे। कविता लिखने के शौक़ीन लोगों को आगे बढ़ने का प्लेटफार्म किसी दोस्त की मदद से मिलेगा। आज आपके वैवाहिक जीवन में ढेरों खुशियाँ आएंगी। सरकारी विभाग के कर्मचारियों के वेतन में बढ़ोतरी हो सकती है। जल्द अच्छी खबर मिलेगी। आज आपका स्वास्थ फिट रहेगा।

# अमेरिका-इज़रायल के कथित संयुक्त ऑपरेशन एपिक फ्यूरी/रोरिंग लायन और ईरान के सर्वोच्च नेता की मृत्यु

**एडवोकेट किशन सनमुखदास**

मध्य पूर्व में विस्फोटक मोड़- ईरान पर अमेरिका- इजरायल के संयुक्त हमले,खामेनेई की मृत्यु और वैश्विक भू-राजनीति का नया संकट पश्चिम एशिया में शक्ति-संतुलन अत्यंत नाजुक है,एक उच्च-प्रोफ़ाइल लक्षित कार्रवाई पूरे क्षेत्र को अस्थिर कर सकती है, आने वाले सप्ताह निर्णायक होंगे - वैश्विक स्तरपर रविवार 1 मार्च 2026 को मध्य- पूर्व और विश्व राजनीति में जिस खबर ने भू-राजनीतिक हलचल मचा दी, वह थी अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर संयुक्त हवाई हमले, जिन्हें 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' और 'ऑपरेशन रोरिंग लायन' (शेर की दहाड़) नाम दिया गया,उसने वैश्विक शक्ति संतुलन को झकझोर दिया। इन हमलों में ईरान के सैन्य अड्डों और रणनीतिक प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया और ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मृत्यु की खबर ने पूरे विश्व को स्तब्ध कर दिया। यह परिदृश्य तथ्यात्मक रूप से स्थापित हों गया है,यह केवल एक सैन्य घटना नहीं बल्कि एक युगांतकारी राजनीतिक परिवर्तन होगा।इतिहास कभी-कभी ऐसे मोड़ों पर आकर ठहर जाता है जहाँ घटनाएँ केवल क्षेत्रीय नहीं रहतीं, बल्कि पूरी मानव सभ्यता की दिशा बदलने की क्षमता रखती हैं। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि आधिकारिक पुष्टि, प्रतिपुष्टि और दावों- प्रतिदावों के बीच यह घटना केवल एक व्यक्ति के निधन का प्रश्न नहीं है;यह पश्चिम एशिया की शक्ति-संतुलन संरचना, इस्लामी जगत की राजनीति,ऊर्जा बाज़ार, समुद्री व्यापार मार्गों,परमाणु प्रसार और वैश्विक सुरक्षा व्यवस्था पर दूरगामी प्रभाव डालने वाली संभावित भू-राजनीतिक भूकंप रेखा है। ईरान के सर्वोच्च नेता की भूमिका केवल धार्मिक या प्रतीकात्मक नहीं,बल्कि राज्य की सामरिक- राजनीतिक दिशा, क्षेत्रीय नेटवर्क और सुरक्षा सिद्धांत के केंद्र में रही है। इसलिए इस घटना के प्रभावों का आकलन बहु-स्तरीय दृष्टिकोण से करना आवश्यक है।सबसे पहले, पश्चिम एशिया के सामरिक परिदृश्य को समझना होगा। इज़रायल और संयुक्त राज्य अमेरिका लंबे समय से ईरान की क्षेत्रीय नीति,विशेषकर लेबनान, सीरिया, इराक और यमन में उसके प्रभाव को अपनी सुरक्षा के लिए चुनौती मानते रहे हैं। यदि कथित ऑपरेशन वास्तव में हुआ और उसके परिणामस्वरूप ईरान के सर्वोच्च नेता की मृत्यु हुई,तो यह केवल टारगेटेड स्ट्राइक नहीं बल्कि प्रतिरोध-धुरी के वैचारिक और संगठनात्मक केंद्र पर सीधा प्रहार माना जाएगा। इसका तत्काल प्रभाव ईरान के भीतर राजनीतिक स्थिरता और सत्ता-हस्तांतरण प्रक्रिया पर पड़ेगा। ईरान की संवैधानिक व्यवस्था के तहत विशेषज्ञों की परिषद नए सर्वोच्च नेता का चयन करती है, परंतु संक्रमण काल में अस्थिरता शक्ति-संघर्ष और सुरक्षा बलों की भूमिका निर्णायक हो सकती है। साथियों बात अगर हम अरब देशों और खाड़ी क्षेत्र की प्रतिक्रिया को समझने की करें तो स्वाभाविक रूप से सतर्क और संतुलित रही है। सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और क़तर जैसे देश पिछले कुछ वर्षों में ईरान के साथ संवाद और तनाव-प्रबंधन की दिशा में कदम बढ़ा रहे थे। वे प्रत्यक्ष युद्ध या व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष से बचना चाहते हैं क्योंकि उनकी अर्थव्यवस्था ऊर्जा निर्यात, वैश्विक निवेश और स्थिरता पर निर्भर है। यदि ईरान में सत्ता- संतुलन अस्थिर होता है या प्रतिशोधी हमलों की श्रृंखला शुरू होती है,तो खाड़ी के तेल-गैस प्रतिष्ठान, समुद्री मार्ग और ड्रोन/मिसाइल हमलों के खतरे में आ सकते हैं। 2019 में सऊदी तेल प्रतिष्ठानों पर हमलों की स्मृति अभी ताज़ा है; इसलिए खाड़ी देश खुली प्रतिक्रिया देने के बजाय बैक-चैनल कूटनीति को प्राथमिकता देंगे।इस्लामी जगत की व्यापक प्रतिक्रिया भी बहुस्तरीय होगी। इस्लामी सहयोग संगठन के सदस्य देशों के बीच ईरान को लेकर मतभेद हैं,कुछ देश उसे शिया नेतृत्व के रूप में देखते हैं,कुछ क्षेत्रीय शक्ति- प्रतिस्पर्धी के रूप में। फिर भी किसी संप्रभु देश के सर्वोच्च नेता की लक्षित हत्या का आरोप अंतरराष्ट्रीय कानून और संप्रभुता के प्रश्न उठाता है। ओआईसी के मंच पर कड़ी शब्दावली के प्रस्ताव आ सकते हैं,परंतु सामूहिक सैन्यप्रतिक्रिया की संभावना कम है। अधिक संभावना यह है कि सदस्य देश शांति-आह्वान, संयम और संयुक्त राष्ट्र में बहस की दिशा में आगे बढ़ें। साथियों बात अगर हम भारत के लिए इस स्थिति को समझने की करें तो,यह संकट केवलआर्थिक नहीं बल्कि रणनीतिक और मानवीय आयाम भी रखता है। खाड़ी देशों में लाखों भारतीय काम करते हैं।संयुक्त अरब अमीरात, कतर, ओमान और सऊदी अरब में बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासी रहते हैं।यही कारण है कि भारत सरकार ने अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी कर सतर्कता बरतने और अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है। यह कदम बताता है कि स्थिति केवल सैन्य नहीं बल्कि नागरिक सुरक्षा का भी प्रश्न बन चुकी है। यदि संघर्ष बढ़ता है, तो भारत को ऑपरेशन राहत जैसे निकासी अभियानों क़ी पुनरावृत्ति करनी पड़ सकती है। तो वहीं शिक्षा क्षेत्र पर भी इस संकट का प्रभाव दिखाई दे रहा है। सेंट्रल बोर्ड ऑफ़ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) द्वारा मध्य पूर्व के कई देशों में 10वीं और 12वीं की परीक्षाएँ स्थगित करने का निर्णय इस बात का संकेत है कि क्षेत्रीय अस्थिरता अब नागरिक जीवन के मूल ढांचे को प्रभावित कर रही है।

'पुष्पेश पब्लिकेशन', श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो-827013 के लिए स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **पूर्णेन्दु 'पुष्पेश'** द्वारा प्रकाशित तथा 'गोपीन्दु इंटरप्राइजेज' प्रेस, चास, बोकारो में मुद्रित। पंजीकृत कार्यालय- गोपीन्दु भवन, श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो-827013. झारखंड। रांची कार्यालय- 93, मेजर कोठी, इटकी रोड, हेहल, झारखंड।
संपादक: Purnendu 'Pusshpesh'*; प्रबंध संपादक: राजेश मोहन सहाय; धनबाद ब्यूरोचीफ: राजीव रंजन। बिहार प्रभारी: संतोष श्रीवास्तव. Mob: 9288319159; Website : www.rashtriyamukhyadhara.com *समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। • यहाँ प्रकाशित आलेखों में व्यक्त सत्य, तथ्य और विचार लेखकों के सर्वथा निजी हैं।

RNI : JHAHIN/2014/54374
हिन्दी दैनिक
Rashtria Mukhyadhara
राष्ट्रीय मुख्यधारा
राष्ट्रवादी चेतना प्रवर्त्तक
https://rashtriyamukhyadhara.com/
mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159



## संक्षिप्त समाचार

### होली के दिन सुबह नहीं चलेगी पटना मेट्रो, दोपहर 2:30 बजे से सेवा होगी शुरू, पाटलिपुत्र टर्मिनल से होगा संचालन

**पटना**। होली के दिन पटना मेट्रो के समय में बदलाव किया गया है। पटना मेट्रो 4 मार्च को सुबह के समय नहीं चलेगी। होली के अवसर पर पटना मेट्रो ट्रेन सेवाएं सुबह के सत्र में उपलब्ध नहीं रहेंगी। दोपहर 2:30 बजे से मेट्रो पाटलिपुत्र बस टर्मिनल से फिर शुरू होंगी। इसके बाद मेट्रो ट्रेन सेवाएं सामान्य शेड्यूल के अनुसार संचालित होंगी। पटना मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा यह जानकारी दी गई है। होली के बाद पटना मेट्रो आज भूतनाथ से मलाही पकड़ी तक दौड़ेगी। इसके लिए पहला ट्रायल गुरुवार को हुआ। पटना मेट्रो पहली बार शहर के अंदर दौड़ी थी। भूतनाथ से मलाही पकड़ी तक 2.75 किमी में मेट्रो का ट्रायल रन किया गया था। इस दौरान सिग्नलिंग सिस्टम की कपैसिटी, ब्रेकिंग सिस्टम का प्रदर्शन, ट्रैक और ओवरहेड इलेक्ट्रिफिकेशन सिस्टम, स्टेशन समन्वय और संचार व्यवस्था, आपातकालीन सुरक्षा प्रोटोकॉल, ट्रेन को निर्धारित अधिकतम गति तक चलाकर सभी सुरक्षा मानकों का परीक्षण किया गया था। पटना मेट्रो अधिकारियों के मुताबिक, भूतनाथ से मलाही पकड़ी के बीच 2.75 किमी में परिचालन की अंतिम तैयारी चल रही है। इसके बाद लोग मलाही पकड़ी से पाटलिपुत्र बस टर्मिनल तक 6.2 किमी एलिवेटेड मेट्रो पर सफर करेंगे। इनके बीच पांच स्टेशन पाटलिपुत्र बस टर्मिनल, जीरोमाइल, भूतनाथ, खेमनीचक और मलाही पकड़ी में होंगे। खेमनीचक एलिवेटेड स्टेशन को एक्सचेंज स्टेशन बनाया जा रहा है। यहां से कॉरिडोर-1 और कॉरिडोर-2 दोनों तरफ जाने वाली रूट की मेट्रो मिलेगी। इस कारण स्टेशन के निर्माण में समय लग रहा है।



### पवन सिंह का राज्यसभा जाना तय-करीबी गुंजन सिंह का दावा, हाल में नितिन नवीन से मिले थे पावर स्टार

**पटना**। भोजपुरी स्टार पवन सिंह के खास माने जाने वाले भोजपुरी गायक गुंजन सिंह ने बड़ा दावा किया है। गुंजन सिंह ने कहा है कि पवन सिंह का राज्यसभा जाना तय है। उन्होंने कहा कि नोटिफिकेशन आने दीजिए। सब क्लीयर हो जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह को जवाब दिया है। अक्षरा सिंह ने एक इंटरव्यू में कहा था कि, पवन सिंह सड़ा हुआ नाम है। इस पर गुंजन सिंह ने कहा, 'जब साथ थी तो क्या-क्या नहीं करती थीं। कल साथ थी तो ठीक था। अब दूर होने पर पता नहीं क्या क्या कह रही है।' गुंजन सिंह ने खेसारी लाल को कहा कि पवन भइया के बारे में बोलने से पहले सोच कर बोला करो। दिल्ली में बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन से पवन सिंह ने हाल ही में मुलाकात की थी। इस मुलाकात के बाद पवन सिंह ने कहा था कि नितिन नवीन से मिलकर उनका आशीर्वाद लिया। राज्यसभा जाने पर उन्होंने कहा था कि जो भगवान चाहेंगे वही ना होगा। बता दें कि बिहार विधानसभा चुनाव के वक्त पवन सिंह की आरा सीट से भी चुनाव लड़ने की तेज चर्चा थी। हालांकि, पवन सिंह ने चुनाव तो नहीं लड़ा था लेकिन चुनाव में बीजेपी के लिए उन्होंने जमकर प्रचार किया था। ऐसा कहा जा रहा है कि विधानसभा चुनाव में पवन सिंह की मेहनत को देखते हुए पार्टी उन्हें राज्यसभा सीट बतौर इनाम दे सकती है। इधर, रालोमा अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा दिल्ली रवाना हुए हैं। सूत्रों की मानें तो दिल्ली में उनकी मुलाकात बीजेपी के बड़े नेताओं से हो सकती है। राज्यसभा उम्मीदवारी की चर्चा के बीच उनका यह दिल्ली दौरा महत्वपूर्ण है।



### तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो में मारी टक्कर, एक मौत, पोता को इलाज कराने जा रहे थे दादा

**हाजीपुर**। वैशाली में सोमवार की अहले सुबह करीब 1 बजे लालगंज के घटारो में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को करताहा पुलिस ने सदर अस्पताल हाजीपुर पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। स्थानीय निवासी रवि कुमार साहू के अनुसार रामनगर टोला निवासी शिवकुमार सिंह अपने पोते को इलाज कराने के लिए टेम्पू से घटारो चौक जा रहे थे। ऑटो पर शिवकुमार सिंह, उनकी बहू और पोता सवार थे, जबकि ऑटो को उनका बेटा मौसम कुमार चला रहा था। यह पूरी परिवारिक यात्रा अचानक दर्दनाक हादसे में बदल गई। लालगंज की ओर से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने टेम्पू में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टेम्पू पर सवार बहू, बेटे और पोते को गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद शिवकुमार सिंह कहीं दिखाई नहीं दिए। शोर सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और खोजबीन शुरू की। कुछ दूरी पर सड़क पर ही शिवकुमार सिंह का शव पड़ा मिला। घटना की सूचना मिलते ही करताहा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस टीम ने तत्काल घायलों को सदर अस्पताल हाजीपुर भेजा और मृतक शिवकुमार सिंह के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। घटना के बाद क्षेत्र में दुख और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मुख्य सड़क पर तेज रफ्तार वाहन और रात्रि में ट्रकों की अनियंत्रित आवाजाही लगातार हादसों का कारण बन रही है।

### बुजुर्ग महिला की गला रेतकर हत्या, शराब पीने से रोकने पर बदमाशों ने हसुआ से काटा



**हाजीपुर**। वैशाली में एक बुजुर्ग महिला की हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना राघोपुर प्रखंड के जुड़ावनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत राघोपुर पूर्वी पंचायत के वार्ड संख्या 12 की है, जहां 70 वर्षीय महिला की गला रेतकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान दाजो देवी (लगभग 70 वर्ष), पत्नी स्वर्गीय देव विलास राय के रूप में हुई है। वह पिछले करीब 15 वर्षों से अपने घर में अकेली रह रही थीं। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत और शोक का माहौल है। मृतका के पुत्र सुनील राय ने बताया कि कुछ असामाजिक तत्व अक्सर उनके घर के पास बैठकर शराब पीते थे। उनकी मां इसका विरोध करती थीं, जिस पर उन्हें कई बार जान से मारने की धमकी दी गई थी। सुनील राय ने पुलिस को बताया कि वह और उनका भाई रांची में रहते हैं। वे एक सप्ताह पहले गांव आए थे और शुक्रवार को मां से मिलकर वापस लौट गए थे। शनिवार शाम तक उनकी मां से मोबाइल पर बातचीत हुई थी, लेकिन इसके बाद उनका फोन बंद आने लगा। रविवार रात पड़ोसियों ने सुनील राय को सूचना दी कि उनकी मां की हत्या कर दी गई है। सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जहां दाजो देवी का शव घर के कमरे में खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची जुड़ावनपुर थाना पुलिस ने घटनास्थल से खून से सना एक हसुआ बरामद किया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, हाजीपुर भेज दिया गया है। परिजनों ने हत्या के साथ लूट की आशंका भी जताई है। उनका कहना है कि वृद्धा के कान में पहनी सोने की बाली और गले में पड़ी चाबी गायब है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और विभिन्न बिंदुओं पर जांच जारी है। घटना के बाद पूरे इलाके में मातम और असुरक्षा की भावना व्याप्त है। पुलिस का कहना है कि मामले का जल्द खुलासा करने का प्रयास किया जा रहा है। जुड़ावनपुर थाना अध्यक्ष अभिषेक कुमार ओझा ने बताया कि इस मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# कोचिंग संस्थानों अवैध होटल-हॉस्टल अस्पतालों में फायर सेफ्टी ऑडिट

**एजेंसी, पटना**



राजस्थान और महाराष्ट्र की हालिया घटनाओं के बाद बिहार में अग्निशमन विभाग अलर्ट मोड में है। पटना के भीतर 150 से अधिक संस्थानों को चिन्हित किया गया है, जहां अग्नि सुरक्षा मानकों का उल्लंघन पाया गया है। इनमें कोचिंग संस्थान, अवैध होटल-हॉस्टल, अस्पताल और बहुमंजिला इमारतें शामिल हैं। राज्य अग्निशमन पदाधिकारी मनोज कुमार नट ने बताया कि अब तक करीब 80 संस्थानों की जांच हो चुकी है। कई जगह गंभीर खामियां मिली हैं। संबंधित संस्थानों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। तय समय में सुधार नहीं हुआ तो FIR दर्ज कराई जाएगी। कुछ मामलों में वैधानिक एजेंसियों को भी पत्र लिखा गया है।

**कहां-कहां मिली खामियां:** राज्य अग्निशमन पदाधिकारी ने बताया कि, ऐसी संस्थाओं में फायर सेफ्टी को लेकर कई खामियां पाई गईं। जांच में सामने आया कि कई इमारतों में फायर एक्सटिंग्विशर तक नहीं हैं। हाईराइज बिल्डिंग में मानकों के अनुरूप अग्नि सुरक्षा व्यवस्था नहीं। कोचिंग संस्थानों की सीढ़ियां संकीर्ण, आपात निकास का अभाव। पहुंच मार्ग तंग, जिससे दमकल वाहन पहुंचने में दिक्कत। सीढ़ियों के नीचे ज्वलनशील पदार्थों का भंडारण। इन सभी को नोटिस जारी किया गया है। ऐसे संस्थानों को पहले भी निर्देश दिया गया था कि मानकों को पूरा कर लें। बावजूद इसके अभी तक नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। ऐसे में अग्निशमन विभाग अब इनके खिलाफ सख्ती से पेश आएगा। मुसल्लहपुर, कंकड़बाग और बोरिंग रोड में सबसे ज्यादा

**❐ पटना में 150 संस्थाओं को भेजा नोटिस, मानक नहीं पूरे किए तो होगी एफआईआर**

गैदरिंग पटना के अंदर मुसल्लहपुर कंकड़बाग बोरिंग रोड का इलाका कोचिंग संस्थानों का हब है। यहां सबसे अधिक गैदरिंग होती है। यहां पर कई ऐसी संस्थाएं हैं, जिसमें कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

अग्निशमन विभाग का भी इन इलाकों की संस्थाओं पर पैनी नजर है। एक टीम गठित की गई है, जो लगातार ऐसी संस्थाओं में जा रही है और उनके मानकों की जांच पड़ताल कर रही है। फिलहाल. आज भी अग्निशमन विभाग की कार्रवाई चल रही है। टीम सुबह से 10 से अधिक संस्थाओं की पड़ताल कर चुकी है।

**महावीर मंदिर के संध्या आरती के समय में हुआ बदलाव**

## होली के दिन से शाम 8 बजे होगी आरती, चंद्रग्रहण के कारण सात घंटे बंद रहेगा मंदिर का पट

**एजेंसी, पटना**

पटना महावीर मंदिर के संध्या आरती के समय में बदलाव किया गया है। होली के दिन से यानी 4 मार्च से अब शाम की आरती 8 बजे होगी। 3 मार्च को चंद्रग्रहण को लेकर मंदिर का पट लगभग सात घंटों के लिए बंद रहेगा। चंद्रग्रहण शाम 05:50 से 06:46 तक है। सूतक के कारण मंदिर का पट दोपहर 02:30 बजे से रात के 9 बजे तक बंद रहेगा।

इस दौरान भक्त हनुमान जी सहित किसी भी देवी-देवता का दर्शन नहीं कर सकेंगे। ग्रहण समाप्त होने और शुद्धिकरण की प्रक्रिया के बाद रात 9:05 बजे मंदिर के पट फिर से श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। जो भी भक्त हैं, वह 02:30 बजे से पहले ही दर्शन कर सकेंगे। हालांकि, बुधवार से मंदिर का पट अपने निर्धारित समय पर ही खुलेगा।

**महावीर मंदिर प्रबंधन की ओर से दी गई जानकारी:** यह जानकारी महावीर मंदिर प्रबंधन की ओर से दी गई है। चंद्र ग्रहण के दिन मंगलवार पड़ रहा है और इस दिन हनुमान मंदिर में काफी भीड़ रहती है। मंदिर प्रबंधन ने सूचना जारी करते हुए इस बात की जानकारी दी ताकी



भक्तों को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो। वहीं, महावीर मंदिर प्रतिदिन सुबह 5:00 बजे से रात 10:30 बजे तक खुला रहता है। मंदिर खुलते ही सुबह 5 बजे मंगला आरती होती है और फिर 11 बजे भोग आरती होती है। वहीं, संध्या आरती का समय शाम के 7:30 बजे है।

**ग्रहण के दौरान मूर्ति पूजा और मूर्तियों का स्पर्श वर्जित:** ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक ग्रहण के दौरान मूर्ति पूजा और मूर्तियों का स्पर्श वर्जित होता है। इसके अलावा भोजन पकाना या खाना, नए कार्य का आरंभ, तुलसी के पौधे को स्पर्श नहीं करना चाहिए। गर्भवती महिलाओं को चाकू एवं छुरी का प्रयोग नहीं करें, क्योंकि इसका सीधा असर गर्भ में पल रहे बच्चे पर होता है। चंद्रग्रहण को नग्न आंखों से न देखें। ग्रहण काल के पहले भोज्य और पेय पदार्थों में कुश रख दें।

# मद्य निषेध विभाग की छापेमारी, महिला की मौत

**एजेंसी, पटना**

पटना के बिक्रम थाना क्षेत्र स्थित अख्तियारपुर मुसहरी में सोमवार को मध्य निषेध विभाग की छापेमारी के दौरान भगदड़ मच गई। इस घटना में लक्ष्मीनीया देवी नामक एक महिला की मौत हो गई। महिला की मौत के बाद इलाके में तनाव फैल गया और आक्रोशित ग्रामीणों ने बिक्रम-पाली मुख्य मार्ग को जाम कर दिया।

जानकारी के अनुसार, मध्य निषेध विभाग की टीम अख्तियारपुर मुसहरी में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई के लिए पहुंची थी। छापेमारी की खबर फैलते ही वहां अफरातफरी का माहौल बन गया और लोग इधर-उधर भागने लगे। इसी भगदड़ में लक्ष्मीनीया देवी गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिक्रम ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की सूचना मिलते ही मुसहरी



के ग्रामीण आक्रोशित हो गए। गुस्साए ग्रामीणों ने लाठी-डंडा लेकर बिक्रम-पाली मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। सड़क जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह ठप हो गया। ग्रामीण घटना की उच्चस्तरीय जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे थे। पुलिस अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया। अधिकारियों ने निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया, जिसके बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम समाप्त कर दिया और यातायात सामान्य हो सका।

# चिराग के दफ्तर में होली, रंग-गुलाल के बीच गूंजे ढोल, वीणा सिंह बोलीं-राज्यसभा पर अंतिम फैसला अध्यक्ष का

**एजेंसी, पटना**

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के कार्यालय में होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। रंग-गुलाल और ढोल-नगाड़ों के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं, वहीं चिराग पासवान ने भी कार्यकर्ताओं के साथ जमकर होली खेली और सभी को पर्व की बधाई दी।

**होली भाईचारे और सामाजिक समरसता का पर्व-चिराग:** पारंपरिक गीत-संगीत के बीच कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। चिराग पासवान ने कहा कि, होली भाईचारे और सामाजिक समरसता का पर्व है, जो सभी को एकजुट करता है। उन्होंने



कामना की कि यह पर्व बिहार में सुख, शांति और विकास का संदेश लेकर आए।

**शादी के सवाल पर क्या बोले चिराग?:** कार्यक्रम के दौरान जब चिराग पासवान से उनकी शादी को लेकर सवाल किया तो उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि, 'इसका मेरे पास कोई जवाब नहीं है। लेकिन हर किसी के जीवन में खुशियों का संग बना रहे, यही जरूर चाहूंगा।'

**सांसद वीणा सिंह का बयान:** इस मौके पर एलजेपी (रामविलास) की सांसद वीणा सिंह ने कहा कि, 'पार्टी ने राजनीति में एक मजबूत मुकाम हासिल किया है और आगे भी संगठन को और सशक्त बनाया जाएगा। बिहार की जनता ने पार्टी को आशीर्वाद दिया है। इसी का परिणाम है कि पार्टी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। हम लोगों को जनता ने जो मजबूती दी है, उसके लिए हम आभारी हैं।'

**राज्यसभा चुनाव पर बोले चिराग:** राज्यसभा में एक सीट की मांग को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि इस विषय में अंतिम निर्णय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का होगा और जो भी निर्णय लिया जाएगा, सभी कार्यकर्ता उसे स्वीकार करेंगे। विपक्ष पर निशाना साधते हुए वीणा सिंह ने तेजस्वी यादव को लेकर कहा कि जब उनके पास विधायक ही नहीं हैं तो वे राज्यसभा कैसे जाएंगे?

# राज्यसभा उम्मीदवारी को लेकर उपेंद्र कुशवाहा पहुंचे दिल्ली

**एजेंसी, पटना**

राज्यसभा के पास सीटों के चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा (RLM) के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा को दिल्ली बुलाया गया है। जानकारी के अनुसार वे दिल्ली के लिए रवाना हो चुके हैं, जहां उनकी मुलाकात भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेताओं से हो सकती है। राज्यसभा चुनाव को लेकर चल रही अटकलों के बीच कुशवाहा का यह दिल्ली दौरा खासा अहम माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार इस मुलाकात में राज्यसभा उम्मीदवारी, आगामी चुनावी रणनीति और बिहार में गठबंधन की मजबूती जैसे मुद्दों पर चर्चा संभव है।

**राज्यसभा की चर्चा से बढ़ी सरगर्मी:** बिहार में राज्यसभा की संभावित सीटों को लेकर सियासी दलों के बीच अंदरखाने मंथन जारी है। ऐसे में उपेंद्र कुशवाहा का दिल्ली दौरा इस बात के संकेत दे रहा है कि राष्ट्रीय स्तर पर कुछ बड़े राजनीतिक फैसले लिए जा सकते हैं। हालांकि, अभी तक न तो आरएलएम की ओर से



और न ही बीजेपी की तरफ से किसी आधिकारिक बयान की पुष्टि हुई है।

**मर्जर की अटकलें भी तेज:** इधर, राष्ट्रीय लोक मोर्चा और भारतीय जनता पार्टी के बीच संभावित विलय (मर्जर) की खबरें भी राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बनी हुई हैं। पिछले कुछ समय से दोनों दलों के बीच बढ़ती नजदीकियों को इसी कड़ी में देखा जा रहा है। आगामी दिनों में दोनों पार्टी के औपचारिक विलय को लेकर के भी निर्णय लिया जा सकता है।

**बिहार के 5 सीटों पर चल रही मंथन:** भारत निर्वाचन आयोग ने बिहार और पश्चिम बंगाल सहित 10 राज्यों की 37 राज्यसभा सीटों पर द्विवार्षिक चुनाव की घोषणा

**❐ आरएलएम और भाजपा में मर्जर को लेकर चर्चा गर्म, बीजेपी के बड़े नेताओं से मिलकर लेंगे फैसला**

कर दी है, जिनमें बिहार की 5 सीटें भी शामिल हैं। इन सीटों के लिए आधिकारिक अधिसूचना 26 फरवरी 2026 को जारी की गई और नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 5 मार्च तय की गई है। मतदान और मतगणना दोनों प्रक्रियाएं 16 मार्च 2026 को संपन्न होंगी।

**बिहार के इन सांसद का कार्यकाल हो रहा खत्म:** बिहार में जिन 5 सदस्यों का कार्यकाल अप्रैल में समाप्त हो रहा है, उनमें राज्यसभा उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह, रामनाथ ठाकुर (JDU), प्रेम चंद्र गुप्ता, अमरेंद्र धारी सिंह (RJD) और उपेंद्र कुशवाहा (RLM) शामिल हैं। इन सीटों पर जीत के लिए एनडीए और विपक्षी महागठबंधन अपनी रणनीतियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं।

# पटना में 15 मार्च को 7वां भोजपुरी सिने अवॉर्ड्स, सिनेमा जगत की हस्तियां होंगी शामिल

**एजेंसी, पटना**

भोजपुरी सिनेमा के 7वें सरस सलिल भोजपुरी सिने अवॉर्ड्स शो का आयोजन 15 मार्च को राजधानी पटना के बापू सभागार में किया जाएगा। यह समारोह भोजपुरी फिल्म उद्योग के लिए एक बड़े सांस्कृतिक उत्सव के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें सिनेमा जगत की नामचीन हस्तियां शिरकत करेंगी। सरस सलिल के इंचार्ज भानु प्रकाश राणा ने बताया कि यह अवॉर्ड शो अब बिहार की राजधानी पटना में हो रहा है, जो एक नए अध्याय की शुरुआत है। इस बार इसे और भव्य और बड़े स्तर पर किया जाएगा और दर्शकों के लिए यह मनोरंजन का शानदार अनुभव रहेगा।

भानु प्रकाश राणा ने बताया कि इस अवॉर्ड शो में नामांकित फिल्मों और कलाकारों को जूरी की ओर से चयनित कर विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, लाइव म्यूजिकल परफॉर्मेंस और स्टार नाइट मुख्य आकर्षण रहेंगे।

**डिजिटल युग के साथ बदला अवॉर्ड शो का स्वरूप:** भोजपुरी सिनेमा के कॉमेडियन रोहित सिंह मटरू ने बताया इस वर्ष के आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता इसका परिवर्तित फॉर्मेट है। बदलते समय और डिजिटल प्लेटफॉर्म के विस्तार को ध्यान में रखते हुए इस बार अवॉर्ड शो को तीन प्रमुख वर्गों में बांटा गया है। सिनेमा (थिएटर रिलीज फिल्में), ओटीटी प्लेटफॉर्म और यूट्यूब/टीवी कंटेंट के आधार पर बेस्ट अवॉर्ड्स दिए जाएंगे। आयोजन समिति से जुड़े बृहस्पति कुमार पांडेय



**♦ सांस्कृतिक प्रस्तुतियां-लाइव म्यूजिकल परफॉर्मेंस होंगे**

ने बताया कि भोजपुरी कंटेंट अब केवल सिनेमाघरों तक सीमित नहीं है, बल्कि ओटीटी और डिजिटल माध्यमों के जरिए विश्वभर में देखा जा रहा है। ऐसे में इन प्लेटफॉर्म पर कार्य करने वाले कलाकारों और तकनीशियनों को समान मंच देना समय की आवश्यकता है।

**2020 से शुरू हुआ सम्मान का यह सिलसिला:** सरस सलिल भोजपुरी सिने अवॉर्ड्स शो की शुरुआत 2020 में बस्ती जिले से हुई थी, जिसका उद्देश्य था भोजपुरी सिनेमा को एक व्यवस्थित और प्रतिष्ठित मंच देना था। लोकप्रिय पत्रिका सरस सलिल की ओर से शुरू की गई इस पहल ने कुछ ही वर्षों में भोजपुरी फिल्म उद्योग में अपनी विशेष पहचान बना ली। इसके बाद अयोध्या में 3 बार, बस्ती में 2 बार, इसका आयोजन हुआ था। लगातार इस आयोजन की भव्यता और सहभागिता में वृद्धि होती गई।

# आईपीएस की बुक साइबर फ्रॉड करेगी लोगों को सतर्क

**एजेंसी, पटना**

पटना में IPS सुशील कुमार की बुक साइबर कथाएं- डिजिटल सुरक्षा की राह पर को लेकर गांधी संग्रहालय में परिचर्चा का आयोजन हुआ। परिचर्चा में बड़ी संख्या में पटना के साहित्यकार, रंगकर्मी, पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता सहित समाज के विभिन्न क्षेत्रों के लोग शामिल हुए। इस दौरान बुक से जुड़ी कई बातें रखी गईं। देश और प्रदेश में हो रहे साइबर क्राइम को लेकर सभी ने चिंता जताई और सुझाव भी व्यक्त किए। वहीं, किताब को लेकर कवि प्रो. रमेश ऋतंभर ने कहा कि पूंजीवाद के संकट के दौर में यह किताब हमारे अंदर के भय, छल और कपट को सामने लाती है। यह क्राइम से बचने की कोई किताब नहीं है। यह लेखन है, रचनात्मक लेखन है। आगे कहा, हमें कैसे और क्यों ठग लिया जाता है? हम लालच के कारण ठगे जा रहे हैं। यह हमारे समय समाज के अंदर के ठग लिए जाने की प्रवृत्ति को समाने लाती है। ज्यादातर जल्दी अमीर बनने और अन्य कारणों से ठगी के शिकार हो रहे हैं।

**बुक के लेखक बोले-कहानियों के जरिए दिए हैं कई संदेश:** पुस्तक लेखक सुशील कुमार ने बताया, साइबर से संबंधित अपराध जब 2015 से 2018 के बीच बढ़ रहा था, तब थाने से भगा दिया जाता था। पुस्तक को सरल



भाषा में कैसे लाई जाए यह चुनौती थी। आगे कहा, मैंने छोटी-छोटी कहानियों के माध्यम से अपनी बात कहने की कोशिश की। किताब को रोचक बनाने के लिए शीर्षक रखे गए हैं। सभी अच्छी कहानियां हैं पर जिनकी कहानियां हैं, उनकी निजता का सम्मान करने लिए नाम बदल दिया गया है।

**डिजिटल अरेस्ट के दौर में साइबर सुरक्षा जरूरी है:** नीरज गुरु ने कहा कि किताब का टाइटल डिजिटल सुरक्षा की राह बहुत महत्वपूर्ण है। आजकल डिजिटल अरेस्ट कर लिया जाता है। ऐसे में साइबर सुरक्षा की जरूरत है। किताब में भोजपुर जिले की एक शिक्षिका की कहानी के माध्यम से अपनी बात

**♦ प्रदेश की 50 घटनाओं की कहानियां, कॉल सेंटर से बड़े पैमाने पर पनपता अपराध**

कही गई है। इसमें पचास कहानियां शामिल हैं। साइबर क्राइम के मोड्स ऑपरेंडी से हमें परिचित कराती है किताब। बिहार प्रगतिशील लेखक संघ के अध्यक्ष व चर्चित कथाकार संतोष दीक्षित ने कहा, मेरे लिए आज दोहरी खुशी है। सुशील को मैं कवि मानता था, लेकिन अब वे कथा की ओर आ रहे हैं। साइबर क्राइम संगठित रूप से कॉल सेंटर चलाकर किया जाता है। हिंदी में यह अपने ढंग की पहली किताब है। कथा जगत का यह आधुनिक विस्तार है। अपने यहां पंचतंत्र और जातक कथाओं की बातें हमारी स्मृतियों में मौजूद हैं। यह किताब उसका आधुनिक रूप है। यह अपराध की कार्यशैली को कथाओं के माध्यम से सामने लाकर जागरूक तो बनाता ही है हमें सुरक्षित भी करता है। साइबर की दुनिया रोमांचकारी और खतरों से भी भरी हुई है। शिल्प की दृष्टि से रिपोर्ताज और कथा दोनों है। एमिटी यूनिवर्सिटी में लॉ फैकल्टी के डीन राजीव रंजन ने कहा कि साइबर अपराध जितने बड़े पैमाने पर हो रहे हैं, इससे संबंधित जितने तकनीकी टर्म्स रहे हैं।

हिन्दी दैनिक Rashtria Mukhyadhara
राष्ट्रीय मुख्यधारा
राष्ट्रवादी चेतना प्रवर्तक
https://rashtriyamukhyadhara.com/
mukhyadhara.daily@gmail.com +91 8873 319 159
बोकारो, मंगलवार, 03 मार्च, 2026



## संक्षिप्त समाचार

### अलीगढ़ की आरटीओ प्रवर्तन वंदना सिंह और आरआई निलंबित, बस की फर्श टूटने से गई थी बच्ची की जान




**अलीगढ़ एजेंसी।** अलीगढ़ में स्कूल बस से गिरकर छात्रा की मौत के मामले में परिवहन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। अलीगढ़ की आरटीओ प्रवर्तन वंदना सिंह और तत्कालीन सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) चंपालाल को रविवार को निलंबित कर दिया गया। चंपालाल की वर्तमान तैनाती सिद्धार्थनगर में है। दोनों के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं। परिवहन आयुक्त किंजल सिंह के मुताबिक 28 फरवरी को अलीगढ़ सीमा से सटे कासगंज के ग्राम–नगला साधु में स्कूल बस का फर्श टूटने से एक बच्ची सड़क पर गिर गई थी फिर उसके ऊपर पहिया चढ़ गया था। हादसे में बच्ची की मौत हो गई थी। हादसे के बाद जब जांच हुई तो पता चला कि बस का बीमा नहीं है। वहीं परमिट की भी वैधता खत्म हो चुकी है। मामले का संज्ञान परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने लिया। मामले में उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र) आगरा, एआरटीओ (प्रशासन/प्रवर्तन) अलीगढ़, एआरटीओ (प्रशासन/प्रवर्तन) कासगंज और अलीगढ़ के यात्रीकर अधिकारी को नोटिस जारी किया गया है। तीन दिन के भीतर उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है। उसके बाद उनकी जिम्मेदारी तय की जाएगी। वहीं स्कूल प्रबंधन के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की तहरीर भी दी गई है।

### शक्तिनगर में 1.20 करोड़ रुपये से बनेगी सड़क

**गोरखपुर, एजेंसी।** गोरखपुर। वार्ड नंबर–46 स्थित शक्तिनगर से सहदेवनगर कॉलोनी तक जल्द ही विकास कार्यों की नई तस्वीर देखने को मिलेगी। क्षेत्र की टूटी सड़कें, जलभराव और अव्यवस्थित नालियों को ध्यान में रखते हुए नगर निगम ने आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में ठोस पहल की है। 15वें वित्त आयोग की निधि से प्रस्तावित इस परियोजना को मेयर डॉ. मंगलेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता वाली समिति से स्वीकृति मिल चुकी है, जिसके बाद टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। करीब 1.20 करोड़ रुपये से सीसी सड़क का निर्माण कराया जाएगा। परियोजना का उद्देश्य केवल सड़क निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि क्षेत्र में आवागमन सुगम बनाना और जल निकासी की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करना भी है। इसके तहत आरसीसी नाली का निर्माण कर उसे गोड़धोइया नाले से जोड़ा जाएगा, जिससे बरसात में जल भराव की समस्या से निजात मिल सके। इसके अलावा साइड पटरी पर इंटरलॉकिंग कर पैदल चलने वालों और स्थानीय निवासियों को अतिरिक्त सुविधा दी जाएगी।

### फ्रीजर में लाश और तीन दिन से बंद बिरयानी की दुकान, हत्या के बाद छिपा दिया शव!

**लखनऊ, एजेंसी।** यूपी की लखनऊ से एक और सनसनीखेज मामले मामला सामने आया है। यहां बख्शी का तालाब के किशनपुर गांव निवासी विजय पाल (38) का शव रविवार सुबह जीसीआरजी कॉलेज गेट के सामने स्थित वेज बिरयानी की दुकान में रखे फ्रीजर में मिला। विजय शुक्रवार दोपहर से लापता थे। पुलिस को घटनास्थल पर मिले परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर हत्या की आशंका है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। हार्ट और विसरा सुरक्षित रखा गया है। परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। विजय के पिता डलई ने बताया कि बेटा खेती–किसानी के साथ टेलीकॉम कंपनी में केबल बिछाने का काम करता था। शुक्रवार दोपहर वह घर से बिना किसी को कुछ बताए ही निकला था। इसके बाद घर नहीं लौटा। परिजनों ने उसे काफी तलाशा पर कुछ पता नहीं चल सका। मोबाइल पर कॉल की गई पर संपर्क नहीं हो सका। रविवार सुबह जीसीआरजी कॉलेज के सामने बनी वेज बिरयानी की दुकान के मालिक माल के निकरोजपुर गांव निवासी सनी बर्तन लेने पहुंचे तो फ्रीजर में विजय का शव पड़ा देखा। शव मिलने की सूचना पाकर मौके पर डीसीपी नॉर्थ गोपाल चौधरी, एडीसीपी ऋषभ रूणवाल पुलिस टीम के साथ पहुंचे। छानबीन के लिए फोरेंसिक टीम को भी बुला लिया गया। शव के पास मिले मोबाइल व आधार कार्ड की मदद से शव की पहचान की गई और खबर परिजनों को दी गई। पुलिस को घटनास्थल पर मिले कुछ साक्ष्यों ने हत्या की ओर इशारा किया है। विजय पाल की एक चप्पल सड़क के किनारे मिली, जबकि दूसरी दुकान के अंदर मिली। दुकान के अंदर से शराब के खाली पाउच और गिलास भी बरामद हुए हैं। पुलिस का मानना है कि संभवत: विजय पाल की हत्या कहीं और की गई और बाद में उनके शव को दुकान के फ्रीजर में छिपा दिया गया। छानबीन में पता चला कि वेज बिरयानी की दुकान बक्शी के तालाब पर्वतपुर निवासी अजय की है। दुकान को सनी ने किराये पर ले रखा है। दुकान अस्थायी है। तीन तरफ से टिन लगी है और सामने का रास्ता खुला हुआ है। सनी के पिता की चार दिन पहले मौत हो गई थी। इसी वजह से उनकी दुकान बंद थी। रविवार को वह दुकान से बर्तन निकालने पहुंचे थे। इंस्पेक्टर बख्शी का तालाब संजय सिंह ने बताया कि छानबीन व जांच में पता चला है कि विजय जुआ खेलने और शराब पीने के आदी थे। पुलिस इस एंगल से भी मामले की जांच कर रही है। विजय के मोबाइल फोन की कॉल डिटेल से पता लगाया जा रहा है कि विजय की आखिरी बार बात किससे हुई थी। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

# 5000 भक्तों ने कान्हा संग खेली फूलों की होली



**वाराणसी, एजेंसी।** इस्कॉन मंदिर की ओर से रविवार को गुरुधाम पार्क में फूलों की होली हुई। 5000 भक्तों ने कान्हा संग फूलों की होली खेली। युवाओं होली के रंग में डूबे रहे। प्रभु की 51 तरह के फूलों से सजी झांकी के सभी ने दर्शन किए और फूलों से होली खेली।

बनारस के अलावा कोलकाता और पूणे से 10 क्विंटल फूलों से होली हुई। इस दौरान होली-भजन क्लबिंग के कलाकारों ने होरी और व्रज के गीतों से सभी को झुमाया। राज्यमंत्री रविंद्र जायसवाल ने शिरकत की।

इस्कॉन यूथ फोरम के संयोजन में फूलों की होली-भजन क्लबिंग थीम पर भक्ति, संगीत और सांस्कृतिक ऊर्जा का अनुपम संगम दिखा। युवाओं को समर्पित उत्सव में 5000 युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर होली के वास्तविक आध्यात्मिक स्वरूप का अनुभव किया। प्रभु को 51 तरह के फूलों से श्रृंगार हुआ। कान्हा के वस्त्र, हार, बाजूबंद सहित सभी तरह के आभूषण पुष्पों से बनाए गए थे।

20 तरह के पवित्र द्रव्यों से अभिषेक कर विधिवत पूजन हुआ। फूलों की होली शुरू हुई। प्रदेश सरकार के मंत्री रविंद्र जायसवाल भी प्रभु का अभिषक और पूजन कर होली खेली। पार्क पुष्पों की सुगंध, हरिनाम संकीर्तन और भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान हो उठा। विशेष आकर्षण नामारस बैंड के कलाकारों की प्रस्तुति रही। आध्यात्मिक संगीत से सभी मगन होकर झूमते रहे। सभी ने इस्कॉन मंदिर में भी दर्शन पूजन किया। भक्तों प्रसाद ग्रहण किया। नशे और रासायनिक रंगों से मुक्त होली का दिया संदेश : फूलों की होली से नशामुक्त, रासायनिक रंगों से मुक्त एवं सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित रहा। मुक्त एवं सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित रहा। मंदिर के व्यवस्थापक मुरारी गुप्त दास ने बताया कि युवाओं को नशामुक्त होकर होली खेलने के लिए प्रेरित किया गया है। उनको आध्यात्मिक माहौल में होली और सात्विक रूप में मनाने का संदेश दिया गया।

## बेसवां में खेली लठामार होली



**अलीगढ़ एजेंसी।** बेसवां स्थित विश्वामित्रपुरी में रविवार को ब्रजवासी समाज के तत्वावधान में धरणीधर सरोवर स्थित राधाकृष्ण घाट पर लठामार होली का आयोजन किया गया। चेहरे पर घूंघट और हाथों में लठ्ठ लिए सखियों ने कृष्ण रूपी हुरियारों पर जमकर लठ्ठ बरसाए। हुरियारों ने ढाल से बचाव करते हुए होली गीत गाए। कार्यक्रम में लड्डू मार होली, चुन्नी मार होली व फूलों की होली भी खेली गई। दिल्ली, नोएडा, आगरा, हाथरस व इगलास सहित विभिन्न स्थानों से श्रद्धालु व हुरियारे होली खेलने पहुंचे। समाज के अध्यक्ष हरीश कटारा ने पुष्पवर्षा की। इस दौरान राहुल शर्मा, विधि सिंह, मुकेश शर्मा ने होली के भजन गए। इस बीच महारास व राधा-कृष्ण की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। आयोजन में मुख्य अतिथि कालीचरण सिंह जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय लोक दल रहे। इस दौरान हरीश कटारा, पूर्व एडीएम यादराम वर्मा, प्रदीप प्रधान, अमित ठेनुआं आदि मौजूद रहे।

## होली पर बरेली में दो दिन लागू रहेगा डायवर्जन, भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

**बरेली, एजेंसी।** होली के मद्देनजर बरेली शहर में बुधवार सुबह 10 से बृहस्पतिवार रात 11 बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। रविवार को ट्रैफिक पुलिस ने डायवर्जन एडवाइजरी जारी कर दी।

एसपी ट्रैफिक अकमल खान ने बताया कि डायवर्जन के दौरान भारी वाहन अंदर न आ सकें इसके लिए शहर के सभी एंट्री प्वाइंट पर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगा दी गई है। डायवर्जन के दौरान एंबुलेंस व आवश्यक सेवाओं में लगे वाहनों को शहर में प्रवेश की अनुमति होगी।

**इन जगहों से भारी वाहनों का शहर में प्रवेश प्रतिबंधित :** परसाखेड़ा रोड नंबर, बिलवा पुल, लालपुर कट, विलयधाम, नवदिया झादा, ट्रांसपोर्टनगर, रजऊ परसपुर तिराहा से कोई भी भारी वाहन शहर में प्रवेश नहीं करेगा। रामगंगा तिराहा और बुखारा मोड़ से भी भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित किया गया है।

**इस तरह पास किए जाएंगे वाहन :** दिल्ली, मुरादाबाद, रामपुर, नैनीताल, पीलीभीत की तरफ से आने वाले भारी वाहन व रोडवेज बसें जिनको बदायूं की ओर जाना है, वह झुमका तिराहे से बड़ा बाइपास, नवदिया झादा, फरीदपुर, फतेहगंज पूर्वी, दातागंज, देवचरा, भमोरा होते हुए जा सकेंगे।




दिल्ली, मुरादाबाद, रामपुर की ओर से आने वाले भारी वाहन व रोडवेज बसें जिनको लखनऊ जाना है, वह बड़ा बाइपास से झुमका, बिलवा, विलयधाम, फरीदपुर, फतेहगंज पूर्वी होकर जा सकेगें। लखनऊ की ओर से दिल्ली जाने वाले भारी वाहन फरीदपुर, रजऊ परसपुर तिराहा होते हुए बड़ा बाइपास से जा सकेगें।

बदायूं की ओर से आने वाले भारी वाहन जिनको बरेली आना है वह भमोरा से देवचरा चौराहा, दातागंज, फतेहगंज पूर्वी से रजऊ परसपुर तिराहा से ट्रांसपोर्ट नगर तक आ सकेगें। जिन वाहनों को दिल्ली की ओर जाना है वह बड़ा बाइपास होते हुए जा सकेंगे।

बदायूं व लखनऊ की ओर से आने वाली रोडवेज बसें रजऊ परसपुर तिराहा से सेटेलाइट बस अड्डा आ सकेंगी।

दिल्ली की ओर से आने वाली रोडवेज बसें मिनी बाइपास से इज्जतनगर, डेलापीर, सौ फुटा पूर्वी से सेटेलाइट तक आ-जा सकेंगी।

## अवध में बिखरे देवभूमि की होली के रंग



**लखनऊ, एजेंसी।** कुर्मांचल नगर का वातावरण उस समय देवभूमि की सांस्कृतिक खुशबू से सराबोर हो उठा, जब ढोल-दमाऊ और हुड़के की थाप पर पारंपरिक होली गीत गूंज उठे। रविवार को उत्तराखंड महापरिषद की ओर से आयोजित होली उत्सव में परंपरा, भक्ति और उल्लास का सुंदर संगम देखने को मिला। आयोजन ने राजधानी में रह रहे प्रवासी उत्तराखंडी समाज को पहाड़ों की यादों से जोड़ दिया।

केसरिया गुलाल और बैठकी होली के शास्त्रीय सुरों के बीच 'अपनी होली-अपनी बोली' के संकल्प के साथ उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवंत किया गया। कार्यक्रम में पारंपरिक लोकधुनों और सामूहिक गायन ने पूरे माहौल को उत्सवमय बना दिया।

कुर्मांचल नगर स्थित परिषद भवन में आयोजित कार्यक्रम में कल्याणपुर, पंतनगर, विकासनगर, इंद्रानगर, तेलीबाग, सुगामऊ, महानगर और राजाजीपुरम से आई महिलाओं ने मनमोहक होली गीत प्रस्तुत किए। महापरिषद के संयोजक दीवान सिंह अधिकारी, अध्यक्ष हरीश चंद्र पंत और वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंगल सिंह रावत ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अरुणा उपाध्याय, हरितिमा पंत, शशी जोशी, सुशीला नेगी, पुष्पा वैष्णव, कमला चुफाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## शिक्षा मुफ्त होनी चाहिए, गरीबों से दूर बताया बजट

**गोरखपुर, एजेंसी।** गोरखपुर। इंदिरा बाल विहार स्थित चेतना तिराहे पर केंद्रीय आम बजट को लेकर लोगों ने खुलकर अपनी राय रखी। इस दौरान आमजन और युवाओं ने बजट को गरीबों की अपेक्षाओं से दूर बताया और सरकार की प्राथमिकताओं पर सवाल खड़े किए।

युवराज ने शिक्षा को लेकर कहा कि शिक्षा पूरी तरह से मुफ्त होनी चाहिए। गरीब परिवारों के बच्चे आज भी संसाधनों के अभाव में पीछे रह जाते हैं। बजट में शिक्षा पर खर्च बढ़ना चाहिए। तभी देश का भविष्य मजबूत होगा।

अमित चंद्र ने कहा कि यह बजट गरीब और मध्यम वर्ग के लिए नहीं बनाया गया है। बजट में बड़े आंकड़े दिखते हैं, लेकिन आम आदमी की जिंदगी में कोई बदलाव नजर नहीं आता। महंगाई और बेरोजगारी पर ठोस समाधान नहीं है। गरीब रोटी और रोजगार के लिए भटकता है। बजट में यह साफ नहीं दिखता है।

शिवम सिंह ने कहा कि आम गरीब जनता का बजट से सीधा लेना-देना नहीं होता। उसे रोज मजदूरी करनी होती है, और उसी से घर चलता है। मजदूरी में एक रुपया बढ़े या घटे, वही उसके लिए मायने रखता है। बजट के बड़े दावे जमीनी स्तर पर असर नहीं डालते। सरकार को यह समझना चाहिए।

अभिषेक ने स्वास्थ्य सेवाओं पर बात करते हुए कहा कि यदि सरकार गंभीर मरीजों के लिए दवाओं पर टैक्स पूरी तरह से छूट कर दे तो लाखों गरीबों की जान बच सकती है। देश में कैंसर जैसी बीमारियों का इलाज बेहद महंगा है। बजट से कोई ठोस राहत नहीं।

ऋषभ ने बताया कि विकास की बातें हर बजट में होती हैं, लेकिन यह विकास आम गरीब तक कहां पहुंच रहा है, यह साफ नहीं है। योजनाएं बनती हैं, लेकिन लाभ सीमित लोगों को मिलता है। सरकार को जमीनी सच्चाई समझनी चाहिए। तभी विकास सार्थक होगा।

शुभम ने परिवहन व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि बुलेट ट्रेन अच्छी पहल है, लेकिन मौजूदा आबादी के हिसाब से सामान्य ट्रेनों की संख्या कम है। यात्रियों को सीट नहीं मिलती। लोग बोगियों में खड़े होकर सफर करते हैं। युवराज ने शिक्षा को लेकर कहा कि शिक्षा मुफ्त होनी चाहिए। गरीब परिवारों के बच्चे आज भी संसाधनों के अभाव में पीछे रह जाते हैं।

## संगीत सोम बोले- इतने सारे मुस्लिम देश, ईरान पर हमले का विरोध करने की कोई न कर सका हिम्मत

**मेरठ, एजेंसी।** दशरथपुर गांव स्थित एक फार्म हाउस में सरधना के पूर्व विधायक संगीत सोम की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। पूर्व विधायक संगीत सोम ने ईरान पर हुए हमलों का जिक्र करते हुए कहा कि ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई इजराइल-अमेरिका के हमले में मारे गए। वहां इतनी तबाही मचाई, लेकिन इतने मुस्लिम देश होने के बावजूद इस हमले का कोई विरोध नहीं कर सका। भारत में बाबरी मस्जिद बनाने के लिए सब एकजुट होकर प्रदर्शन करने लगते हैं। अब इस देश में बाबरी मस्जिद नहीं बनने दी जाएगी।

समारोह के मुख्य अतिथि मिजोरम के राज्यपाल वीके सिंह, आचार्य कैलाशानंद गिरी महाराज, अमहंत रवींद्रपुरी, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी, पूर्व सांसद राजेंद्र अग्रवाल, पूर्व सांसद ब्रजभूषण, कवयित्री अनामिका जैन अंबर रहे। राज्यपाल वीके सिंह ने कहा कि होली ऐसा पर्व है, जब गिले-शिकवे मिटाए जाते हैं। पूर्व सांसद ब्रज भूषण शरण सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने का काम करते हैं। संगीत सोम ने कहा कि वह प्रत्येक वर्ष होली मिलन समारोह का आयोजन करते हैं। सभी ने अबीर-गुलाल व फूलों की होली खेली और एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर बधाई दी।



इस दौरान मंत्री जसवंत सैनी, एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज, विधायक रामवीर सिंह, विधायक जयवीर सिंह, अजय भराला, पूर्व विधायक हरपाल सैनी, पूर्व विधायक सतवीर त्यागी, पूर्व जिला अध्यक्ष अनुज राठी, टीटू चौधरी, ललित चौहान, चंद्र मोहन, आशीष प्रताप, बब्बर चौहान, शर्मिष्ठा भंडारी, रवि, मनोज चिरौड़ी, मोहन सैनी, संजय गुप्ता, हरेंद्र, अशोक, इंद्रपाल, बबलू प्रधान आदि मौजूद रहे।

**अनामिका जैन ने गीतों से भरा देशभक्ति का जोश :** प्रसिद्ध कवि अनामिका जैन ने समारोह में काबा-काबा व भगवान राम पर आधारित अपने गीतों की प्रस्तुति देकर देशभक्ति का जोश भर दिया। उनके गीतों पर लोग जमकर थिरके। महंत रवींद्रपुरी ने कहा कि संगीत सोम हिंदुत्व के लिए लड़ाई लड़ते हैं।

**तीर्थ स्थलों पर पूजा करने वाले पहले पीएम हैं मोदी : कैलाशानंद :** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाशानंद गिरी महाराज ने कहा कि कि देश में अब से पहले भी हिंदू प्रधानमंत्री थे, लेकिन मजार की जगह तीर्थ स्थलों पर जाकर पूजा-अर्चना करने वाला पहला प्रधानमंत्री देश को मिला है। उन्होंने कहा कि भगवान राम जब राजा थे तो उनका राज्य दूर-दूर तक था, लेकिन उनके बाद जैसे-जैसे युग बदलते रहे, खंड विभाजित होते रहे।

# सीएम बोले- जिम की जांच करें, महिलाओं के लिए महिला जिम ट्रेनर ही रहें

**वाराणसी, एजेंसी।** मुख्यमंत्री ने कहा कि अवैध गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही अवैध गतिविधियों में लिप्त पुलिस कर्मियों पर भी सख्त कार्रवाई की जाए। सड़क सुरक्षा की नियमित बैठकें करें और ज्यादा से ज्यादा जागरूकता कार्यक्रम कराएं। उन्होंने जनपद में होली, आगामी पर्वों के दृष्टिगत चाक चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

सीएम ने कहा, तीव्र आवाज वाले साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न का प्रयोग न हो, सड़कों को अतिक्रमण कर वाहन पार्क न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्कूली बच्चों में जागरूकता लाए जाने के उद्देश्य से उन्हें ट्रैफिक नियमों की जानकारी दिए जाने को कहा।

**शराब की अवैध बिक्री किसी भी हाल में न हो :** मुख्यमंत्री ने कहा कि जहरीली और शराब की अवैध बिक्री कतई न होने पाए इसे सुनिश्चित किया जाए। शराब के अवैध ट्रांसपोर्टेशन पर कड़ी नजर रखें। लंबित राजस्व वादों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्ण और समय सीमा के अंदर सुनिश्चित किया जाए।

अविवादित वरासत से जुड़े लंबित वादों का अविलंब निस्तारण किया जाए। अधिकारी नियमित जनसुनवाई करें और मेरिट के आधार पर समुचित समाधान सुनिश्चित कराए। जिले एवं कमिश्नरी स्तर पर व्यापार एवं उद्योग बंधु तथा बैंकों की नियमित बैठकें कराई जाए व उसमें प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया जाए।



### अफसरों ने बताए कामकाज

मंडलायुक्त एस. राजलिंगम ने मुख्यमंत्री के समक्ष भविष्य की प्रस्तावित परियोजनाओं के संबंध में प्रेजेंटेशन भी दिया गया। इससे पहले डीएम सत्येंद्र कुमार ने निर्माणाधीन विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी मुख्यमंत्री के समक्ष रखी। पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने कानून व्यवस्था, गो तस्करों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई, साइबर अपराध समेत यातायात व्यवस्था की जानकारी मुख्यमंत्री को दी है। एडीजी जोन पियूष मोर्डिया ने जोन की कानून व्यवस्था, साइबर अपराधों के खिलाफ कार्रवाई, मिशन शक्ति समेत आगामी 14 व 15 मार्च को प्रस्तावित पुलिस उपनिरीक्षक परीक्षा के बारे में जानकारी दी है।

### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में स्टाम्प राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल, विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी, महापौर अशोक तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, विधायक डॉ. अवधेश सिंह, डॉ. सुनील पटेल, एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, धर्मेंद्र राय, अपर पुलिस आयुक्त शिवहरि मीणा, डीआईजी वैभव कृष्णा, विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा, नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल, सीडीओ प्रखर सिंह, डीएफओ स्वाति सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को सिगरा स्थित फल मंडी रोड का औचक निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ग्रीन रोड्स इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (सीएम ग्रिड्स योजना) के तहत चल रहे सड़क सुदृढ़ीकरण और सौंदर्यीकरण कार्यों की जमीनी हकीकत देखने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कार्य की गुणवत्ता और समयसीमा को लेकर अधिकारियों को कड़े दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मेयर अशोक कुमार तिवारी और नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल मुख्यमंत्री के साथ मौजूद रहे।

## चार पीढ़ियों से होली पर सौहार्द की फसल बांट रहा मुस्लिम परिवार

**अलीगढ़, एजेंसी।** सांप्रदायिक दृष्टि से संवेदनशील कस्बा जलाली में एक मुस्लिम परिवार ऐसा भी है जो चार पीढ़ियों से सौहार्द की फसल बांट रहा है। होली पर गेहूं और जौं की फसल भी तैयार होने लगती है और किसान अपनी फसल की बालियां होलिका में अग्निदेव को समर्पित करते हैं। जिन हिंदू परिवार के पास खेत नहीं है, उन्हें समस्या आती हैं, ऐसे एक मुस्लिम परिवार सौ से अधिक हिंदू परिवारों के यहां जौं की बालियां भिजवाता आ रहा है।

मोहल्ला गढ़ी निवासी गुड्डू नंबरदार बताते हैं कि उनके पिता जमालुद्दीन नंबरदार की जलाली में ननिहाल थी, उनके नाना मरहूम हबीब उल्लाह व अता उल्लाह रबी की फसल के साथ कुछ हिस्से में (लगभग तीन बीघा) जौ बोते थे, जिन्हें पूजन वाली होली के दिन काटकर हिंदुओं के घरों में भिजवाते थे। नाना के इंतकाल के बाद ये बीड़ा उनके मामा मौलाना अब्दुल हनीफ ने उठाया, उसके बाद पिता जमालुद्दीन नंबरदार ने भी ननिहाल की परंपरा को आगे बढ़ाया। उसके बाद उनके पुत्र नईमुद्दीन नम्बरदार ने इसे निभाया और 2003 में उनके इंतकाल के बाद से गुड्डू नंबरदार इस परंपरा का निर्वाहन कर रहे हैं। कस्बे के गोकुल चंद गोस्वामी, मानिक चंद्र शर्मा, सुभाष चंद्र वर्मा, राजेंद्र वर्मा, अनिल वार्ष्णेय आदि का कहना है कि होलिका दहन के बाद घर घर जाकर जौ बांटने की परंपरा है जिसके लिए होली पूजन के दिन गुड्डू नंबरदार के घर से जौ भेजे जाते हैं।

हिन्दी दैनिक Rashtria Mukhyadhara
राष्ट्रीय मुख्यधारा
राष्ट्रवादी चेतना प्रवर्त्तक
https://rashtriyamukhyadhara.com/
mukhyadhara.daily@gmail.com +91 8873 319 159
बोकारो, मंगलवार, 03 मार्च, 2026



## संक्षिप्त समाचार

### नेपाल में आज से एक हफ्ते का सार्वजनिक अवकाश

**काठमांडू**। नेपाल में आज से एक सप्ताह लंबी सार्वजनिक छुट्टी शुरू हो गई है। होली, प्रतिनिधि सभा निर्वाचन, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस और शनिवार को मिलाकर आज से लगातार सात दिन सार्वजनिक अवकाश रहेगा। नेपाल के पहाड़ी जिलों में आज सोमवार तथा तराई मधेश में मंगलवार को होली मनाने के लिए 2 और 3 मार्च दो दिनों का सार्वजनिक अवकाश है। इसके बाद 5 मार्च को होने जा रहे मतदान को लेकर सरकार ने तीन दिनों के राष्ट्रीय अवकाश की घोषणा की है। मतदाता अपने शहर, गांव जाकर मतदान में सहभागी हो सकें और वापस अपने गंतव्य तक पहुंच जाए, इसके लिए 4, 5 और 6 मार्च को राष्ट्रीय अवकाश की घोषणा की है। इसके बाद 7 मार्च को शनिवार को नेपाल में साप्ताहिक अवकाश रहता है। ऐसे ही 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भी नेपाल में सार्वजनिक अवकाश दिया जाता है। यानि आज 2 मार्च से लेकर 8 मार्च तक लगातार 7 दिनों का अवकाश है। निर्वाचन और होली के कारण आज काठमांडू की सड़कों पर वाहनों की आवाजाही कम देखी गई। लंबी छुट्टी के चलते इस बार बड़ी संख्या में लोग होली मनाने और मतदान में भाग लेने के लिए काठमांडू से अपने गांवों की ओर रवाना हुए हैं। यातायात व्यवसायी संघ की तरफ से बताया गया है कि काठमांडू से सिर्फ सार्वजनिक यात्रीवाहक बस के माध्यम से पिछले शुक्रवार से आज सोमवार सुबह तक करीब साढ़े तीन लाख लोग छुट्टी पर काठमांडू से गए हैं। उनका कहना है कि तराई मधेश में मंगलवार और बुधवार को होली और उसके बाद मतदान के लिए आने वाले दो दिनों में करीब 5 लाख लोगों के द्वारा काठमांडू छोड़ने का अनुमान है।

### काठमांडू सहित नेपाल के पहाड़ी क्षेत्रों में मनाई जा रहा होली, सार्वजनिक कार्यक्रमों पर रोक

**काठमांडू**। रंगों का पर्व होली आज राजधानी काठमांडू सहित पहाड़ी जिलों में मनाई जा रही है। होली के अवसर पर सरकार ने आज पहाड़ी जिलों में सार्वजनिक अवकाश भी घोषित किया है। हालांकि इस बार कई प्रतिबंधों के कारण सार्वजनिक रूप से उल्लास कम नजर आ रहा है। प्रत्येक वर्ष फाल्गुण शुक्ल पूर्णिमा के दिन पहाड़ी और हिमाली जिलों में, तथा उसके अगले दिन तराई और भीतरी मधेश के जिलों में होली पर्व उत्साहपूर्वक मनाने की परंपरा रही है लेकिन होली के अगले दिन यानि 5 मार्च को मतदान होने के कारण इस बार सार्वजनिक स्थलों पर किसी भी प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन पर प्रतिबंध लगाया गया है। जिला प्रशासन कार्यालय काठमांडू ने सार्वजनिक स्थानों और खुली सड़कों पर एकत्र होकर होली पर्व मनाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। रविवार को काठमांडू जिला प्रशासन की तरफ से जारी बयान में प्रशासन ने 2 मार्च को काठमांडू में मनाए जाने वाले रंगों के पर्व होली को सार्वजनिक स्थानों पर खेलने से मना किया है। बयान में कहा गया है कि पर्व के अवसर पर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावित करने वाली गतिविधियां—जैसे सार्वजनिक स्थानों पर हो-हल्ला और झगड़ा करना, मादक पदार्थ का सेवन कर पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन तथा सार्वजनिक मर्यादा भंग करना, किसी की इच्छा के विरुद्ध रंग या पानी फेंकना, जबरन रंग लगाना, अत्यधिक उत्तेजना में भागदौड़ करना—न करें और न ही किसी को करने दें। पांच मार्च को होने वाले प्रतिनिधि सभा सदस्य निर्वाचन को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लेने की जानकारी काठमांडू के प्रमुख जिला अधिकारी (सीडीओ) छवि लाल रिजाल ने दी है। उन्होंने कहा कि होली के मौके का फायदा उठाकर किसी भी असामाजिक तत्व द्वारा किसी प्रकार की अवांछित गतिविधि न हो इसके लिए यह प्रतिबंध लगाया गया है। इतना ही नहीं इस बार चुनाव को ध्यान में रखते हुए होली के दो दिन पहले से ही देशभर में शराब के बिक्री वितरण और सेवन पर भी प्रतिबंध लगाया जा चुका है जिसके कारण भी इस बार की होली में उत्साह कम नजर आ रहा है। होली के अवसर पर सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित कराने वाले होटलों, रिसॉर्ट या अन्य लोगों के द्वारा भी कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया है। प्रशासन ने लोगों से इस बार अपने घर में ही होली मनाने का आग्रह किया है। इस बार होली खेलते समय





किसी भी राजनीतिक दलों के चुनाव चिन्ह और उम्मीदवारों की तस्वीर अंकित भेस्ट, टी-शर्ट, कमीज और गमछा जैसे परिधानों के उपयोग पर भी स्थानीय प्रशासन ने पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है।

### भारत में 2 दिन में 760+ फ्लाइट कैंसिल

**नई दिल्ली**। इजराइल-ईरान जंग के कारण बीते दो दिन में भारत में 760+ इंटरनेशनल फ्लाइट्स कैंसिल हो चुकी हैं। आज भी दिल्ली एयरपोर्ट पर 87 फ्लाइट कैंसिल रहीं। दिल्ली, मुंबई, कोच्चि, बेंगलुरु, चेन्नई, जयपुर, अहमदाबाद जैसे इंटरनेशनल एयरपोर्ट्स पर हजारों यात्री फंसे हुए हैं। मिडिल ईस्ट के मौजूदा हालात को देखते हुए और अबू धाबी के BAPS हिंदू मंदिर को 9 मार्च तक विजिटर्स के लिए बंद किया गया है। इधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज इजराइल-ईरान जंग पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में के हालात चिंताजनक हैं। भारत अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए सभी देशों के साथ मिलकर काम करेगा। हम बातचीत से समस्या का समाधान निकालने के पक्ष में हैं। मोदी ने आज दिल्ली में हैदराबाद हाउस में कनाडा के पीएम मार्क कार्नी से मुलाकात के बाद यह बात कही। इधर, जम्मू-कश्मीर में लगातार दूसरे दिन ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत पर विरोध प्रदर्शन हुए। श्रीनगर के बेमिना इलाके में सुरक्षाबलों ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया और आंसू गैस भी छोड़ी। कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया। शोपियां, बारामूला, बांदीपोरा में लोगों ने बाजार बंद रखा। भारत के अलावा पाकिस्तान में भी खामेनेई की मौत के विरोध में हंगामा जारी है। आज सुबह पाकिस्तान के कब्जे वाला जम्मू-कश्मीर (PoK) में विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गया है। गिलगित-बाल्टिस्तान में प्रदर्शनकारियों ने यूनाइटेड नेशंस के ऑफिस में आग लगाई है, जिसमें गिलगित में यूनाइटेड नेशंस डेवलपमेंट प्रोग्राम (UNDP) का ऑफिस भी शामिल है। वहीं, स्कर्दू में एसपी ऑफिस और कई सरकारी इमारतों में भी आग लगाई गई। प्रदर्शनकारियों पर फायरिंग की वजह से 7 प्रदर्शनकारी मारे गए, 12 से ज्यादा घायल हैं। यहां पर अस्पतालों में इमरजेंसी घोषित की गई है। गिलगित और स्कर्दू में सिक्योरिटी हाईअलर्ट पर है। रविवार को पाकिस्तान के कराची में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास में खामेनेई की मौत के विरोध में हंगामा हुआ था। घुसपैठ करने वाले प्रदर्शनकारियों पर दूतावास के अंदर से गोलियां चलाई गई थीं। अब तक 23 लोगों की मौत हो चुकी है। 10 से ज्यादा घायल हैं। हंगामा इमामिया छात्र संगठन ने किया था।

### अजित पवार के बेटे ने वीडियो शेयर किया

**मुंबई**। महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार के बेटे जय पवार ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर कर VSR वेंचर्स की उड़ानों को तुरंत रोकने की मांग की। 28 जनवरी 2026 को इसी कंपनी के प्लेन क्रैश में जय के पिता अजित पवार का निधन हुआ था। जय पवार ने वीडियो शेयर कर लिखा- मैंने अपने पिता को खो दिया है... यह पीड़ा जिंदगी भर मेरे साथ रहेगी। उन्होंने लिखा कि इस वीडियो में वीएसआर के मालिक रोहित सिंह मुख्य पायलट की सीट पर उड़ान के दौरान सोते हुए दिखाई दे रहे हैं। आसमान में ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जा सकती। यह बेहद गंभीर और चौंकाने वाला मामला है। जय ने लिखा कि मैं डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (DGCA) से मांग करता हूं कि इस मामले में तुरंत सख्त कार्रवाई की जाए। पूरी जांच होने तक VSR की सभी उड़ानों को तत्काल ग्राउंड किया जाए और रोहित सिंह को तुरंत गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। यह एक बेटे की पुकार है... मेरे पिता के लिए और हर यात्री की सुरक्षा के लिए।

# अफगानिस्तान का पाकिस्तान के नूरखान एयरबेस पर हमला

## तालिबान के मंत्री बोले- हमने डूरंड लाइन पार की, पाक का दावा- 400 अफगान लड़ाके मारे

एजेंसी, इस्लामाबाद/ काबुल

अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच सीमा पर बीते चार दिनों से लगातार हवाई हमले और गोलीबारी जारी है। तालिबान सरकार का कहना है कि हमने पाकिस्तान के बेहद संवेदनशील नूर खान एयरबेस पर हमला किया है। यह एयरबेस रावलपिंडी में है। इसके साथ ही तालिबान के एक मंत्री ने दावा किया कि उनके लड़ाके डूरंड लाइन पार कर पाकिस्तान की जमीन में घुस चुके हैं। तालिबान के मुताबिक, क्वेटा और खैबर पख्तूनख्वा के कुछ सैन्य ठिकानों पर भी हमले किए गए हैं। ये कार्रवाई पाकिस्तान की ओर से काबुल, बगराम और अन्य इलाकों में किए गए हवाई हमलों के जवाब में की गई। दूसरी तरफ पाकिस्तान सरकार ने दावा किया है कि अब तक 400 से ज्यादा अफगान लड़ाके मारे जा चुके हैं और सैकड़ों घायल हुए हैं।

**पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच जंग जैसे हालातः** पाकिस्तान और अफगानिस्तान में संघर्ष की शुरुआत 22 फरवरी को हुई थी।



पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के सीमावर्ती इलाकों में एयरस्ट्राइक की थी। पाकिस्तान के उप गृह मंत्री तलाल चौधरी ने दावा किया था कि सीमावर्ती इलाकों में TTP के ठिकानों पर कार्रवाई में कम से कम 70 लड़ाके मारे गए। बाद में पाकिस्तानी अखबार डॉन ने यह संख्या 80 तक पहुंचने का दावा किया था। इसके जवाब में अफगानिस्तान ने 27 फरवरी को पाकिस्तान पर हमला किया। अफगान रक्षा मंत्रालय ने कहा था कि पाकिस्तान को 'सही समय पर कड़ा जवाब' दिया जाएगा। मंत्रालय ने इन हमलों को देश की संप्रभुता का उल्लंघन बताया था। पाकिस्तान लंबे समय से अफगानिस्तान की तालिबान सरकार पर दबाव बनाता रहा है कि वह अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी भी आतंकी संगठन को न करने दे। इस्लामाबाद का आरोप है कि TTP अफगानिस्तान से ऑपरेट हो रहा है, जबकि तालिबान सरकार इन आरोपों से लगातार इनकार करती रही है।

**पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में 415 तालिबान लड़ाके मारेः** पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के खिलाफ हमले को 'गजब लिल हक' ऑपरेशन नाम दिया है और काबुल समेत कई प्रांतों में हमले किए। 'गजब लिल हक' का मतलब है, अपने हक के लिए खड़े होना।

वहीं तालिबान का कहना है कि उसके सिर्फ 8 से 13 लड़ाके मारे गए और कुछ घायल हुए हैं। उसने दावा किया कि 55 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए और दो सैन्य मुख्यालयों समेत कई चौकियों पर कब्जा किया गया। तालिबान ने चेतावनी दी है कि अगर पाकिस्तान ने आगे हमला किया तो और कड़ा जवाब दिया जाएगा।

## अपने पहले राष्ट्र के नाम संबोधन में राष्ट्रपति पेजेश्कियान बोले- 'प्रतिशोध हमारा अधिकार'

एजेंसी, तेहरान

ईरान के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियन ने सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की मौत के बाद पहली बार राष्ट्र को संबोधित करते हुए तीखी चेतावनी दी। उन्होंने इसे "मुसलमानों के खिलाफ युद्ध की घोषणा" बताया और कहा कि जिम्मेदार लोगों से बदला लेना ईरान का "वैध कर्तव्य और अधिकार" है। राष्ट्र के नाम अपने पहले संदेश में पेजेश्कियान ने कहा कि ईरानी सशस्त्र बल दुश्मनों के ठिकानों पर "शक्तिशाली हमले" जारी रखेंगे। उन्होंने खामेनेई को "शहीद" घोषित करते हुए कहा कि देश उनके पदचिह्नों पर आगे बढ़ेगा।

**नई नेतृत्व परिषद की घोषणाः** राष्ट्रपति ने यह भी पुष्टि की कि एक "नई नेतृत्व परिषद" ने कामकाज संभाल लिया है, जो संक्रमण काल में शासन व्यवस्था की देखरेख करेगी। उन्होंने जनता से अपील की कि वे मस्जिदों और सड़कों पर एकजुट होकर दुश्मनों की "साजिशों" को नाकाम करें। इस बीच ईरान ने खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों और इराकी कुर्दिस्तान के कुछ इलाकों पर नए हमलों की घोषणा की। ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के प्रमुख अली लारिजानी ने कहा




कि सशस्त्र बल हमले के जिम्मेदार पक्षों को "अविस्मरणीय सबक" सिखाएंगे।


उल्लेखनीय है कि पेजेश्कियान 2024 में सुधारवादी उम्मीदवार के रूप में चुने गए थे। उन्होंने सितंबर 2024 में यूएन आम सभा में अपने पहले संबोधन में "राष्ट्रीय एकता" और "विश्व के साथ रचनात्मक संवाद" पर जोर दिया था। उस समय उन्होंने कहा था कि ईरान परमाणु हथियार नहीं चाहता और पश्चिमी देशों के साथ तनाव कम करने के लिए तैयार है। हालांकि, अपने पहले संबोधन में नवनिर्वाचित ईरानी राष्ट्रपति का रुख पूरी तरह से रक्षात्मक और प्रतिशोधी दिखाई दिया। क्षेत्र में बढ़ते सैन्य तनाव और सर्वोच्च नेता की मौत की खबरों के बीच ईरान ने स्पष्ट संकेत दिया है कि वह जवाबी कार्रवाई से पीछे नहीं हटेगा

# एमपी-राजस्थान में तापमान 35° के पार

एजेंसी, नई दिल्ली/भोपाल/देहरादून/चंडीगढ़

मौसम विभाग के मुताबिक मध्य प्रदेश में मार्च में ही तापमान 40°C तक पहुंच सकता है। मार्च के पहले सप्ताह में हल्की बारिश होने का भी अनुमान है, जबकि दूसरे सप्ताह से गर्मी असर दिखाने लगेगी। दिन के साथ रातें भी गर्म होंगी। मध्य प्रदेश में रविवार को दिन का तापमान 35°C से ज्यादा रहा। खरगोन में अधिकतम तापमान 35.2°C रहा। राज्य के पचमढ़ी को छोड़कर ज्यादातर जिलों में अधिकतम तापमान 30°C से ज्यादा ही रहा। वहीं, अगले 4 दिनों में दिन के तापमान में 2°C से 4°C की बढ़ोतरी आ सकती है।

राजस्थान के बाढ़मेर में सबसे ज्यादा 36.5°C तापमान रहा, यहां न्यूनतम तापमान 23°C रहा। सीकर में भी दिन का तापमान 35.5°C रहा। अधिकांश शहरों का न्यूनतम तापमान सामान्य से 2°C से 7°C से ज्यादा रहा है। बाड़मेर में न्यूनतम




तापमान 23°C रहा। पंजाब और हरियाणा दोनों में ही पारा 32°C तक पहुंच गया है। पंजाब के फरीदकोट में तापमान 32.3°C, बठिंडा में 32.3°C रहा। हरियाणा के नारनौल में 32.2°C, भिवानी में 32.4°C, गुरुग्राम में 32.6°C, नूंह में 32.7°C तापमान रहा।

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में भी पारा 35.4 डिग्री पहुंच गया। मौसम विभाग ने कहा कि लगातार बढ़ते तापमान के साथ दिन में गर्मी का असर बढ़ेगा। उधर, उत्तराखंड में भी गर्मी बढ़ने लगी है। राजधानी देहरादून में पारा 29°C रहा है।

# एआई समिट में शर्टलेस प्रदर्शन-यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को जमानत

एजेंसी, नई दिल्ली

दिल्ली की एक कोर्ट ने AI समिट में शर्टलेस विरोध प्रदर्शन के मामले में गिरफ्तार इंडियन यूथ कांग्रेस (IYC) के नौ कार्यकर्ताओं को सोमवार को जमानत दे दी है। कोर्ट ने कहा कि यह प्रदर्शन सिर्फ सरकार की आलोचना करने का तरीका था। इसलिए मुकदमा शुरू होने से पहले किसी को जेल में रखना कानून के मूल सिद्धांतों के खिलाफ होगा। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि प्रदर्शन के समय लगाए गए नारे भड़काऊ नहीं थे। उनमें कोई धार्मिक या क्षेत्रीय रंग नहीं था। किसी तरह की तोड़फोड़ या लोगों को डराने का भी कोई सबूत नहीं मिला। कोर्ट ने यह भी बताया कि प्रदर्शन करने वालों को सुरक्षा के साथ बाहर ले जाया गया था। कोर्ट ने कहा- आजादी अधिकार है और जेल केवल खास स्थिति में होनी चाहिए। अगर ट्रायल से पहले किसी को बिना जरूरी कारण के जेल में रखा जाए तो यह बिना सजा तय हुए ही सजा देने जैसा होगा। न्यायिक मजिस्ट्रेट (फर्स्ट क्लास) रवि ने कृष्ण हरि, नरसिंह यादव, कुंदन कुमार यादव, अजय कुमार सिंह, जितेंद्र सिंह यादव, राजा गुर्जर, अजय कुमार विमल उर्फ बंटू, सौरभ सिंह और अरबाज खान की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई के बाद यह आदेश पारित किया।




**पुलिस ने जमानत का विरोध कियाः** दिल्ली पुलिस ने कहा कि आरोपी, जो इंडियन यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता हैं, 20 फरवरी को एआई समिट के स्थान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तस्वीरों वाली सफेद टी-शर्ट पहनकर या हाथ में लेकर पहुंचे थे। इन टी-शर्ट्स पर इंडिया-यूएस ट्रेड डील, एपस्टीन फाइल्स और पीएम इज कम्प्रोमाइज्ड जैसे नारे लिखे थे। पुलिस ने आरोप लगाया कि वहां अंतरराष्ट्रीय मीडिया मौजूद थी और उसी दौरान नारेबाजी की गई। जब पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की हुई, जिससे कुछ पुलिसकर्मी घायल हुए। पुलिस का कहना है कि इसके मेडिकल सबूत भी मौजूद हैं। जमानत की मांग का विरोध करते हुए संविधान

◆ दिल्ली कोर्ट बोली- नारे भड़काऊ नहीं थे, लोगों को डराने का सबूत नहीं

शांतिपूर्ण प्रदर्शन का अधिकार देता है, लेकिन यह कुछ शर्तों के साथ आता है।

**AI समिट से जुड़ा पूरा विवाद क्या है?ः** दिल्ली स्थित भारत मंडपम में इंडियन यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 20 फरवरी को AI समिट 2026 में भारत-अमेरिका ट्रेड डील के खिलाफ प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने टी-शर्ट उतारकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ 'PM इज कॉम्प्रोमाइज्ड' के नारे लगाए। टी-शर्ट पर PM मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की फोटो लगी है। उस पर लिखा था- PM इज कॉम्प्रोमाइज्ड। दिल्ली पुलिस ने इनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की गंभीर धाराओं के तहत FIR दर्ज की थी, जिनमें आपराधिक साजिश, पब्लिक सर्वेंट को चोट पहुंचाना, उन पर हमला करना और काम में बाधा डालना सहित कई गंभीर आरोप शामिल हैं। इंडियन यूथ कांग्रेस (IYC) के प्रेसिडेंट, उदय भानु चिब, और पूर्व नेशनल स्पोक्सपर्सन, भूदेव शर्मा को इस सिलसिले में 23 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था।

# उप्र में संपत्ति के विवाद में बेटे ने की मां-पिता, बहन और दादी की हत्या

एजेंसी, बहराइच

उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के रुपईडीहा थाना क्षेत्र में संपत्ति के विवाद में एक बेटे ने अपने माता-पिता, दादी और बहन की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपित ने खुद पर भी ईट मारकर जान देने का प्रयास किया। पुलिस ने घायल आरोपित को अस्पताल में भर्ती कराया और फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का मौका मुआयना किया है।

पुलिस अधीक्षक आर.एन. सिंह ने बताया कि रुपईडीहा थाना क्षेत्र के बसंतपुर रूदल (रामगांव) में रहने वाले बदलूराम (60) किसान थे। परिवार में पत्नी संजू (56), बेटी पार्वती (42), बेटा गुरुदेव, निरंकार और दादी शीतला (80) थीं। बड़े बेटे गुरुदेव ने बताया कि कुछ साल पहले पिता ने जमीन बेची थी। उस पैसे और संपत्ति को लेकर छोटे भाई निरंकार से विवाद चल रहा था। उसी पैसे के बंटवारे के लिए रविवार रात को छोटा भाई घर आया। पिता ने पैसे देने से मना किया तो उसने पास रखी कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। बीच बचाव के दौरान उसने मां संजू, बहन पार्वती और दादी शीतला पर भी कुल्हाड़ी से कई प्रहार कर दिए। स्थानीय लोग जब उसे पकड़ने लगे तो उसने अपने सिर पर भी



ईंट मारकर लहूलुहान कर लिया।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस घटना की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने पिता, मां, बहन और दादी को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल आरोपित निरंकार को प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ रेफर कर दिया। पुलिस ने मौके से खून से सनी कुल्हाड़ी और एक ईंट बरामद की है।

उन्होंने बताया कि गुरुदेव की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना के पीछे संपत्ति के बंटवारे की बात सामने आ रही है। इसी के चलते ही आरोपित ने अपने ही परिवार को मौत के घाट उतार दिया है। घटना में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# इंडिया यूथ फ्रंट ने चिब की गिरफ्तारी के विरोध में सड़कों पर उतरने की दी चेतावनी

एजेंसी, नई दिल्ली

इंडिया यूथ फ्रंट ने भारतीय युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब की गिरफ्तारी के विरोध में सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। भारतीय युवा कांग्रेस मुख्यालय में सोमवार को पत्रकार वार्ता में विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने सरकार से माफी की मांग की। युवा कांग्रेस की महासचिव सुरभि द्विवेदी ने कहा कि न्यायालय ने हमारे प्रदर्शन को भड़काऊ और देश विरोधी नहीं पटाया। न्यायालय की टिप्पणी के बाद प्रधानमंत्री को माफी मांगनी चाहिए। देश के लिए आवाज उठाने पर संगठन को नंगा कहा गया।

शरद पवार धड़े की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की युवा शाखा के राष्ट्रीय अध्यक्ष फहाद अहमद ने कहा कि जिस भी दबाव में जमानत याचिका खारिज की जा रही है, वह दबाव हटेगा। उदय भानु चिब शीघ्र रिहा होंगे। किसी भी प्रदर्शन को दबाने से वह और बड़ा होता है। सरकार आवाज नहीं दबा सकती। प्रदर्शन जारी रहेगा।

मुस्लिम यूथ लीग के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष आसिफ अंसारी ने कहा कि सरकार देश के आंतरिक निर्णय बाहरी दबाव में ले रही है। अमेरिका के साथ समझौते से देश के हितों से समझौता किया गया। युवा कांग्रेस बड़े संगठनों में



से एक है। उसके अध्यक्ष को शांतिपूर्ण प्रदर्शन के लिए गिरफ्तार किया गया। यदि उन्हें शीघ्र नहीं छोड़ा गया तो सड़कों पर प्रदर्शन होगा।

आम आदमी पार्टी छात्र विंग के राष्ट्रीय प्रभारी अनुराग निगम ने कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते से देश को बेचने का काम किया गया। आईवाईसी ने भारत मंडपम में अन्य देशों की तकनीक को अपना बताकर प्रस्तुत करने का विरोध किया। किसानों और व्यापारियों के हितों के खिलाफ कदमों का भी विरोध किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार विरोध से डर गई है और नेता को जेल भेज दिया। ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन के हरीश बाला ने कहा कि देश के हितों से समझौता किया जा रहा है। सरकार जनता की आवाज दबा रही है।

# भोपाल में एम्स-पीपुल्स यूनिवर्सिटी को उड़ाने की धमकी...झूठी निकली

एजेंसी, भोपाल

भोपाल स्थित एम्स और पीपुल्स यूनिवर्सिटी को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। धमकी भरा ई-मेल सोमवार तड़के करीब 3 बजे दोनों संस्थानों को अलग-अलग भेजा गया। इसमें लिखा था- आपके कॉलेज में सायनाइड पॉइजन वाले बम रखे गए हैं, जो दोपहर 12:15 बजे ब्लास्ट करेंगे। सुबह 11 बजे तक डॉक्टरों और स्टूडेंट्स को निकाल लें। अल्लाह हू अकबर। सूचना मिलते ही संबंधित थानों की पुलिस, बम और डॉग स्क्वायड के साथ मौके पर पहुंची और सर्चिंग शुरू की। एम्स में बागसेवनिया थाने के टीआई अमित सोनी और उनकी टीम ने तलाशी अभियान चलाया। वहीं, पीपुल्स यूनिवर्सिटी में निशातपुरा टीआई मनोज पटवा सहित थाना स्टाफ ने सर्च ऑपरेशन किया। बम डिस्पोजल और डॉग




स्क्वॉड भी मौके पर पहुंचे। लेकिन कहीं कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। पुलिस ने ई-मेल आईडी और आईपी एड्रेस के आधार पर जांच शुरू कर दी है। साइबर सेल को भी मामले में शामिल किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, जल्द ही धमकी देने वाले की पहचान कर ली जाएगी। इससे पहले 19 फरवरी को भी पीपुल्स मेडिकल कॉलेज को ई-मेल के माध्यम से बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। उस समय भी पुलिस और बम स्क्वॉड ने जांच अभियान चलाया था। हालांकि, परिसर में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला था।

# आज भी दुबई में फंसे रहेंगे एमपी के लोग

एजेंसी, इंदौर

ईरान और इजराइल में युद्ध के बीच ईरान ने यूएई सहित आठ देशों में मिसाइल हमले शुरू कर दिए हैं। इसमें यूएई भी शामिल है। इसके कारण यूएई के सभी एयरपोर्ट (दुबई, शारजाह और अबूधाबी) कल से बंद हैं। 28 फरवरी से कैंसिल शारजाह से इंदौर आने और जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट आज भी निरस्त कर दी गई हैं। इसके कारण इंदौर सहित प्रदेश के सैकड़ों यात्री यूएई में फंस गए हैं। दो पूर्व विधायकों सहित इंदौर के एक बड़े कारोबारी और उनके साथी दुबई की जिस होटल में ठहरे थे, उसके पास की ही पार्क जुमेरा होटल में मिसाइल गिरी और धमाका हुआ। घटना के बाद इंदौर के सभी लोगों ने उस इलाके को छोड़कर दूसरी होटल में शरण ली। कारोबारी पिंटू छाबड़ा ने बताया कि उनके परिजन और सभी साथी सुरक्षित हैं। इंदौर से गया एक अन्य परिवार अबूधाबी में फंसा है। हालांकि वहां हालात सामान्य हैं, लेकिन फ्लाइटों के बंद होने के कारण वापसी मुश्किल हो रही है।



इधर, इंदौरियों के दुबई सहित यूएई के विभिन्न शहरों में फंसने की खबर के बाद मध्यप्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सक्रिय हो गए हैं। उन्होंने ताजा हालातों की जानकारी लेते हुए दिल्ली में विभिन्न मंत्रालयों से संपर्क कर दुबई में फंसे इंदौर के लोगों की वापसी के उपायों के बारे में चर्चा की। उन्होंने दुबई में फंसे पूर्व विधायकों सहित कारोबारी पिंटू छाबड़ा से चर्चा कर कहा कि वे ओमान से लौटने का प्रयास करें, फिलहाल भारत-ओमान के बीच हवाई संपर्क जारी है। मंत्री ने यूएई में फंसे लोगों को भारतीय दूतावास से संपर्क रखने और उनकी हिदायतें मानने की भी सलाह दी।

**इंदौर से शारजाह के बीच नियमित उड़ानः** एयर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा इंदौर से शारजाह के बीच नियमित उड़ानों का संचालन किया जाता है। 28 फरवरी से ईरान और इजराइल के बीच शुरू हुए युद्ध के चलते कंपनी ने अपनी आने और जाने वाली उड़ानों को निरस्त कर दिया था और आज भी उड़ानें निरस्त करने की घोषणा की है। ऐसे में शारजाह, अबूधाबी और दुबई से इंदौर आने वाले यात्री वहीं फंस गए हैं। इंदौर से दुबई गए दो पूर्व विधायक संजय शुक्ला और विशाल पटेल के साथ ही कारोबारी पिंटू छाबड़ा, उनका बेटा करण छाबड़ा और बहू के साथ ही प्रवीण कक्कड़, संजय अग्रवाल एवं अन्य साथी दुबई गए हुए हैं।

**होटल के पास धमाकाः** दुबई में फंसे पूर्व विधायक सहित अन्य यात्री शनिवार को ही लौटने वाले थे, लेकिन वे जिस होटल में ठहरे थे, उसके पास ही स्थित पार्क जुमेरा होटल में धमाके के बाद उन्होंने भारतीय दूतावास की सलाह पर उक्त इलाका छोड़कर अन्य इलाके में स्थित होटल हयात में शरण ली।

RNI : JHAHIN/2014/54374
हिन्दी दैनिक
Rashtria Mukhyadhara
राष्ट्रीय मुख्यधारा
https://rashtriyamukhyadhara.com/
राष्ट्रवादी चेतना प्रवर्त्तक
mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159
बोकारो, मंगलवार, 03 मार्च, 2026



# खाड़ी में संघर्ष से आईपीएल के लिए आने वाले खिलाड़ियों पर भी विपरीत प्रभाव पड़ना तय

**एजेंसी, मुम्बई**




मध्यपूर्व में शुरु हुई जंग का प्रभाव खेल पर भी पड़ रहा है। जहां कई देशों के खिलाड़ी खाड़ी देशों में फंसे हुए हैं। वहीं आईपीएल के लिए आने वाले विदेशी खिलाड़ियों पर भी इससे विपरीत प्रभाव पड़ने की आशंका है। आईपीएल के करीब आते ही फ्रेंचाइज़ियां अभ्यास के तौर पर लगने वाले प्री-सीजन कैंप और रणनीतियों को बनाने का प्रयास कर रही थीं कि मध्य-पूर्व में शुरु हुए इस संघर्ष से उड़ानें बाधित होने के कारण उनकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। इसका कारण है कि अब खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ का आना भी फिलहाल संभव नजर नहीं आ रहा है। आईपीएल सत्र शुरू होने में अब एक महीने से भी कम समय बचा है। ऐसे में सभी टीमें अपने-अपने प्री-सीजन कैंप आयोजित कर रही हैं पर विदेशी खिलाड़ियों के नहीं आ पाने ने तैयारियों में बाधा आई है। इसका कारण है कि इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड से अधिकतर अधिकतर पर दुबई से ही भारत पहुंचते हैं। अब खाड़ी क्षेत्र में उड़ाने बाधित होने से इसमें रुकावट आई है। इसी कारण से कई अंतरराष्ट्रीय यात्राएं प्रभावित हुई हैं। मध्य-पूर्व में हालात कब तक सुधरेंगे ये अभी कहा नहीं जा सकता। अमेरिका और इज़राइल के हमलों के जवाब में ईरान ने भी कतर, यूएई, बहरीन, जॉर्डन और कुवैत जैसे देशों में अमेरिकी ठिकानों पर हमले किये हैं। इससे एयरस्पेस प्रभावित हुआ है। अभी तक विदेशी खिलाड़ियों ने आईपीएल के लिए देर से आने की घोषणा नहीं की है पर सभी आईपीएल फ्रेंचाइज़ियां स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। कई विदेशी खिलाड़ी, कोच और सहयोगी स्टाफ खाड़ी देशों जरिये ही भारत में आते हैं और ऐसे में अभी इनका आना संभव नहीं है। वहीं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा है कि मध्य-पूर्व संकट से विश्वकप के आयोजन पर सीधा असर नहीं पड़ेगा पर बड़ी संख्या में खिलाड़ी, टीम प्रबंधन, मैच अधिकारी, प्रसारक टीम आदि खाड़ी देशों के जरिये आते हैं और उसमे बाधा आयेगी। ऐसे में आईसीसी की ट्रैवल और लॉजिस्टिक्स टीम वैकल्पिक मार्गों की तलाश में प्रमुख अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस के साथ मिलकर काम कर रही है। यूरोप, दक्षिण एशिया और दक्षिण-पूर्व एशिया के हब पर भी विचार किया जा रहा है। वहीं सुरक्षा सलाहकार संबंधित अधिकारियों के संपर्क में भी बने हुए हैं स्थिति के अनुसार ही एडवाइजरी जारी की जा रही है। आईपीएल का आधिकारिक कार्यक्रम अगले सप्ताह जारी किया जा सकता है तब तक फ्रेंचाइज़ियां उपलब्ध खिलाड़ियों के साथ तैयारी जारी रखेंगी वे उम्मीद करेंगी कि अंतरराष्ट्रीय हालात जल्द सामान्य हों जिससे कि लीग बिना किसी बाधा के शुरू हो सके। इसी बीच चेन्नई सुपर किंग्स (ईएसएस) ने कोई बदलाव नहीं करते हुए भारतीय खिलाड़ियों के साथ ही अपनी तैयारियां तय कार्यक्रम के अनुसार जारी रखने का फैसला किया है। फ्रेंचाइज़ी का प्री-सीजन कैंप 1 मार्च से चेन्नई स्थित हाई-परफॉर्मेंस सेंटर में शुरू हो रहा है सीईओ कासी विश्वनाथन ने पुष्टि की है कि वरिष्ठ खिलाड़ी महेन्द्र सिंह धोनी भी इस कैंप का हिस्सा होंगे उपलब्ध सभी भारतीय खिलाड़ी इसमें शामिल होंगे। शुरुआती चरण में लगभग 15 घरेलू खिलाड़ी रिपोर्ट करेंगे। वहीं जो खिलाड़ी टीम इंडिया में शामिल हैं वह 8 मार्च को टूर्नामेंट समाप्त होने के बाद टीम से जुड़ेंगे। आईपीएल की शुरुआत 28 मार्च के आसपास होने की संभावना है।

# सैमसन की प्रशंसा करते हुए गंभीर बोले, हमेशा से उसकी क्षमताओं का अंदाजा था

**एजेंसी, कोलकाता**



भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने तीसरे सुपर-8 मुकाबले में शानदार पारी खेलने वाले बल्लेबाज संजू सैमसन की जमकर प्रशंसा की है। साथ ही कहा वह हमेशा से उसकी क्षमता जानते थे। गंभीर के अनुसार कहते हैं कि सब्र का फल मीठा होता है और यही उसे मिला है। सैमसन को न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में खराब प्रदर्शन के कारण विश्वकप के शुरुआती मैच के लिए टीम में जगह नहीं मिली थी। न्यूजीलैंड के खिलाफ उस सीरीज में सैमसन एक बार भी 30 रन तक नहीं पहुंच पाये थे, वहीं एक बार वह शून्य पर ही आउट हुए थे। इसके अलावा गोल्डन डक के साथ वह कुल 3 बार दो अंकों तक भी नहीं पहुंच पाये थे। गंभीर ने कहा, संजू एक विश्व स्तरीय खिलाड़ी है, सही जानते हैं कि वह कितना अच्छा खिलाड़ी है। टीम को जब उसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी, तो उससे अपने को साबित किया। वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच में उसकी क्षमताएं सामने आई हैं। उम्मीद है, यह उसके लिए बेहतर प्रदर्शन का समय है और आगे के दो और गेम में भी रहेगा। उसने वेस्टइंडीज के खिलाफ पारी में कभी भी तेज खेलने का प्रयास नहीं किया। केवल सामान्य शॉट ही लगाये। मैंने उसे कभी बॉल को ताकत से मारते हुए भी नहीं देखा, और उसमें इसी तरह की प्रतिभा है। जब आपको पता होता है कि गेम आपके नियंत्रण में है और आप जानते हैं कि आप अच्छा महसूस कर रहे हैं, तो मनोबल बढ़ा रहता है। वह नेट्स में भी गेंद को बहुत अच्छी तरह से खेल कर रहा है और अब उसने मैदान में उसी क्षमता को दिखाया है। उसे पता था कि विकेट बहुत अच्छा था, आउटफील्ड भी तेज थी, मैंने हमेशा कहा है कि वह एक शीर्ष स्तर का खिलाड़ी है, वह एक शानदार प्रतिभा है, उम्मीद है कि हम संजू से ऐसी और भी पारियों की उम्मीद करेंगे। हैं।गंभीर ने कहा, लोग उसके स्कोर और बाकी चीजें देखते रहेंगे परन्तु टीम में वापसी करते हुए 23 और 24 की उस तरह की उन पारियों से उसे आत्मविश्वास मिला होगा। सभी जानते हैं कि न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलना किसी के लिए भी आसान नहीं रहा था।

# अभी भी मेरे अंदर भारतीय टीम से खेलने का जुनून : शमी

**एजेंसी, मुम्बई**



पिछले काफी समय से भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का कहना है कि उनके अंदर अभी भी भारतीय टीम से खेलने का जुनून है। शमी ने पिछले कुछ समय में घरेलू क्रिकेट में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है पर इसके बाद भी उनकी उपेक्षा हुई है। शमी ने अंतिम बार साल 2025 में खेला था। इसके बाद से ही वह किसी भी प्रारुप में नहीं खेले हैं हालांकि वह घरेलू क्रिकेट में लगातार खेल रहे हैं। शमी का कहना है कि वह अभी भी देश के लिए खेलना चाहते हैं। साथ ही कहा कि उनमें अभी भी खेलने की क्षमता है। शमी ने कहा, 'मैं हमेशा कहता हूं, चाहे आप कोई भी खेल खेलें, अगर आपके अंदर योग्यता है तो उसे बेकार न करें।' नवंबर 2024 में लंबी चोट के बाद वापसी करने के बाद शमी ने घरेलू क्रिकेट में काफी मेहनत की है। रणजी ट्रॉफी 2025–26 सीजन में बंगाल के लिए खेलते हुए वह काफी अच्छे फॉर्म में नजर आये। सेमीफाइनल में जम्मू-कश्मीर के खिलाफ उन्होंने काफी अच्छा खेल दिखाया है। इस सीजन की 12 पारियों में शमी ने 36 विकेट लिए हैं और वे टूर्नामेंट में छठे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। 2025 की शुरुआत में टी20 मैचों और विजेता चैंपियंस ट्रॉफी में शामिल रहने के बाद भी उन्हें भारतीय टीम में जगह नहीं मिली। वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में भी उन्हें शामिल नहीं किया गया और ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भी वे एकदिवसीय और टी20 टीम से बाहर रहे। वही ये भी सवाल उठ रहे हैं कि क्या वे फिर से पांच दिन का लंबा प्रारुप खेल पाएंगे। इसको लेकर उन्होंने कहा, 'देश का प्रतिनिधित्व करने की बात हो तो मैं अपना सब कुछ दे दूंगा। मैं कभी पीछे मुड़कर ये नहीं सोचना चाहता कि मैंने अपनी क्षमता का थोड़ा भी हिस्सा अधूरा छोड़ दिया।'शमी की इन बातों से एक बात तो साफ है कि वह आलोचनाओं से डरे नहीं हैं। उन्होंने कहा हर खिलाड़ी देश के लिए खेलना चाहता है और मैं भी हमेश तैयार हूं। उन्होंने आगे कहा, 'मेरा लक्ष्य फिट रहना है और हर समय भारतीय टीम के लिए उपलब्ध रहना है।'

# बाबर के बचाव में उतरे पुजारा

**एजेंसी, मुम्बई**




भारतीय टेस्ट टीम के बल्लेबाज रहे चेतेश्वर पुजारा ने कहा है टी20 विश्वकप में पाकिस्तान के खराब प्रदर्शन के लिए केवल अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम को ही दोष देना सही नहीं हैं। पुजारा के अनुसार टीम प्रबंधन को बाबर के साथ स्पष्ट रुप से बातचीत कर बताना चाहिये कि टीम उनसे क्या चाहती है। पुजारा ने कहा कि अगर बाबर टीम की भविष्य की योजनाओं में फिट नहीं बैठते हैं, तो उन्हें यह बात स्पष्ट रुप से बता देनी चाहिये। उनके अनुसार, केवल एक खिलाड़ी से ही परिणाम प्रभावित नहीं होता, विफलता के लिए पूरी टीम जिम्मेदार होती है।पुजारा ने कहा कि पाक टीम के खराब प्रदर्शन का कारण मध्यक्रम की विफलता है। वहीं बाबर को इस टूर्नामेंट में मध्यक्रम में उतारा गया और वह रन नहीं बना पाये। उनके आउट होने से टीम का मध्यक्रम लगातार दबाव में दिखा, जिससे पाकिस्तान की बल्लेबाज ढ़हती दिखी।बाबर ने इस टूर्नामेंट में 6 मैच खेले और 4 पारियों में 91 रन बनाए। उनका औसत 22.75 और स्ट्राइक रेट 112.34 रहा। उनका सबसे अधिक स्कोर 46 रन रहा। ये उन्होंने अमेरिका के खिलाफ बनाया था। भारत के खिलाफ वह एक रन ही बना पाये। पुजारा ने बल्लेबाज फखर ज़मान टूर्नामेंट में काफी रन बनाने वाले साहिबज़ादा फरहान की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पाक की असली ताकत निडर और आक्रामक क्रिकेट में है, और यही अंदाज उन्हें आगे भी अपनाना होगा पर वर्तमान में टीम काफी रक्षात्मक है।

# बीसीसीआई ने भारतीय टीम की जीत के बाद का विडियो जारी किया

**» घुटने पर बैठकर हाथ जोड़ते नजर आये सैमसन**

**एजेंसी, कोलकाता**




संजू सैमसन की नाबाद अर्धशतकीय पारी से भारतीय क्रिकेट टीम ने टी20 विश्वकप के तीसरे और अंतिम सुपर-8 मैच में वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारतीय टीम की जीत के बाद सैमसन ने ड्रेसिंग रूम में पहुंचते ही सबसे पहले घुटने टेककर और हाथ जोड़कर ईश्वर को याद किया। इस मैच में भारतीय टीम को जीत के लिए 196 रनों का कठिन लक्ष्य मिला था जिसे भारतीय टीम ने सैमसन की 97 रनों की पारी से हासिल कर लिया। सैमसन ने अपने करियर की सबसे अच्छी पारियों में से एक खेलकर एक बार फिर अपनी क्षमताएं दिखायी हैं। भारतीय टीम की जीत के बाद क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक वीडियो भी सोशल मीडिया में जारी किया है जिसमें भारतीय टीम की जीत के बाद के पलों को दिखाया गया है। इस वीडियो में दिख रह है कि सैमसन के विजयी शॉट लगाते ही डगआउट में मौजूद सभी खिलाड़ी खुशी से झूम उठते हैं। इसके बाद सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा मैदान पर दौड़ लगाते हैं। कप्तान सूर्यकुमार यादव टीम टीम के साथ मैदान में उतरते हैं और सैमसन से मिलते हैं। इसके बाद बाकी खिलाड़ी भी उनसे मिलते हैं। वीडियो के अंत में नजर आता है कि ड्रेसिंग रूम में पहुंचते ही सैमसन अपनी किट के आगे घुटने टेकते हैं और फिर हाथ जोड़कर ऊपर वाले का आभार जताते हैं। सैमसन ने मैच के बाद कहा, "मुझे लगता है कि पिछले गेम में हम पहले बल्लेबाजी कर रहे थे, तो बड़ा स्कोर बनाने पर ध्यान था। इस बार मैं पहली गेंद से ही बड़ा स्कोर बनाना चाहता था। लेकिन यह गेम बिल्कुल अलग था। मुझे लगता है कि जैसे ही मैं तेजी से खेलने जाना चाह रहा था तभी हम विकेट खो रहे थे। इसलिए मुझे लगा कि हमें एक साझेदारी की जरुरी है। मैं अत टिककर खेलने पर ध्यान देने लगा। मुझे कभी नहीं लगा कि मैं ऐसा कुछ खास कर पाऊंगा, लेकिन मैं बस अपनी भूमिका पर ध्यान दे रहा था। इस दैरान मैं एक बार में एक ही गेंद पर ध्यान दे रहा था। ये मेरी सबसे अच्छी पारियों में से एक रही।"

## संक्षिप्त

### तीरंदाज अंकिता भकत की नज़रें एशियाई खेलों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर लगी



**नई दिल्ली।** तीरंदाज अंकिता भकत आजकल 2026 एशियाई खेलों की तैयारियों में लगी हैं। अंकिता एशियाई खेलों में अच्छा प्रदर्शन करना चाहती हैं। इसमें वह अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ औसत स्कोर पार करना चाहती हैं। उनका मानना है कि अगर तकनीक पर पूरी पकड़ बन गई, तो वह बड़े मंच पर देश के लिए बड़ा पदक जीत सकती हैं।अंकिता ने अपनी मेहनत से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फिर से पहचान बनाई है। पिछले साल उसने दक्षिण कोरिया में विपरीत हालातों में अभ्यास किया था। पेरिस ओलंपिक 2024 में चौथे स्थान पर रहने के कुछ महीनों बाद ही उन्होंने खुद को और बेहतर बनाने का फैसला लिया। अंकिता ने टोक्यो ओलंपिक पदक विजेता कांग चेयॉन्ग और जांग मिन ही को भी हाल में हराया था, वहीं पेरिस ओलंपिक की सिल्वर मेडलिस्ट सु-ह्योन पर भी जीत दर्ज की। ऐसे में अब वह एशियाई खेलों को लेकर उत्साहित हैं। अंकिता ने बहुत कम उम्र में कोलकाता के सर्कस ग्राउंड से तीरंदाजी शुरू की थी। लकड़ी के धनुष से शुरुआत कर उन्होंने टाटा आर्चरी अकादमी, जमशेदपुर तक का सफर तय किया। 2016 में पहली बार भारतीय टीम में जगह मिली और तब से अब तक वह कई अंतरराष्ट्रीय पदक जीत चुकी हैं। 2023 एशियन गेम्स में टीम ब्रॉन्ज भी उनके खाते में है।पेरिस ओलंपिक में हालांकि कुछ निर्णायक तीर निशाने से रह गये थे जिससे वह असफल रहीं। अंकिता का साफ कहना है कि हर खिलाड़ी से कभी-कभी गलती होती है और वह उन पलों को सीख की तरह लेती हैं।

# अफगानिस्तान के भारत दौरे का कार्यक्रम घोषित, जून में न्यू चंडीगढ़ करेगा पहले टेस्ट की मेजबानी

**एजेंसी, नई दिल्ली**




भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को अफगानिस्तान के भारत दौरे के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। न्यू चंडीगढ़ का मैदान जून में एक ऐतिहासिक पल का गवाह बनने जा रहा है। यह मैदान 6 से 10 जून के बीच भारत और अफगानिस्तान के बीच खेले जाने वाले एकमात्र टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा। इसके साथ ही न्यू चंडीगढ़ भारत का 31वां टेस्ट वेन्यू बन जाएगा। यह मुकाबला अफगानिस्तान के भारत दौरे का हिस्सा होगा। अब तक इस मैदान पर आईपीएल मैच, एक पुरुष टी-20 अंतरराष्ट्रीय और कुछ महिला वनडे मुकाबले खेले जा चुके हैं, लेकिन यह पहला अवसर होगा जब यहां पांच दिवसीय टेस्ट मैच आयोजित किया जाएगा। मैच की शुरुआत प्रतिदिन सुबह 9:30 बजे (भारतीय समयानुसार) होगी। अफगानिस्तान का यह दौरा केवल टेस्ट मैच तक सीमित नहीं रहेगा। टेस्ट के बाद दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज भी खेली जाएगी। पहला वनडे 14 जून 2026 को धर्मशाला में, दूसरा 17 जून को लखनऊ में और तीसरा 20 जून को चेन्नई में आयोजित होगा। तीनों वनडे मुकाबले दोपहर 1:30 बजे से शुरू होंगे। अफगानिस्तान ने आखिरी बार भारत में 2024 में द्विपक्षीय सीरीज खेली थी, जो तीन मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला थी। भारत में दोनों टीमों के बीच अब तक केवल एक टेस्ट मैच खेला गया है, जो 2018 में बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में आयोजित हुआ था।

**अफगानिस्तान का भारत दौरा कार्यक्रमः**

**एकमात्र टेस्टः** 6-10 जून, न्यू चंडीगढ़ – सुबह 9:30 बजे

**पहला वनडेः** 14 जून, धर्मशाला – दोपहर 1:30 बजे


**दूसरा वनडेः** 17 जून, लखनऊ – दोपहर 1:30 बजे

**तीसरा वनडेः** 20 जून, चेन्नई – दोपहर 1:30 बजे

यह दौरा दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, खासकर टेस्ट क्रिकेट के लिहाज से, जहां अफगानिस्तान को भारत की मजबूत टीम के खिलाफ खुद को साबित करने का मौका मिलेगा।

# मिडिल ईस्ट संकट का असरः अल्बानिया में फंसे भारतीय पहलवान, सभी सुरक्षित

**एजेंसी, नई दिल्ली**



इजरायल-अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव का असर अब भारतीय खिलाड़ियों पर भी देखने को मिल रहा है। यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग रैंकिंग सीरीज में हिस्सा लेने गए 16 भारतीय पहलवान अल्बानिया की राजधानी तिराना में फंस गए हैं। मिडिल ईस्ट के बड़े हिस्से में हवाई क्षेत्र बंद होने और उड़ानों के रद्द होने के कारण उनकी वापसी प्रभावित हुई है। पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य तनाव के चलते कई देशों ने अपने हवाई अड्डे बंद कर दिए हैं और उड़ान संचालन पर प्रतिबंध लगा दिया है। भारतीय दल की वापसी दुबई के रास्ते होनी थी, लेकिन दुबई में हमलों के बाद कनेक्टिंग फ्लाइट रद्द कर दी गई, जिससे पूरी टीम को तिराना में रुकना पड़ा। महिला टीम की कोच मनजीत रानी ने वीडियो संदेश में बताया, "हम सीनियर रैंकिंग सीरीज के लिए तिराना आए थे, लेकिन दुबई में हमलों के कारण हमारी कनेक्टिंग फ्लाइट रद्द हो गई। फिलहाल हम एयरपोर्ट के पास एक होटल में ठहरे हुए हैं और यहां कोई दिक्कत नहीं है। हम भारत सरकार और भारतीय कुश्ती महासंघ का धन्यवाद करते हैं, जो हमारी मदद कर रहे हैं।" महिलाओं के 57 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीतने वाली नेहा सांगवान के पिता ने बताया कि टीम को आज दिल्ली पहुंचना था, लेकिन दुबई के रास्ते वाली उड़ान रद्द हो गई। अब वैकल्पिक मार्ग से वापसी की कोशिश की जा रही है। मुख्य महिला कोच वीरेंद्र दहिया ने कहा कि भारतीय कुश्ती महासंघ खिलाड़ियों की सुरक्षित वापसी के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि जल्द ही टीम को भारत लाया जाएगा। इसी तरह भारतीय पुरुष बास्केटबॉल टीम कतर की राजधानी दोहा में फंसी हुई है, जहां वह एफआईबीए विश्व कप 2027 क्वालीफायर में लेबनान के खिलाफ मुकाबले के स्थगित होने के बाद वापसी का इंतजार कर रही है। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और उनके कोच इरवांशाह आदी प्रतामा संयुक्त अरब अमीरात के दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर फंसे हुए हैं। हालांकि सभी भारतीय खिलाड़ी सुरक्षित बताए जा रहे हैं, लेकिन मिडिल ईस्ट में जारी तनाव ने उनकी वापसी को अनिश्चित बना दिया है।

# कोच अमेलिया के मार्गदर्शन में वियतनाम के खिलाफ उतरेगी भारतीय महिला फुटबॉल टीम

**» एएफसी महिला एशियन कप फुटबॉल**

**एजेंसी, पर्थ**



एएफसी महिला एशियन कप फुटबॉल में भारतीय महिला टीम 4 मार्च को वियतनाम के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। भारतीय टीम को इस मुकाबले में पूरी ताकत से उतरना होगा। इसका कारण है कि वियतनाम का प्रदर्शन पिछले कुछ समय में लगातार बेहतर हुआ है। नई मुख्य कोच अमेलिया वाल्वेर्दे, के मार्गदर्शन में भारतीय टीम का ये पहला मुकाबला होगा। ये मुकाबला टीम के लिए आसान नहीं होगा। वियतनामी टीम साल 2022 में क्वार्टरफाइनल में पहुंची थी। इस मुकाबले के बाद भारतीय टीम को दो बार की विजो जापान से खेलना होगा। ये मुकाबला भी काफी कठिन होगा क्योंकि जापान फीफा रैंकिंग में शीर्ष टीमों में से एक है। जापान की कई खिलाड़ी इंग्लैंड लीग में भी खेलती हैं, जिससे भी वह काफी बेहतर मानी जाती हैं। भारतीय टीम 10 मार्च को भारत चीनी ताइपे से खेलेगी। फीफा रैंकिंग में 67वें स्थान पर मौजूद भारत के लिए नॉकआउट चरण में पहुंचना बड़ी उपलब्धि होगी। कोच वाल्वेर्दे के अनुसार भारतीय टीम के पास सही मिश्रण और सही सोच है। मौजूद जानकारी के अनुसार भारतीय टीम में युवा जोश और अनुभव का संतुलन है। 2022 संस्करण में शामिल सात खिलाड़ी फिर से टीम में हैं, जबकि छह नए चेहरे पहली बार इस मंच पर उतरेंगे।इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल और क्वार्टरफाइनल में हारने वाली टीमों के बीच प्ले-ऑफ जीतने वाली दो टीमों को सीधे 2027 विश्व कप के लिए प्रवेश मिलो जबकि बच हुई टीमों को इंटर-कॉन्टिनेंटल प्ले-ऑफ के जरिये आगे जाना होगा। इस टूर्नामेंट में अगले 20 दिनों टूर्नामेंट में 12 टीमें 27 मुकाबलों में उतरेंगी जिससे एशियाई चैंपियन का फैसला होगा। इससे उनकी 2027 महिला विश्व कप और 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक की राह भी आसान होगी। मेजबान ऑस्ट्रेलिया के लिए यह टूर्नामेंट बेहद खास माना जा रहा है। स्टार खिलाड़ी सैम केर की कप्तानी वाली टीम की स्वर्णिम पीढ़ी के लिए घरेलू मैदान पर बड़ा खिताब जीतने का यह शायद आखिरी मौका हो सकता है।

# एमएलएस : मेसी के दो गोल की बदौलत इंटर मियामी ने ऑरलैंडो सिटी को 3-2 से हराया

**एजेंसी, ऑरलैंडो**



फ्लोरिडा डर्बी में स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो गोल दागे और अपनी टीम इंटर मियामी को मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में 10 खिलाड़ियों तक सिमटी ऑरलैंडो सिटी पर 3-2 से रोमांचक जीत दिलाई। मुकाबला रविवार को ऑरलैंडो के इंटरएंडको स्टेडियम में खेला गया। मैच की शुरुआत में ऑरलैंडो सिटी ने आक्रामक खेल दिखाया। पहले हाफ में मार्को पासालिक और मार्टिन ओहेडा ने छह मिनट के भीतर गोल दागकर मेजबान टीम को बढ़त दिला दी। दूसरे हाफ में इंटर मियामी ने रणनीति में बदलाव किया और फुल-बैक नोआ एलेन की जगह माटेओ सिलवेट्टी को मैदान पर उतारा। यह बदलाव तुरंत असरदार साबित हुआ। मैदान पर आने के चार मिनट के भीतर सिलवेट्टी ने टेलास्को सेगोविया के पास पर गोल कर टीम को मुकाबले में वापस ला दिया। इसके बाद सेगोविया ने एक और शानदार मूव तैयार किया और आठ मिनट बाद मेसी को असिस्ट दिया। मेसी ने बॉक्स के बाहर से बेहतरीन शॉट लगाते हुए 2026 सीजन में अपना पहला लीग गोल दागा और स्कोर बराबर कर दिया। मैच के 85वें मिनट में मेसी ने सेगोविया को पास दिया, जिन्होंने कर्लिंग शॉट के जरिए गोल कर मियामी को बढ़त दिला दी और टीम की वापसी पूरी की। इंजरी टाइम में ऑरलैंडो की मुश्किलें और बढ़ गईं जब कॉलिन गुस्के ने मेसी पर फाउल किया और दूसरा येलो कार्ड मिलने के बाद उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। इससे ऑरलैंडो सिटी 10 खिलाड़ियों तक सिमट गया। इसके बाद मेसी ने फ्री-किक पर शानदार गोल कर इंटर मियामी की जीत पक्की कर दी। इस जीत के साथ इंटर मियामी ने ऑरलैंडो सिटी के खिलाफ सभी प्रतियोगिताओं में अपनी पहली जीत दर्ज की।

RNI : JHAHIN/2014/54374
हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
Rashtria Mukhyadhara
राष्ट्रवादी चेतना प्रवर्त्तक
https://rashtriyamukhyadhara.com/
mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159
बोकारो, मंगलवार, 03 मार्च, 2026





# पूजा का गुलाल किस धातु के बर्तन में रखने से दूर हो सकती हैं परेशानियां?

**हिंदू धर्म में होली के दिन अबीर यानी कि गुलाल का विशेष महत्व है। अब ऐसे में पूजा का गुलाल किस धातु के बर्तन में रखना चाहिए। जिससे शुभ फलों की प्राप्ति हो सकती है।**

हिंदू धर्म में होली के दिन पूजा के गुलाल का विशेष महत्व है। यह न केवल रंगों का त्योहार है, बल्कि बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक भी है। इस दिन लोग एक-दूसरे को रंग लगाकर और गुलाल लगाकर खुशियां मनाते हैं। होली के दिन, भक्त अपने इष्ट देवताओं को रंग और गुलाल अर्पित करते हैं। यह माना जाता है कि ऐसा करने से देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है और घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है। राधा-कृष्ण की पूजा का इस दिन विशेष महत्व है।

भक्त उन्हें रंग-बिरंगे गुलाल से सजाते हैं और उनकी आराधना करते हैं। अब ऐसे में कई लोग भगवान को पूजा करने के दौरान सीधे गुलाल के पैकेट से ही रंग चढ़ा देते हैं, लेकिन इसे शुभ नहीं माना जाता है। आइए इस लेख में विस्तार से जानते हैं कि पूजा का गुलाल किस धातु के बर्तन में रखना शुभ माना जाता है?

पूजा के गुलाल को तांबे या पीतल के बर्तन में रखना सबसे शुभ माना जाता है। ये दोनों धातुएं शुद्ध और पवित्र मानी जाती हैं, और इनका उपयोग अक्सर पूजा-पाठ में किया जाता है। तांबा एक शुद्ध धातु है, और यह माना जाता है कि इसमें सकारात्मक ऊर्जा होती है। तांबे के बर्तन का उपयोग अक्सर धार्मिक अनुष्ठानों में किया जाता है, क्योंकि इसे पवित्र माना जाता है।

## पूजा का गुलाल भगवान को कैसे चढ़ाएं?

भगवान कृष्ण और विष्णु जी को पीला गुलाल चढ़ाना शुभ माना जाता है। आप चाहें तो उन्हें पीले रंग के फूल भी अर्पित कर सकते हैं। भगवान गणेश को लाल रंग का गुलाल चढ़ाना चाहिए। आप उन्हें लाल सिंदूर भी अर्पित कर सकते हैं। भगवान शिव को सफेद या नीला गुलाल चढ़ाना चाहिए। आप उन्हें बेलपत्र और धतूरा भी अर्पित कर सकते हैं।

देवी दुर्गा को लाल या गुलाबी गुलाल चढ़ाना चाहिए। आप उन्हें लाल चुनरी और फूल भी अर्पित कर सकते हैं। भगवान को गुलाल चढ़ाने के लिए, सबसे पहले उन्हें स्नान कराएं और नए वस्त्र पहनाएं। फिर, एक थाली में गुलाल और फूल रखें। भगवान की आरती करें और उन्हें गुलाल अर्पित करें। आप चाहें तो उन्हें मिठाई और फल भी अर्पित कर सकते हैं।



# रसभरे रंगों और उमंग का पर्व है होली

**होली रंगों का त्योहार है, रसभरे रंगों और उमंग भरे गीतों का पर्व है. यह फसल तैयार होने के बाद मस्ती की धुन में झूमते किसानों का उत्सव है, लोक आस्थाओं और सनातन परंपराओं का आयोजन है. कोई नहीं जो इसके रंग में रंगे बिना दामन बचाकर निकल जाए.**

भारतीय संस्कृति में प्रत्येक पर्व उत्सव के साथ-साथ आध्यात्मिक संदेश और जीवन दर्शन का प्रतीक होता है। उन्हीं पावन पर्वों में से एक है होली। जो रंगों, उल्लास और भक्ति का अद्भुत संगम माना गया है। फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाने वाला यह पर्व केवल बाहरी रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि अंतर्मन को प्रेम, करुणा और सद्भाव से रंगने का अवसर है। इस साल 3 मार्च को चंद्रग्रहण लगने जा रहा है। इसलिए सबसे बड़ा सवाल यह है कि रंग कब खेला जाएगा? ज्योतिष के अनुसार चंद्रग्रहण लगने के नौ घंटे पहले से सूतक काल प्रारंभ हो जाता है। सूतक काल में किसी भी तरह के धार्मिक उत्सव मनाने से परहेज किया जाता है। ऐसे में होली 4 मार्च 2026 को मनाया जाएगा। अगर शास्त्र सम्मत विधि की बात की जाए तो ग्रहण के समापन के उपरांत रंग खेल सकते हैं। इसलिए धुलंडी 4 मार्च को ही खेली जाएगी।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार होलिका दहन सूर्यास्त के बाद, यानी प्रदोष काल में करना शुभ माना जाता है। उस समय पूर्णिमा तिथि होनी चाहिए और भद्रा समाप्त हो चुकी हो। द्रिक पंचांग के अनुसार पूर्णिमा के शुरुआती समय में भद्रा का प्रभाव रहता है। भद्रा काल में कोई भी शुभ कार्य नहीं किया जाता। इसलिए होलिका दहन हमेशा भद्रा खत्म होने के बाद ही करना चाहिए, तभी इसका पूरा शुभ फल प्राप्त होता है।

## चंद्रग्रहण का समय

पंचांग के अनुसार इस बार होली के साथ ही चंद्रग्रहण भी लगने जा रहा है, जो भारत में दृश्यमान रहेगा। इसलिए सम्पूर्ण भारत में ग्रहण का सूतककाल भी लागू रहेगा। भारतीय समयानुसार, चंद्रग्रहण 3 मार्च को दोपहर में 3 बजकर 20 मिनट से प्रारंभ हो जाएगा। जिसका समापन शाम 6 बजकर 47 मिनट पर होगा। अगर कुल अवधि की बात की जाए तो इस बार का चंद्रग्रहण 3 घंटे 27 मिनट तक दिखेगा।

## प्रह्लाद की अटूट भक्ति

होली का मूल संबंध भक्त प्रह्लाद और उनके पिता हिरण्यकशिपु की कथा से जुड़ा है। हिरण्यकशिपु असुरराज था, जिसने अपने अहंकार में स्वयं को ईश्वर घोषित कर दिया था। किंतु उसका पुत्र प्रह्लाद भगवान विष्णु का अनन्य भक्त था। अनेक यातनाएँ देने के बावजूद प्रह्लाद की भक्ति अडिग रही। अंततः हिरण्यकशिपु की बहन होलिका, जिसे अग्नि से न जलने का वरदान प्राप्त था, प्रह्लाद को गोद में लेकर अग्नि में बैठ गई। किन्तु दैवीय न्याय देखिए, होलिका जलकर भस्म हो गई और प्रह्लाद सुरक्षित रहे। इसी स्मृति में होलिका दहन किया जाता है। यह दहन केवल लकड़ियों, गोबर के उपलों और बल्लों का नहीं, बल्कि अहंकार, क्रोध, ईर्ष्या और पाप प्रवृत्तियों का होता है।

## रंगों की होली

होलिका दहन के दूसरे दिन रंगों की होली खेली जाती है। यह दिन सामाजिक समरसता और आपसी प्रेम का प्रतीक है। छोटे-बड़े, अमीर-गरीब, जाति-पंथ के भेद मिटाकर सभी एक-दूसरे को रंग लगाते हैं। सनातन परंपरा में ब्रजभूमि में इस त्यौहार का विशेष महत्व है। वृंदावन और बरसाना की लठमार होली विश्व प्रसिद्ध है। इस त्यौहार राधा-कृष्ण की दिव्य लीलाओं की स्मृति है, जो ब्रज जी गलियों सहित पूरे भारत में आज भी जीवंत है। होली रंगों के पर्व के साथ पकवानों और मिठाई का भी त्यौहार है। इस पर्व में हर घर में तरह-तरह की मिठाइयां और पकवान बनाए जाते हैं। आइए जानते हैं इस त्यौहार पर बनाएं जाने वाले कुछ खास पकवानों के बारे में-

**गुझिया:** गुझिया एक खास पकवान है, जिसके बिना इस त्यौहार का पर्व अधूरा सा रहता है। यह पकवान भारतवर्ष के लगभग हर घर में बनाया जाता है और लोग होली के रंगों के साथ गुझिया खाना व खिलाना खूब पसंद करते हैं।

**दही बड़े:** दही बड़े भी इस त्यौहार का एक खास पकवान है जिसके बिना होली अधूरी सी लगती है। इस त्यौहार पर यह पकवान खास तौर पर ब्रज के घरों में अवश्य बनाया जाता है।

**गुलाब जामुन:** गुलाब जामुन एक प्रसिद्ध भारतीय मिठाई है, जिसके बिना उत्सव का रंग ही फीका पड़ जाता है, इसलिए हर घर में इस त्यौहार के उत्सव में इस मिठाई को जरूर शामिल किया जाता है। घर वाले खुद भी इस मिठाई को बड़े चाव के साथ खाते हैं और होली मिलन के लिए आए मेहमानों को भी गुलाब जामुन जरूर खिलाते हैं।

इन मिठाई और पकवानों के अलावा घरों में गाठिये, नमकीन पूड़ियां और मालपुए भी इस त्यौहार का जायका बढ़ाते हैं।



# इस दिन खेली जाएगी रंगों की होली

**होलिका दहन की तिथि पर लोगों में भ्रम की स्थिति है। 3 मार्च को साल का पहला चंद्र ग्रहण भी पड़ रहा है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार फाल्गुन मास की शुक्ल पक्ष चतुर्दशी तिथि सोमवार 2 मार्च को सायं 5:57 बजे समाप्त होगी, इसके बाद पूर्णिमा तिथि का आरंभ प्रदोष काल में होगा। शास्त्रसम्मत निर्णय के अनुसार 2 मार्च को शाम 6:15 से रात 8:47 बजे तक प्रदोष काल में होलिका दहन करना शुभ और श्रेष्ठ रहेगा।**

## मथुरा

3 मार्च को पूर्णिमा तिथि प्रदोष काल से पूर्व ही समाप्त हो रही है। उस दिन चंद्रग्रहण भी निर्धारित है। 3 मार्च को चंद्रग्रहण का सूतक प्रातः 6:20 बजे से प्रारंभ होगा। ग्रहण का स्पर्श दोपहर 3:20 बजे, जबकि सायं 6:47 बजे मोक्ष होगा। सूतक काल में मंदिरों के पट बंद रहेंगे और पूजा-पाठ, मूर्ति स्पर्श, भोजन बनाना व ग्रहण करना वर्जित रहेगा। बालक, वृद्ध और रोगग्रस्त व्यक्तियों के लिए शास्त्रों में नियमों में शिथिलता का प्रावधान है। इसलिए रंगों से होली 4 मार्च को खेली जाएगी। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि इस बार होली पर दुर्लभ खगोलीय संयोग देखने को मिलेगा। 2 मार्च की शाम 5:56 के उपरांत पूर्णिमा तिथि प्रारंभ हो रही है। 3 मार्च को चंद्र ग्रहण होगा। चंद्र ग्रहण के 9 घंटे पूर्व से सूतक प्रारंभ होते है। होलिका दहन पूर्णिमा तिथि में ही किया जाता है। सागर पंचांग के अनुसार 2 मार्च को ही होलिका दहन करना शुभ रहेगा।

## 4 को खेली जाएगी होली

ज्योतिषाचार्य अनीता पाराशर ने बताया कि होलिका दहन 2 मार्च सोमवार को शाम 6:22 बजे से रात 8:53 बजे तक शुभ मुहूर्त में किया जाएगा। 3 मार्च को चंद्रग्रहण और सूतक काल होने के कारण इस दिन होली खेलना संभव नहीं होगा।

चंद्रग्रहण का सूतक काल 3 मार्च को प्रात 6:20 बजे से शाम 6:40 बजे तक रहेगा। ग्रहण और सूतक के कारण इस दिन होली खेलना वर्जित रहेगा

इसलिए 4 मार्च बुधवार को होली खेली जाएगी।





# बहुसांस्कृतिक समाज के जीवंत रंगों का प्रतीक होली

होली पर्व भारत में धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया जाने वाला प्राचीन पर्व है। होली पर्व हिन्दू पंचांग के अनुसार फाल्गुल महीने के शुक्ल पक्ष के अंतिम दिन पूर्णिमा को मनाया जाता है। होली पर्व भारत में परंपरागत रूप से 2 दिन मनाया जाता है। पहले दिन फाल्गुन मास की पूर्णिमा को पूजा की होली मनाई जाती है। इस दिन होलिकादहन होता है। इस दिन गोबर के उपलों या लकड़ियों से भारत में जगह-जगह होली रखी जाती है। सभी लोग प्राचीन परंपराओं के अनुसार होली को पूजते हैं और रात में होलिकादहन होता है। जलती हुई होली के चारों ओर लोग परिक्रमा करते हैं तथा अपने और अपनों के लिए मनौतियां मांगते हैं। उत्तर भारत में होलिकादहन के दिन जलती हुई होली में गेहूं की बाली को भूनकर खाने की परंपरा है।

होली के दूसरे दिन चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा को धुलेंडी यानी कि खेलने वाली होली मनाई जाती है। धुलेंडी के दिन लोग एक-दूसरे को सुबह उठकर गुलाल लगाने जाते हैं। इस दिन छोटे अपने बड़ों से गुलाल लगाकर आशीर्वाद लेते हैं। इस दिन लोग एक-दूसरे पर रंग, अबीर-गुलाल इत्यादि फेंकते हैं और पारंपरिक रूप से होली मनाते हैं। इस दिन घर-घर जाकर लोगों को रंग लगाया जाता है। धुलेंडी के दिन भारत देश के गली-मोहल्लों में ढोल बजाकर होली के गीत गाए जाते हैं और नाच-कूद किए जाते हैं। ऐसी मान्यता है कि होली के दिन लोग अपने गले-शिकवे और आपसी कटुता भूलकर एक-दूसरे से गले मिलते हैं और पुनः दोस्त बन जाते हैं। रंगों से होली खेलने और नाचने-गाने का दौर दोपहर तक चलता है। इसके बाद लोग नहा-धोकर थोड़ा विश्राम करने के पश्चात नए कपड़े पहनकर सांझ में एक-दूसरे के घर मिलने जाते हैं। लोग अपनी कटुता भुलाकर गले मिलते हैं और एक-दूसरे को होली पर पारंपरिक रूप से बनाई जाने वाली गुजिया और अन्य मिठाइयां खिलाते हैं। अगर ब्रज की बात की जाए तो ब्रज में होली पर्व की शुरुआत वसंत पंचमी के दिन से ही हो जाती है। वसंत पंचमी के दिन ब्रज के सभी मंदिरों और चौक-चौराहों पर होलिकादहन के स्थान पर होली का प्रतीक एक लकड़ी का टुकड़ा गाड़ दिया जाता है और लगातार 45 दिनों तक ब्रज के सभी प्राचीन मंदिरों में प्रतिदिन होली के प्राचीन गीत गए जाते हैं। ब्रज की महारानी राधाजी के गांव बरसाने में होली से 8 दिन पहले फाल्गुन महीने की शुक्ल पक्ष की अष्टमी के दिन लड्डूमार होली से इस प्राचीन पर्व की शुरुआत होती है। इसके बाद फाल्गुन महीने की शुक्ल पक्ष की नवमी के दिन से लठमार होली की शुरुआत होती है, जो कि होली का त्योहार खत्म होने तक लगातार चलती है।

पूरे विश्वभर में मशहूर बरसाना की लठमार होली में (हुरियारिनें) महिलाएं, पुरुषों (हुरियारों) के पीछे अपनी लाठी लेकर भागती हैं और लाठी से मारती हैं। हुरियारे खुद को ढाल से बचाते हैं। इस लठमार होली को दुनियाभर से लोग देखने को आते हैं। यह होली राधारानी के गांव बरसाने और श्रीकृष्णजी के गांव नंदगांव के लोगों के बीच में होती है। बरसाने और नंदगांव के बीच लठमार होली की परंपरा सदियों से चली आ रही है। होली पर्व पूरे देश में परंपरा, हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया जाने वाला त्योहार है। होली पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। होली पर्व हमारे देश में उपस्थित बहुसांस्कृतिक समाज के जीवंत रंगों का प्रतीक है। होली पर्व देश में हमारी संस्कृति और सभ्यता के मूल सहिष्णुता और सौहार्द की भावना को बढ़ावा देने वाला पर्व है। इस पर्व को सभी लोगों को शांति, सौहार्द और भाईचारे की भावना से मनाना चाहिए। देश के सभी नागरिकों को इस दिन सांप्रदायिक भावना से ऊपर उठकर अपने गले-शिकवे और कटुता का परित्याग कर बहुलवाद की भावना से अपने आपको रंगना चाहिए जिससे कि देश में शांति, सौहार्द, समृद्धि और खुशहाली कायम हो सके।

RNI : JHAHIN/2014/54374
हिन्दी दैनिक
Rashtria Mukhyadhara
राष्ट्रीय मुख्यधारा
राष्ट्रवादी चेतना प्रवर्त्तक
https://rashtriyamukhyadhara.com/
mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159
बोकारो, मंगलवार, 03 मार्च, 2026





# सनी देओल-बॉबी और अक्षय खन्ना के कमबैक पर फराह खान की टिप्पणी

फराह खान इन दिनों अपने कुकिंग व्लॉग्स को लेकर चर्चा में रहती हैं। हाल ही में वे पॉडकास्टर रणवीर अल्लाहबादिया से बात करती दिखीं। इस दौरान उन्होंने देओल भाई यानी सनी देओल और बॉबी देओल के इंडस्ट्री में दमदार कमबैक पर बात करते हुए दोनों की तारीफ की। इसके अलावा उन्होंने अक्षय खन्ना का भी जिक्र किया। फराह ने कहा कि यह चैलेंजिंग काम है।

## नाकामी को बेकार मत जाने दो

दरअसल, व्लॉग के दौरान रणवीर ने फराह खान से कहा कि अक्षय खन्ना, सनी देओल और बॉबी देओल की जर्नी उन्हें बहुत इंस्पायर करती है। इस पर फराह खान ने भी रिएक्शन दिया। फराह खान ने कहा, 'यह बहुत अच्छा है। क्या कमाल की वापसी इनकी हुई है। वो बाहर होकर वापस आए हैं। यह तो और भी मुश्किल है। किसी ने कहा है, एक अच्छी नाकामी को कभी बेकार मत जाने दो। हमेशा उससे कुछ सीखो'।

## सनी, बॉबी और अक्षय खन्ना का कमबैक

बता दें कि अक्षय खन्ना फिल्म 'छावा' और फिर 'धुरंधर' में अपने किरदारों को लेकर खूब सुर्खियों में रहे हैं। 'धुरंधर' में तो उन्होंने रहमान डकैत के किरदार में पूरी महफिल ही लूट ली। इसी तरह बॉबी देओल ने लंबे वक्त बाद फिल्म 'एनिमल' से दमदार वापसी की थी। इसके बाद वे आर्यन खान निर्देशित सीरीज 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' में नजर आए। वहीं, सनी देओल ने 'गदर 2' से वापसी की और 'बॉर्डर 2' में भी उनका भौकाल रहा। इसे लेकर ही फराह ने तीनों सितारों की तारीफ की।
'तीस मार खान' को लेकर कही ये बात
फराह खान ने इस दौरान अपनी फिल्म 'तीस मार खान' के बारे में भी बात की और बताया कि कैसे फिल्म को रिलीज के वर्षों बाद भी बहुत प्यार मिल रहा है। फराह ने इस बारे में बात करते हुए कहा, 'जब 'तीस मार खान' रिलीज हुई थी, तो मेरी तो बैंड ही बजा के रख दी थी। मैंने सोचा, मैं इतना गलत कैसे जा सकती हूं, क्योंकि मुझे तो बहुत फनी लगी थी। अब मुझे लगता है, वाह। अभी अक्षय खन्ना का फिर से आना हुआ है तो लोग मुझे यह कोट कर रहे हैं'।



# 'वाराणसी' फिल्म को लेकर प्रियंका चोपड़ा ने किया बड़ा खुलासा

प्रियंका चोपड़ा ने ऐलान किया कि वे 'वाराणसी' फिल्म के साथ बॉलीवुड में वापसी कर रही हैं। यह फिल्म उनके करियर में लगभग 6-7 साल बाद पहली इंडियन फिल्म होगी। 'वाराणसी' फिल्म का निर्देशन एसएस राजामौली कर रहे हैं, जिन्हें दीपिका पादुकोण ने 'भारत के सबसे टैलेंटेड डायरेक्टर्स में से एक' बताया है। फिल्म में महेश बाबू लीड रोल में हैं और प्रियंका फीमेल लीड के तौर पर नजर आएंगी।

## क्यों हैरान हुए जिमी फैलन

प्रियंका ने शो पर बताया कि फिल्म की शूटिंग 14 महीने से चल रही है और अभी इसके अगले 6 महीने की शूटिंग बाकी है। शो के होस्ट जिमी फैलन भी इतने लंबे समय को सुनकर हैरान रह गए।

## फिल्म देगी नेक्स्ट लेवल

एक्सपीरियंस फिल्म को आईमैक्स फॉर्मेट में शूट किया जा रहा है, जिससे यह बड़े स्क्रीन अनुभव के लिए तैयार की जा रही है। प्रियंका ने कहा, 'हां, हम इसे शूट कर रहे हैं, तो बड़े थिएटर्स में ये फिल्म शानदार अनुभव देगी।' प्रियंका ने शूटिंग अनुभव को एक एडवेंचर बताया और कहा कि वह फिल्म को लेकर बहुत एक्साइटेड हैं। ऐसा बताया जा रहा है कि वाराणसी अप्रैल 2027 में रिलीज होगी।

## 'द ब्लफ' में नजर आईं प्रियंका

प्रियंका फिलहाल फिल्म 'द ब्लफ' में नजर आ रही हैं, जो 26 फरवरी को ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म में कार्ल अर्बन, इस्माइल क्रूज कॉर्डोवा, सफिया ओकले-ग्रीन, वेदांतेन नायडू भी अहम भूमिका निभा रहे हैं।



# 'भाई तेरा यार है' में लीड रोल निभाएंगे राघव जुयाल

**'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' की शानदार सफलता के बाद राघव अब पहली बार बतौर लीड एक्टर किसी फिल्म का हिस्सा बनने जा रहे हैं। इससे पहले वे 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' और 'किल' फिल्म में काम कर चुके हैं।**

वैरायटी इंडिया की रिपोर्ट्स के मुताबिक, राघव फिल्म 'भाई तेरा यार है' में नजर आएंगे। इस हफ्ते फिल्म की शूटिंग दोबारा शुरू हुई है। पहले शूटिंग शेड्यूल को बीच में ही रोकना पड़ा था क्योंकि राघव का पैर टूट गया था। उस वक्त पूरी टीम को लंदन से वापस लौटना पड़ा था। अब राघव पूरी तरह ठीक हो चुके हैं और फिल्म की शूटिंग फिर से पटरी पर आ गई है। इस फिल्म का निर्देशन विवेक अग्रवाल कर रहे हैं, जो 'आई सी यू' के लिए जाने जाते हैं, जिसमें अर्जुन रामपाल नजर आए थे। राघव के लिए यह फिल्म खास है क्योंकि इससे पहले किल और 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' में उन्होंने अहम भूमिकाएं निभाई थीं, लेकिन 'भाई तेरा यार है' में वह पहली बार लीड रोल में दिखाई देंगे।

# 'द व्हाइट लोटस' को ठुकराने की खबरों के बीच दीपिका का क्रिप्टिक पोस्ट

दीपिका पादुकोण इन दिनों एक हॉलीवुड प्रोजेक्ट को ठुकरा देने को लेकर सुर्खियों में हैं। दरअसल, बीते दिनों ऐसी खबरें आईं कि दीपिका हॉलीवुड की पॉपुलर ब्लैक कॉमेडी सीरीज 'द व्हाइट लोटस' के चौथे सीजन में नजर आ सकती हैं। मगर, अब मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि अभिनेत्री ने इसमें काम करने से इनकार कर दिया है। ऐसी खबरों के बीच दीपिका ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक क्रिप्टिक पोस्ट साझा किया है।
क्यों ठुकराया दीपिका ने ऑफर?
दीपिका पादुकोण भारतीय फिल्मों 'कल्कि 2' और 'स्पिरिट' से पहले ही कुछ कारणों से इनकार कर चुकी हैं। अब उन्होंने हॉलीवुड सीरीज से भी किनारा कर लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, दीपिका ने 'द व्हाइट लोटस' सीरीज में काम करने से इसलिए मना कर दिया, क्योंकि वे अपने किरदार के लिए ऑडिशन नहीं देना चाहती थीं। वहीं, सीरीज के मेकर्स ऑडिशन लेना चाहते थे।

## चुप रहना मुश्किल है

इस तरह की तमाम खबरों के बीच दीपिका पादुकोण ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसका सार यह है कि जब लोग शोर मचा रहे हों, आपको लेकर बातें हो रही हैं, तब चुप रहना चुन पाना मुश्किल होता है और यही असली ताकत है। दीपिका के पोस्ट में लिखा है, 'शांत रहना सबसे बड़ा फ्लेक्स है। कोई भी अपना आपा खो सकता है, तुरंत रिएक्ट कर सकता है। जोर से बात कर सकता है और शोर मचा सकता है। इसके लिए जीरो ताकत चाहिए। असली ताकत तब दिखती है जब अफरा-तफरी मच जाती है और आप झुकते नहीं हैं। जब ड्रामा आपको अपनी ओर खींचने की कोशिश करता है और आप जमीन पर टिके रहते हैं।

## शांत रहना एक सुपरपावर है

आगे लिखा है, 'शांत रहना कमजोरी नहीं है, यह मास्टरी है। यह जानना है कि आपको कुछ भी साबित करने, सब कुछ समझाने या हर किसी पर रिएक्ट करने की जरूरत नहीं है। जब दूसरे लोग घबराकर एनर्जी खर्च करते हैं, तो आप चुपचाप, साफ और जान-बूझकर आगे बढ़ते हैं। शोर की आदी दुनिया में, शांत रहना एक जबर्दस्त सुपरपावर है'।
रिपोर्ट्स के मुताबिक, ऑडिशन नहीं देने के फैसले के चलते दीपिका ने यह बड़ा प्रोजेक्ट ठुकरा दिया। साथ ही यह भी कहा गया है कि यह पहली बार नहीं है, जब दीपिका को इस सीरीज का ऑफर मिला हो। इससे पहले उन्हें तीसरे सीजन के दौरान भी ऑफर आया था।





# ऋषभ शेट्टी ने 'जय हनुमान' की शूटिंग पर दी अपडेट

अभिनेता-निर्देशक ऋषभ शेट्टी अपनी पत्नी प्रगति शेट्टी के साथ कर्नाटक के रायचूर जिले में स्थित मंत्रालयम गए। दंपति ने गुरु राघवेंद्र स्वामी को समर्पित गुरु वैभवोत्सव में भाग लिया और क्षेत्र भर से आए श्रद्धालुओं के साथ उत्सव में शामिल हुए। उनका यह दौरा राघवेंद्र स्वामी के जन्मदिन के मौके पर हुआ। इस दौरान अभिनेता ने अपनी आगामी फिल्म 'जय हनुमान' को लेकर भी बात की।

## अभी नहीं शुरू हुई 'जय हनुमान' की शूटिंग

इस दौरान ऋषभ शेट्टी राघवेंद्र स्वामी के वृंदावन के सामने बैठकर श्रद्धापूर्वक दर्शन करते हुए नजर आए। दर्शन के बाद मीडिया से बात करते हुए एक्टर ने कहा कि जब भी मैं मंत्रालयम आता हूं, मुझे मन की शांति मिलती है। रायरू के दर्शन होना मेरा सौभाग्य है। हम नियमित रूप से यहां आते रहते हैं। अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'जय हनुमान' के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि हाल ही में मुहूर्त हुआ है। अभी शूटिंग शुरू होनी बाकी है। हम हनुमान जी पर एक शानदार फिल्म बना रहे हैं, जिसमें एक अच्छा संदेश है।

## राघवेंद्र स्वामी पर फिल्म बना सकते हैं ऋषभ

अपने करियर के विकल्पों पर बात करते हुए ऋषभ शेट्टी ने कहा कि असल में, हम कलाकार हैं। अगर कोई निर्देशक कहानी सुनाता है और हमें किरदार पसंद आता है, तो हम उसे जरूर करेंगे। हर कलाकार अच्छे निर्माताओं के साथ ऐसे किरदार निभाने की उम्मीद रखता है। मंत्रालयम के रायरू यानी राघवेंद्र स्वामी पर आधारित फिल्म बनाने की संभावना के बारे में अभिनेता ने कहा कि मंत्रालयम के रायरू पर फिल्म बनाना आसान नहीं है, यह बहुत मुश्किल काम है। मैं अभी कुछ नहीं कह सकता, देखते हैं आगे क्या होता है।

## ट्रेलर के बाद दर्शक फिल्म की भव्यता समझ पाएंगे

निर्देशक प्रशांत वर्मा द्वारा निर्देशित 'जय हनुमान' अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। फैंस इस फिल्म को लेकर काभी उत्साहित हैं। इस उत्साह पर ऋषभ शेट्टी ने कहा कि जब टीजर और ट्रेलर रिलीज होंगे, तब लोग इसकी भव्यता को समझ पाएंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि दर्शकों को यह फिल्म पसंद आएगी। ऋषभ शेट्टी को आखिरी बार 'कंतारा: चैप्टर 1' में देखा गया था, जो 2025 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक थी।



# भंसाली सर संग फिर काम करना है, शाहरुख खान के बगल में बैठना ही मेरा ऑस्कर

संजय लीला भंसाली की महत्वाकांक्षी वेब सीरीज 'हीरामंडी' के ताजदार आपको याद होंगे। एक्टर ताहा शाह बादुशा को इस किरदार ने खूब प्यार और नाम दिया। वह अपनी फिल्म 'पारो: द अनटोल्ड स्टोरी' ऑफ ब्राइड स्लेवरी को लेकर चर्चा में हैं, जो 98वें ऑस्कर अवॉर्ड के कंटेंशन सूची तक पहुंची। यह फिल्म खरीदी-बेची जाने वाली दुल्हनों की दुर्दशा को दिखाती है। हालांकि, ऑस्कर नॉमिनेशन में यह आगे नहीं बढ़ पाई, मगर ताहा का कहना है कि ऑस्कर में आगे पहुंचने से ज्यादा मायने इस फिल्म, इस विषय का लोगों तक पहुंचना है। बातचीत में ताहा बताते हैं शाहरुख खान को देखकर ही उन्हें एक्टर बनने का जुनून चढ़ा, फिर जब किंग खान की बगल में बैठने का मौका मिला, तो मानो जैसे उन्हें ऑस्कर मिल गया। अपनी फिल्म के बारे में वह कहते हैं, 'ब्राइड स्लेवरी यानी खरीदी गई गुलाम दुल्हनों की जिंदगी पर ना के बराबर फिल्में बनी हैं। जबकि, ऐसी करीब 7000 औरतें हैं, जिनका कोई वजूद ही नहीं है।'

ताहा शाह 'पारो' के बारे में आगे बताते हैं, 'ये औरतें अपनी उम्र से 30-35 साल बड़े आदमी के साथ ब्याह दी जाती हैं। कभी-कभी तो ये 10-15 बार बेची जाती हैं, पर इन्हें ना तो एक बीवी का हक मिलता है, ना इज्जत। आदमी का मन भर जाए तो वह उसे दोबारा बेच देता है। उस औरत, जिन्हें पारो बुलाया जाता है, उनका अपने घर, बच्चों, किसी चीज पर हक नहीं होता। हम चाहते हैं कि उन्हें वो हक और इज्जत मिले। इन औरतों को पहचान मिलना ही हमारी सबसे बड़ी कामयाबी होगी।'

## शाहरुख खान को देखकर चढ़ा एक्टर बनने का जुनून

यूएई में पले-बढ़े ताहा शाह का हिंदी सिनेमा और एक्टिंग की ओर रुझान कैसे हुआ? यह पूछने पर वह बताते हैं, 'मेरी मम्मी जब यंग थीं तो एक्ट्रेस बनना चाहती थीं। उनको मौका भी मिला था, पर मेरी नानी ने मना कर दिया तो उनका सपना अधूरा रह गया। मां को फिल्मों का बहुत शौक था। वे फिल्में देखती थीं तो मैं भी देखता था। मगर एक्टिंग के बारे में नहीं सोचा था। फिर एक बार मैं वहां हो रहे अवॉर्ड शो में बहुत ही पीछे बैठा था। कुछ दिख नहीं रहा था, पर मजा आ रहा था, लेकिन तभी अचानक से लाइट्स बंद हुईं और मेरे बिल्कुल पीछे क्रेन पर शाहरुख खान खड़े थे। हम सब खुशी से चीखने लगे थे। उस वक्त मेरे अंदर भी एक्टिंग का जुनून जगा। मेरी खुशनसीबी रही कि मुझे शाहरुख खान की उपस्थिति में, उनके बगल में बैठने का मौका मिला है। वही मेरा ऑस्कर है।'

## भंसाली सर संग दोबारा काम करना है

साल 2011 में फिल्म 'लव का द एंड' से करियर शुरू करने वाले ताहा को 13 साल बाद संजय लीला भंसाली की सीरीज 'हीरामंडी' से पहचान मिली। वह कहते हैं, 'मैं संजय सर का जितना शुक्रिया करूं, वह कम है, क्योंकि मैं आज जहां पर भी हूं, उनकी वजह से हूं। उन्होंने मुझे इस काबिल समझा कि मुझे ताजदार का इतना अहम रोल निभाने को दिया। मैं उम्मीद करता हूं कि मैं उसके साथ न्याय किया हो और वह मुझे दोबारा अपने गाइडेंस में काम करने का मौका दें। मैं दोबारा उनके साथ काम करना चाहूंगा। संजय सर वो हीरा हैं, जिनकी चमक में रहकर हम भी बहुत कुछ सीख जाते हैं। एक बेहतर आर्टिस्ट, बेहतर क्रिएटिव इंसान बन जाते हैं।'

## मेरे पास कोई प्लान बी नहीं, मेरी सफलता में मां का 80% योगदान

ताहा का सफर और सफलता की राह बड़ी लंबी रही है। जब उनसे पूछा गया कि इस लंबे इंतजार में वह कैसे डटे रहे? तो जवाब मिला, 'मैंने हार इसलिए नहीं मानी, क्योंकि मेरा कोई दूसरा प्लान बी कभी था ही नहीं। मैं बहुत क्रिएटिव किस्म का आदमी हूं। सिर्फ एक्टिंग में ही मुझे खुशी मिलती है तो डटे रहने के अलावा मेरे पास कोई विकल्प ही नहीं था। फिर, मेरी मम्मी कहती थीं कि जब मैं नहीं थक सकती तो तुम कैसे थक सकते हैं। मेरे इस सफर में मेरा योगदान 20 पर्सेंट है, उनका 80 पर्सेंट है। उनके बिना इस उतार-चढ़ाव भरे प्रफेशन में बिल्कुल सर्वाइव नहीं कर पाता।'